जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, गुरुवार, 16 जनवरी, 2025 ▶▶ वर्ष 16 ▶▶ अंक 258 ▶▶ पृष्ठ 12 ▶▶ मूल्य 1.50 रु.



भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत

पेज: 10

## राजस्थान में एक्टिव हुआ नया पश्चिमी विक्षोभ

# जयपुर में बदला मौसम का मिजाज

### झमाझम बारिश से बढ़ी सर्दी, कोटा, अजमेर सहित कई जिलों में बरसात

### एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के कारण 12 गाड़ियां टकराईं





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, पाली सहित कई जिलों में बुधवार को बारिश हुई। सुबह से धूप-छांव का खेल चल रहा था। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे जयपुर में बूंदाबांदी हुई। इसके बाद करीब दो बजते-बजते रिमझिम बारिश शुरू हो गई।

करीब ढाई बजते-बजते राजधानी में झमाझम बारिश शुरू हो गई। चित्तौड़गढ़ के कपासन और आसपास के इलाकों में दोपहर 12 बजे तक हल्की बरसात होती रही। अजमेर के केकड़ी में दोपहर 1 बजे करीब 10 मिनट बारिश हुई। जयपुर समेत प्रदेश के 17 जिलों के लिए मौसम विभाग ने बुधवार के लिए अलर्ट जारी किया था। दूसरी ओर, कोहरे के कारण अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे पर श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में सुबह करीब साढ़े आठ बजे 12 गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गईं। इसके बाद 2 ट्रकों में आग लग गई। ट्रक में सवार दो लोग घायल भी हुए हैं। ड्राइवर्स ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। पिछले 24 घंटे में जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर समेत तमाम शहरों में मंगलवार को दिनभर मौसम साफ रहा और कई जगह धूप निकली। कोटा में सुबह से ही बादल छाए हुए थे। 10 बजे करीब 10 मिनट के लिए हल्की बारिश हुई। भीलवाड़ा में भी सुबह से ही बादल छाए हुए थे। करीब 11.15 बजे 10 मिनट के लिए बरसात हुई। कपासन (चित्तौड़गढ़) और आसपास के क्षेत्र में बुधवार सुबह की शुरुआत हल्के कोहरे के साथ हुई थी। इसके बाद बादल छाए और 10.15 बजे पांच मिनट तक तेज बारिश हुई। दोपहर करीब 12 बजे तक बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा। अभी भी बादल छाए हुए हैं।

### अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे पर 2 ट्रकों में आग लगी

सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर) क्षेत्र के ठेठार गांव के पास बीकानेर की ओर जा रहे ट्रक के पीछे कंटेनर ने टक्कर मार दी। ट्रक में लकड़ी के फट्टे लोड थे। टक्कर के बाद कंटेनर के केबिन में आग लग गई। धीरे-धीरे लकड़ी तक आग पहुंच गई। इसको देख ट्रकों के ड्राइवर केबिन से कूद गए। इस दौरान पीछे से आ रहे एक के पीछे एक अन्य वाहन भी टकराते गए। इनमें 8 ट्रक, 3 छोटे वाहन और 1 एनएचएआई की गाड़ी शामिल है। घटना की सूचना के बाद पीलीबंगा (हनुमानगढ़), राजियासर, हनुमानगढ़ की पुलिस मौके पर पहुंची थी। दोनों घायलों को पीलीबंगा के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### अगले दो सप्ताह तक सर्दी से राहत नहीं

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, राजस्थान में लोगों को तेज सर्दी से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद कम है। अगले 12 से 15 दिन तक प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य या उससे थोड़ा नीचे रह सकता है। वहीं 22-23 जनवरी को एक और हल्के प्रभाव का वेस्टर्न डिर्स्टबेंस आने की संभावना है। ऐसे में तापमान में बढ़ोतरी की संभावना फिलहाल कम नजर आ रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया बरी



**ढाका।** बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया को भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी कर दिया। साथ ही हाईकोर्ट द्वारा दी गई 10 वर्ष की जेल की सजा को पलट दिया।

### समस्तीपुर में एक मजदूर की मौत, 8 गंभीर घायल

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर के वैनी थाना क्षेत्र में एल्यूमीनियम फैक्ट्री का ब्यालर फटने से एक मजदूर की मौत हो गई है जबकि आठ मजदूर घायल हैं। घायलों को अस्पताल भर्ती करवाया गया है। पुलिस और प्रशासन पहुंच गया है और लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है।

### आज अनशन तोड़ेंगे पीके

**पटना।** बीपीएससी के मुद्दे पर अनशन कर रहे प्रशांत किशोर 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे अनशन तोड़ेंगे।



बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पीके से अनशन खत्म कराने की पहल की थी। पीके से कहा गया था कि छात्रों का प्रतिनिधिमंडल भेजें। समाधान निकालने का हर संभव प्रयास मिलकर करेंगे।

## भारतीय नौसेना में 'त्रिदेव' शामिल

### पीएम मोदी ने देश को समर्पित किए तीन नए युद्धपोत

### आईएनएस सूरत, नीलगिरी और वाघशीर देश को समर्पित

### पीएम मोदी को दिया गया 'गार्ड ऑफ ऑनर'

### मेड इन इंडिया हैं तीनों प्लेटफॉर्म

# पीएम मोदी बोले, भारत की समुद्री विरासत के लिए बड़ा दिन



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड पहुंचे। यहां उन्होंने आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। मुंबई पहुंचने पर पीएम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि ये तीनों प्लेटफॉर्म भारतीय नौसेना की क्षमता को सशक्त और प्रभावशाली बनाएंगे, जिससे हमारे सामुद्रिक हितों की सुरक्षा और भी मजबूत होगी। इस खास मौके पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया।

▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर



# एक ही परिवार के चार शव मिले

### मेहंदीपुर बालाजी स्थित धर्मशाला की घटना

### मृतक परिवार उत्तराखंड के देहरादून रायपुर के निवासी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**दौसा।** राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी कस्बे की एक धर्मशाला में मंगलवार देर रात एक परिवार के चार लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतकों में माता-पिता और बेटा-बेटी हैं, जो उत्तराखंड के देहरादून क्षेत्र के रायपुर के रहने वाले हैं।

ये सभी समाधि वाली गली स्थित राधा-कृष्ण आश्रम धर्मशाला में 12 जनवरी को कमरा किराए पर लेकर रुके थे और 14 जनवरी को दोपहर बाद चेक आउट करने वाले थे। शाम को सफाई कर्मचारी कमरे के बाहर पहुंचा तो वहां कोई हलचल नहीं दिखी। इसकी जानकारी मैनेजर को दी गई, जिसने पहुंचकर देखा तो गेट खुला हुआ था और कमरे में चार शव पड़े थे।

इस मामले की सूचना के बाद बालाजी चौकी व टोडाभीम थाना इंचार्ज टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि मृतक नितिन उपाध्याय व उसकी बेटी संकट ग्रस्त थे, जिसके इलाज के लिए ये परिवार बालाजी आया हुआ था। वे इससे पूर्व भी यहां आ चुके थे।

करौली एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया, प्रारंभिक स्थिति के अनुसार, प्रथम दृष्टया ये पॉइजनिंग से हुई मौत लग रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## 'राइजिंग राजस्थान समिट' के तहत ऊर्जा विभाग के एमओयू की समीक्षा बैठक

### प्रदेश को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार का लक्ष्य

# एमओयू का समय से करें क्रियान्वयन: सीएम शर्मा

### राइजिंग राजस्थान समिट में ऊर्जा के क्षेत्र में हुए सर्वाधिक एमओयू

### अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रतिमाह 11 व 26 तारीख को भेजें एमओयू की प्रगति रिपोर्ट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने तथा किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में राइजिंग राजस्थान के तहत ऊर्जा क्षेत्र में सर्वाधिक एमओयू किए गए हैं जिससे राज्य में ऊर्जा सुदृढ़ीकरण को गति मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के लिए हुए इन विभिन्न एमओयू को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत ऊर्जा विभाग द्वारा हुए एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को इन प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में आए निवेशक को राज्य में निवेश करने के लिए किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। यदि ऐसे प्रकरण सामने आते हैं तो संबंधित अधिकारी की जबावदेहिता तय की जाएगी।

▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

## बीकानेर में मिला जिंदा बम

### हड़कंप मचा, गड्ढे खोदे, सुरक्षित रखवाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बीकानेर।** जिले के महाजन कस्बे में एक बार फिर जिंदा बम मिलने से हड़कंप मच गया। बम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। पुलिस ने बम को गड्ढा खोदकर सुरक्षित रखवाया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार महाजन कस्बे के कंवरसेन लिफ्ट नहर की घोड़ा पुली के पास बुधवार को एक जिंदा बम मिलने से हड़कंप मचा गया। वहीं, मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों से जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने गड्ढा खोदकर बम को सुरक्षित रखवाया है।

# बरेली में ट्रेन पलटने की साजिश

### पटरी पर रखे पत्थर से टकराया इंजन

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में बरेली-पीलीभीत रेल खंड पर यात्री रेलगाड़ी का इंजन किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए बड़े पत्थर से टकरा गया, हालांकि किसी बड़ी हानि की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बुधवार को इस संबंध में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना सोमवार शाम पांच बजकर 45 मिनट की है जब टनकपुर से बरेली सिटी जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 75302 शाही रेलवे स्टेशन से रवाना होकर बिजौरिया रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। यात्री रेलगाड़ी का इंजन बिजौरिया रेलवे स्टेशन के पास किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए पत्थर से टकरा गया। हालांकि कोई बड़ी हानि नहीं हुई और लोको पायलट ने ट्रेन को समय पर रोक दिया। ट्रेन के बिजौरिया रेलवे स्टेशन पहुंचने पर लोको पायलट ने रेलवे अधिकारियों के साथ-साथ राजकीय रेलवे पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन का निरीक्षण करने के बाद उसे आगे की यात्रा के लिए रवाना करने की अनुमति दी। इज्जत नगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने कहा इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोपियों की पहचान कर तलाश की जा रही है।



### भजनलाल सरकार ने सीकर को फिर दिया झटका!

### प्रदेश में 3 पुलिस रेंजों को किया खत्म



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में पुलिस प्रशासन को बेहतर और अधिक संगठित बनाने के उद्देश्य से पाली, बांसवाड़ा और सीकर पुलिस रेंज को खत्म कर दिया गया है। अब प्रदेश में कुल सात पुलिस रेंज होंगी। इन रेंजों का पुनर्गठन किया गया है, जिसके तहत जयपुर और जोधपुर पुलिस रेंज सबसे बड़े रेंज बन गए हैं, जहां आठ-आठ जिले शामिल होंगे।

## अब भारत-बांग्लादेश के बीच सीमा विवाद

# दोनों देशों के बीच होगी वार्ता, दो बार बैठक स्थगित हो चुकी

**नई दिल्ली।** भारत-चीन के बीच लाइन ऑफ एक्चुल कंट्रोल और भारत-पाकिस्तान के बीच नियंत्रण सीमा पर टकराव के बाद अब भारत-बांग्लादेश के बीच भी नया सीमा विवाद शुरू हो गया है।

इससे दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। दोनों देशों के बीच सीमा-विवाद को सुलझाने के लिए आहूत की गई बैठक दो बार स्थगित हो चुकी है। अब महानिदेशक स्तर की वार्ता 16 फरवरी से दिल्ली में होने की उम्मीद है। इस बैठक के बाद भारत की ओर से सीमा पर बाड़ लगाने और बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद घुसपैठ की कोशिशों में बढ़ोतरी का मुद्दा चर्चा का प्रमुख एजेंडा रहेगा। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश का एक प्रतिनिधिमंडल 16 से 19 फरवरी के बीच भारत के सीमा सुरक्षा बल के साथ इस द्विवार्षिक वार्ता में चर्चा करेगा।



## अतीक के कब्जे से 20 बीघा जमीन मुक्त

### पीडीए बनाएगी 700 फ्लैट

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने माफिया अतीक अहमद से मुक्त कराई गई जमीन पर 700 फ्लैट बनाने की तैयारी कर रहा है। झलवा नैनी झूंसी और शहर के अन्य स्थानों पर कुर्क की गई जमीन पर आवासीय योजना शुरू करने के लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा गया है। इस योजना के तहत 150 फ्लैट नैनी 200 फ्लैट झूंसी और 350 फ्लैट झलवा में बनाए जाएंगे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि माफिया ने नजूल और अस्थान की 20 बीघा से अधिक जमीन पर कब्जा कर लिया था। पीडीए ने कब्जा मुक्त कराई गई जमीनों पर पीएम आवास योजना के तहत फ्लैट बनाने का प्रस्ताव शासन के पास भी भेज दिया है।

## एसडीएम थप्पड़कांड

### नरेश मीणा को नहीं मिली जमानत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** देवली-उनियारा उपचुनाव में एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले नरेश मीणा को बुधवार को भी जमानत नहीं मिली। मीणा को थप्पड़ मारने के बाद समरावता में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट ने नरेश मीणा की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस से केस डायरी मंगवाई है। अब इस मामले में एक सप्ताह बाद सुनवाई की जाएगी। दरअसल, हाईकोर्ट में आज समरावता गांव में हुई हिंसा के मामले में नरेश मीणा की ओर से जमानत याचिका लगाई गई थी।

### श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

# भगवान श्रीकृष्ण से सीखें संस्कार : डॉ. सुरेश शास्त्री



**धौलपुर।** श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन बुधवार को भागवत व्यास डॉ. सुरेश शास्त्री ने वामन अवतार, प्रह्लाद चरित्र और भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। जिसे सुनकर सभी श्रोता भक्ति में लीन हो गए। सन्त सेवकदास महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित कथा में उन्होंने श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं। उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भागवत व्यास डॉ. शास्त्री ने पहले धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार हुआ है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। उन्होंने प्रह्लाद चरित्र पर चर्चा करते हुए कहा कि हिरण्यकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया। तप से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए व कहा कि मांगों जो मांगना है। यह सुनकर हिरण्याक्ष ने अपनी आंखें खोली। और ब्रह्माजी को अपने समक्ष खड़ा देखकर कहा-प्रभु मुझे केवल यही वर चाहिए कि मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। उन्होंने उसे वरदान दिया। हिरणकश्यप के पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को शत्रु मानते थे। उन्होंने अपने पुत्र को मारने के लिए तलवार उठाया था कि खंभा फट गया उस खंभे में से विष्णु भगवान नरसिंह का रूप धारण करके प्रगट हुए। भगवान नरसिंह ने अत्याचारी दैत्य हिरण्याक्ष को पकड़ कर उदर चीर कर वध किया। उन्होंने कथा को आगे बढ़ाते हुए बताया कि जब धरा पर मथुरा के राजा कंस के अत्याचार अत्यधिक बढ़ गए, तब धरती की करुण पुकार सुनकर श्री हरि विष्णु ने देवकी माता के अष्टम पुत्र के रूप में जन्म लिया। इसी प्रकार त्रेता युग में लंकापति रावण के अत्याचारों से जब धरा डोलने लगी तब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने जन्म लिया, ऐसे तमाम प्रसंग श्रोताओं को सुनाएं, जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता भक्ति भाव में तल्लीन हो गए। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण ने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया। कथा के दौरान भजन गायक वीरेश दंडौतिया, संगीत शर्मा, दरोगा गौड, रिंकू, नितेन्द्र आदि ने भजनों के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कथा की समाप्ति पर मंदिर के महंत मनोजदास महाराज सहित रामस्वरूप शर्मा, मुकेश सूतैल, कृष्ण शुक्ला, रामप्रकाश गुर्जर, त्यागी बाबा, भरोसी बाबा, जगदीश निषाद, गंगा सिंह, विनोद शर्मा, धीरू पार्षद, रामावतार कुशवाह, गोविंद सेठ, सतीश सविता, भूपेंद्र गुर्जर आदि भक्तजनों ने कथापीठ की आरती की और प्रसादी का वितरण किया।

# रजत जयंती बसंतोत्सव 22 से



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** ढांढण धाम में अखिल भारतीय बसन्तोस्तव परिवार की ओर से रजत जयंती बसंतोत्सव मनाया जा रहा है। श्रीढांढण शक्ति भक्त मण्डल चूरू के पदाधिकारी ने बताया कि दादीजी की दिव्य ज्योत रथ यात्रा के माध्यम से सम्पूर्ण भारत भ्रमण करते हुए 21 जनवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे चूरू श्रीधोली सती दादी मंदिर, पंखा रोड पहुंचेगी। जहा से शोभायात्रा के रूप में मुख्य बज़्ज़ार होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंचेगी एवं सांय विशाल भजन संध्या का आयोजन श्री राम मंदिर में ही होना सुनिश्चित हुआ है।इसी क्रम में ज्योत यात्रा आने के पश्चात दोपहर 01 बजे श्री धोली सती दादीजी मंदिर से शोभायात्रा रवाना होगी जो कि जौहरी सागर, सुभाष चौक, घंटाघर, गढ़ चौराहा, रामगढ़िया दरवाजा, आलोक सिनेमा होते हुए श्री राममंदिर लगभग 05 बजे पहुंचेगी। श्री राम मंदिर आने के पश्चात सांय 06 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें देश के प्रसिद्ध गायक कलाकार भजनों से प्रस्तुति देंगे। शोभायात्रा में गौ माता, उंट, घोड़ी, देश के प्रसिद्ध महाराष्ट्र के ढोल बैंड वादक, मनमोहक झांकियां होगी। श्री टीडा गेला दादीजी की ज्योत यात्रा गत 11 दिसंबर को श्री दाढ़ण धाम से रवाना हुई थी एवं अग्रोहा, पानीपत, दिल्ली, वृंदावन, मथुरा, कानपुर, वाराणसी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सिलीगुड़ी, बंगाईगांव, उदालगुडी, इटानगर, डिब्रूगढ़, जोरहाट, नौगांव, कंकीधाम, कोलकाता, टाटानगर, रांची, सम्बलपुर, रायपुर, बिलासपुर, कटनी, भोपाल, उज्जैन, हैदराबाद, अनंतपुर, बेंगलुरु, बेलगाम, पुणे, मुम्बई, सुरत, अहमदाबाद, पाली, किशनगढ़, नावां, जयपुर, लक्ष्मणगढ़, चुरु, रतनगढ़, फतेहपुर होते हुए रोलसाबसर पहुंचेंगी। आगामी 23 जनवरी 25 को रोलसाबसर से विशाल पदयात्रा के रूप में हजारों भक्तों, हाथी, घोड़े, ऊट, भजन प्रस्तुत करते विख्यात गायकवृंद से सुसज्जित लवाजमा एवं मनोरम झांकीयों के साथ श्रीटीडा गेला दादीजी के परम धाम ढ़ाढण पहुंचेंगी। 24 से 26 जनवरी को मैया के धाम में विराट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें विश्व विख्यात गायकवृंद कविता पोडवाल, अनुप जलोटा, लखबीर सिंह लख्खा, किशन भगत आदि श्री दादीजी के दरबार में शामिल होंगे। श्रीदादीजी के दरबार श्रीशक्ति मंदिर को कोलकाता से विशेष कलाकारों द्वारा नित्य नए विभिन्न फूलों का श्रृंगार से सुसज्जित करेंगे एवं अद्भुत श्रृंगार दर्शनार्थ प्रस्तुत करेंगे।

# पेंशनर समाज प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राजस्थान पेंशनर समाज की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की संयुक्त बैठक प्रदेश कार्यालय जयपुर में मंगलवार को आयोजित की गई जिसमें सरकार के समक्ष प्राथमिकता से रखी जाने वाली प्रमुख मांगों का मांग पत्र तैयार करने, पेंशनर समाज के संविधान में संशोधन करने, मासिक पत्रिका के प्रकाशन व वितरण, पूर्व न्यायाधीश डी. एस. नकारा की मूर्ति स्थापित करने आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये जिला अध्यक्षों व उनके प्रतिनिधियों ने चर्चा में भाग लिया एवं सुझाव दिये। चूरू के जिला सचिव पूरनमल सोनी ने चर्चा में भाग लेते हुए जिले के पेंशनरों की समस्याओं को रेखांकित करते हुए शीघ्र समाधान करवाने का आग्रह किया। जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तंवर ने मासिक पत्रिका के वितरण के सम्बन्ध में उपयोगी सुझाव दिए। प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर एवं प्रदेश महामंत्री किशन शर्मा ने जिले के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार कर शीघ्र समाधान करवाने में सहयोग करने तथा मांग पत्र में शामिल करने का आश्वासन दिया। चूरू जिले के प्रतिनिधियों में पेंशनर सत्येंद्र कुमार शर्मा भी उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा रिफ्लेक्टर टेप लगाकर दी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** सड़क सुरक्षा माह-2025 'परवाह' के कार्यक्रमों के अंतर्गत चूरू शहर में संचालित गैर परिवहन यानों, तिपहिया वाहनों, घोड़ा गाड़ियों एवं उंट गाड़ियों पर एसडीएम विजेन्द्र सिंह के निर्देशन में परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम द्वारा रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये। जिसमें परिवहन निरीक्षक कन्हैयालाल यादव, गार्ड राकेष कस्वां, जितेन्द्र ढ़ाका एवं चालक विजय कुमार सैनी मौजूद रहे। इसी क्रम में आज ढ़ाढ़र टौल प्लाजा पर निःषुल्क नेत्र जांच षिविर का आयोजन सालासर टोल रोड़ प्रालि एवं परिवहन विभाग के सहयोग से किया गया। जिसमें चालकों की नेत्र जांच, निःषुल्क मलम कतवचे व अन्य औषधियां वितरित की गई। वाहन चालकों को चष्मे के नम्बर भी दिये गये। नेत्र जांच षिविर में डॉ. प्रषांत कुमार, नेत्र विषेषज्ञ राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल चूरू, डॉ. अभिमन्यू चौहान, नेत्र विषेषज्ञ सी.एच.सी. रतननगर चूरू व पैरामेडिकल टीम टोल प्लाजा ढाढर ने अपनी सेवायें दी। इस कार्यक्रम में परिवहन निरीक्षक कन्हैयालाल यादव, टोल प्लाजा मैनेजर सुरेन्द्र सिंह, आर.पी.ओ जितेन्द्र सिंह शेखावत, रोड सेफ्टी ऑफिसर टोल प्लाजा ढाढर प्रदीप कुमार माथुर एवं समस्त टोल कर्मी एवं परिवहन विभाग के संविदा गार्ड मौजूद रहे।

# 130 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण



**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कबीर उच्च माध्यमिक विद्यालय में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू व अणुव्रत समिति चूरू के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को गरम स्वेटर वितरित किए गए। रेड क्रॉस सोसाइटी के जगदीश शर्मा ने बताया की समिति अध्यक्ष अभिषेक सुराणा जिला कलेक्टर की प्रेरणा से विद्यालय के 130 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, बिजेंद्र दाधीच सहायक निदेशक शिक्षा विभाग व अणुव्रत समिति की संयोजिका रचना कोठारी, चांद छाजेड़, महेंद्र पारख, एडवोकेट ताहिर खान, संजय बरडिया व लोकेश कोठारी विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर बड़ी मात्रा में वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विद्यालय की प्रभारी कुंतेश सोनी ने रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा करवाए गए। इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** स्थानीय पुलिस ने एक वर्ष पूर्व कस्बा फुलेरा में घर में घुसकर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि 02 जून 2024 को परिवादी ने थाने पर लिखित में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई कि प्रार्थी नाथूलाल निवासी फुलेरा के मकान मे किराये रहता है । तथा परिवार सहित अपने घर झुन्झुनू गया था। 02 जून 2024 को सुबह पड़ोसी सूचित किया कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है । जिस पर उन्होने मकान मालिक तथा पुलिस को तुरंत सूचना दी। जब मैं घर पहुंचा तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था और अन्दर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था तथा सभी कमरो के ताले टूटे हुए थे। चोर होण्डा एक्टिवा स्कूटी व लेपटॉप तथा 3500 रूपये नकद चुराकर ले गये। रिपोर्ट पर पूलिस थाने पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गए विशेष अभियान को मध्यनजर रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामिण रजनीश पूनियां आरपीएस, वृताधिकारी वृत सांभरलेक अनुपम मिश्रा आरपीएस के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा बाबुलाल उप निरीक्षक के नेतृत्व में प्रकरण में माल मुल्जिमान की तलाश हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनकी सहायता द्वारा चोरी करने वाले वांछित आरोपी का पता लगाया तो प्रकरण में दीपक कुमार वर्मा पुत्र श्री बनवारीलाल जाति बलाई उम्र 22 साल निवासी पापडी थाना विराटनगर जिला कोटपूतली-बहरोड़ द्वारा चोरी करना पाया गया जो वर्तमान में जेल में होने से प्रोडक्शन वारण्ट पर जेल से प्राप्त कर बाद अनुसंधान प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। चोरी हुई स्कुटी को 07 जनवरी 2025 को पुलिस थाना अजीतगढ से तस्वर जप्ती जप्त किया जा चुका है। मुल्जिम दीपक कुमार वर्मा पुत्र बनवारी लाल जाती बलाई उम्र 22 सालनिवासी पापड़ी थाना विराटनगर जिला कोटपूतली पुर्व मे भी चोरी के प्रकरणों मे गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है।

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, राजस्थान के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, आरएसएलडीसी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना राज्य के युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है। यह योजना न केवल युवाओं को रोजगार के योग्य बना रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर कर रही है। आरएसएलडीसी के नेतृत्व में इस योजना के तहत राजस्थान के कोने-कोने में कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां युवाओं को उभरते हुए औद्योगिक क्षेत्रों के अनुरूप आधुनिक और प्रासंगिक कौशलों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह योजना राज्य के युवा वर्ग के लिए रोजगार के बेहतर अवसर खोलने में मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तीन प्रमुख कार्यक्रमों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। राजविका के तहत 223 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 123 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है. और योजना का लक्ष्य 30,000 युवाओं को प्रशिक्षित करना है। सक्षम के लिए 92 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 62 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है। इसका उद्देश्य 12,000 युवाओं को प्रशिक्षित करना है। समर्थ में 241 आवेदन प्राप्त हुए है, और 159 एजेंसियों को एम्पैनल्ड किया गया है। इसके तहत 8,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। एजेंसियों के लिए उच्च मानदंड: आरएसएलडीसी द्वारा इस योजना में भाग लेने वाली एजेंसियों के लिए उच्च मानदंड निर्धारित किए गए हैं। एजेंसियों के औसत वार्षिक टर्नओवर और सक्रिय कौशल विकास केंद्रों की संख्या में वृद्धि की गई है। साथ ही ग्रीन जॉब्स पर्यावरण संबंधित नौकरियां, फ्यूचर स्किल्स भविष्य के कौशल, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी पर्यटन और आतिथ्य, हैंडीक्राफ्ट्स हस्तशिल्प और फूड प्रोसेसिंग खाद्य प्रसंस्करण जैसे उभरते क्षेत्रों के पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जा रही है। है। केवल वही एजेंसियां आवेदन कर सकती हैं जो इन क्षेत्रों में गहन अनुभव रखती हों और उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग प्रदान कर सकें। मॉनिटरिंग की पुख्ता व्यवस्था इस योजना के तहत प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र की मॉनिटरिंग आईपी कैमरों के माध्यम से की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी केंद्रों में गुणवत्ता वाली शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। यह मॉनिटरिंग सिस्टम आरएसएलडीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हर एक युवा को बेहतरीन प्रशिक्षण मिले और वे अपनी क्षमताओं का पूर्ण विकास कर सकें।

**युवाओं के लिए योजना के लाभ :** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार और आजीविका के नए अवसर मिलेंगे। इस योजना के जरिए न केवल युवाओं को उन्नत कौशल प्रदान किए जाएंगे, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# स्व.गुड्डी जोशी की पुण्य स्मृति में की साधुओं और गौवंश की सेवा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** गुड्डी जोशी की पुण्य स्मृति में आज देव किशन स्मृति सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वावधान में रघुनाथ प्रसाद जोशी परिवार द्वारा ताल वाले बालाजी मंदिर के अन्नक्षेत्र में साधुओं को मिठाई व भोजन वितरण किया गया। स्थानीय अन्नपूर्णा रसोई मे लाभार्थियों को निशुल्क भोजन तथा श्री कृष्ण पिंजरापोल गौशाला मैं गायों को लापसी खिलाई गयी एवं चूरू रोड़ पिंजरापोल गौशाला में चारे की एक पिकअप का सहयोग किया गया। गौशाला स्टाफ ने सभी का स्वागत करते हुए गौसेवा के लिए जोशी परिवार का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर समिति के सीताराम जगिड़, सीताराम शर्मा, नरोत्तम लाल सोनी, योगाचार्य सांवरमल जांगिड़, अनूप जोशी, जितेन जोशी, देवेंद्र यादव, वैध लक्ष्मीनारायण शर्मा, दिनेश भाटी, राधेश्याम पारीक, रणजीत चौधरी, सी ए अरुण शर्मा, सचिन शर्मा, अशोक रांकावत, मनोज इंदौरिया, रामदेव पारीक, डॉक्टर हंसराज सुथार, लक्ष्मीनारायण सोनी, गजेन्द्र शर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 16 जनवरी गुरुवार को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर अटल जन सेवा केंद्र में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया जायेगा।

### दो स्थानीय अवकाश किए घोषित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में दो स्थानीय अवकाश घोषित किए है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिले में कैलेंडर वर्ष 2025 ग्रेगोरियन ई. शक संवत 1946-47 के दौरान देवछठ मचकुंड मेला 29 अगस्त एवं करवा चौथ 10 अक्टूबर का स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### गेहूं खरीद हेतु किसान कराएं पंजीकरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद 10 मार्च से 30 जून तक किया जायेगा। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद का कार्य ऑनलाइन माध्यम से किया जायेगा एवं इसके लिये राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है। पोर्टल का लिंक खाद्य विभाग की वेबसाइट पर गेहूँ खरीद हेतु किसान रजिस्ट्रेशन नाम से उपलब्ध है। खरीद हेतु किसान पंजीकरण का कार्य 1 जनवरी से प्रारंभ कर दिया गया है।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों ने गायों को खिलाया गुड़



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल का जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने हनुमानगढ़ी गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर मनाया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत मेघवाल ने बताया कि गाय सेवा करने से मनुष्य के कष्टों का निवारण होता है। इसलिए हर मनुष्य को अपने जीवन में गाय की सेवा करनी चाहिए। गाय की सेवा करने से मन को शांति मिलती है। सेवाभाव से किया कार्य कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र कंवल, मोर्चा महामंत्री दीनदयाल खारडिया, उपाध्यक्ष किशोर सातड़ा, जिला मंत्री नितिन हठवाल, मंडल अध्यक्ष अमित कंवल, कुलदीप कंवल आदि मौजूद रहे।

### महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को करें लाभान्वित : सीएमएचओ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** ब्लॉक देवगढ़ एवं भीम में सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय समीक्षाओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। सीएमएचओं ने प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं पर चर्चा कर जरुरमंद को लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने आभा आईडी बनाने, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में रजिस्ट्रेशन करवाने, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में ईकेवाईसी एवं कार्ड वितरण करने, पीएमजेएवाई योजना के तहत वय वंदन कार्ड, मां वाउचर योजना पर चर्चा की। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत लक्ष्यों को पूरा करने तथा कार्यक्रम पुरूषों की सहभागिता के लिए सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों को निर्देशित किया कि चिकित्सा संस्थान पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का ओपीडी में गैर संक्रामक रोगो की रोकथाम के लिए हैल्थ स्क्रीनिंग, आभा आडी बनाने, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में रजिस्ट्रेशन का कार्य अनिवार्य रूप से तत्काल शुरू किया जाए।

### क्षतिग्रस्त लाइन की 20 दिन बाद भी नहीं की मरम्मत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद/चारभुजा।** कस्बे में प्रतिदिन हजारों लीटर व्यर्थ पानी बहने के बावजूद भी विभाग द्वारा अनदेखी की जा रही है । चारभुजा के ब्राह्मणों का चौक रास्ते पर जैन मंदिर के पास नवनिर्मित बनने जा रहे हैं उपासरा की जमीन पर कार्य के चलते खुदाई के तहत विभाग की 6 इंच लाइन 20 दिन पूर्व कार्य के दौरान जेसीबी से टूट गई थी। जहां पर 5 दिनों तक कस्बे में सप्लाई बाधित रही। इसके बाद कार्मिकों ने इसकी मरम्मत तो की। लेकिन, लीकेज को दुरस्त नहीं किया गया। जिससे 20 दिन बाद बुधवार को पुनः एक बार लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। जहां पर हजारों लीटर पानी व्यर्थ बन गया। जैन समाज के ट्रस्टियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से लाइन की अनदेखी करने से उनमें काफी रोष व्याप्त है।

### विधायक माहेश्वरी ने लिया प्राण-प्रतिष्ठ महोत्सव में भाग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** राजनगर की सेन कॉलोनी स्थित नागेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा आयोजित पंच दिवसीय नागेश्वर महादेव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। उन्होंने नव निर्मित भव्य शिव मंदिर का अवलोकन किया और शिव परिवार की परम पवित्र मूर्तियों का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया। विधायक माहेश्वरी ने सभी को भव्य धार्मिक अनुष्ठान की शुभकामनाए प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों का संरक्षण होता है और समाज को एकजुट होकर आध्यात्मिक प्रेरणा मिलती है।

# वन नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत विधानसभा का सदन हो रहा है डिजिटलः वासुदेव देवनानी

## विधायकों को आईपेड पर नेवा का दिया गया ऑनलाईन भौतिक प्रशिक्षण



### तकनीकी युग की आवश्यकता अनुसार राजस्थान विधानसभा को बनाया जा रहा है पेपरलैस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि इस सूचना एवं तकनीकी युग में डिजिटल पद्धति से कार्य किया जाना समय की आवश्यकता है। राजस्थान विधान सभा भी इस क्षेत्र में निरंतर आगे बढे, इसके लिये वन नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत विधान सभा में यह प्रयास किया जा रहा है। राजस्थान विधान सभा का सदन सूचना तकनीक के साथ नये कलेवर में तैयार हो गया है। सदन में 200 विधायकों की सीटों पर आईपेड लगाये गये है। इन आईपेड के माध्यम से विधायकगण सदन में ऑनलाईन पद्धति से विधान कार्यों का सम्पादन कर सकेगें।

देवनानी की अध्यक्षता में विधान सभा के सदन में आयोजित समारोह में लगभग एक सौ दस विधायकगण ने बुधवार को आइपेड के माध्यम से सदन से संबंधित कार्यों को करने का एक दिवसीय प्रशिक्षण लिया। लोक सभा सचिवालय से आये नेता और एनआईसी के अधिकारियों ने तकनीकी प्रशिक्षण दिया। विधायकगण को विधान संबंधी कार्य सम्पादित करने के लिये आईपेड पर दिये गये भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अब विधायकगण ऑफलाइन के साथ-साथ नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन पद्धति से भी कार्य सम्पादित कर सकेगे। देवनानी ने कहा कि वन नेशन-वन एप्लीकेशन नेवा के तहत राजस्थान विधान सभा के सदन में भी लोकसभा व राज्यसभा की तर्ज पर विधान संबंधी कार्य होगें।

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधानसभा के सभागार में सदस्यों की सीटों पर कम्प्यूटर उपकरण स्थापित करने और विधानसभा सचिवालय को पेपरलैस किये जाने हेतु नेवा प्रोजेक्ट के तहत विधायकगण को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के तहत विधान सभा को डिजिटलाईज परियोजना के तहत केन्द्र व राज्य सरकार के वित्त का उपयोग 60 व 40 के अनुपात में किया गया है।

**सदन में विधायकगण की प्रत्येक सीट पर लगा है आई-पैडः-** देवनानी ने बताया कि सदन में विधायकगण की प्रत्येक सीट पर एक आई-पैड लगाया गया है। एक लैपटोप मय प्रिन्टर विधायकगण को उनके आवास के लिए भी उपलब्ध कराया जायेगा। इस परियोजना में 12.61 करोड़ रूपये की राशि व्यय हुई है। इस राशि में 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार एवं 40 प्रतिशत भागीदारी राज्य सरकार की है।

**विधायकों को प्रशिक्षण सदन में भी तकनीकी मदद मिलेगीः-** देवनानी ने बताया कि विधानसभा में नेवा सेवा केन्द्र (ई लर्निंग कम ई-फैसिलेशन सेन्टर) की भी स्थापना की जा रही है। इस केन्द्र के तकनीकी अधिकारी विधायकगण, अधिकारियों व कर्मचारियों को नेवा मॉड्यूल्स की जानकारी उपलब्ध करायेगें। केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण सामग्री अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जायेगी। देवनानी ने कहा कि सत्र के दौरान विधायकगणों की सुविधा के लिए प्रोजेक्ट के तहत सदन में सहायता उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी कर्मचारी मौजूद रहेंगे। जिस भी विधायकगण को ऑनलाईन कार्य करने में असुविधा होगी उसके लिए मौके पर ही तकनीकी सहायता उपलब्ध करा दी जायेगी।

**सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित होगा विधान सभा में:-** देवनानी ने बताया कि विधान सभा में विधायकगणों को ऑनलाईन कार्य करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिये सात दिवस का व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत विधान सभा समितियों की बैठकों में ही विधायकगण को आईपेड पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। विधायकगण के लिये यह प्रशिक्षण निरंतर जारी रखें जायेगें ताकि यह कार्य पद्धति उनके स्वभाव में आ सके और विधान सभा की कार्यवाही पेपरलैस हो सकें।

### आज आयोजित होगा जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 16 जनवरी, 2025 (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

# सीएम भजनलाल शर्मा ने डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह से की मुलाकात



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बीलवा स्थित राधास्वामी सत्संग ब्यास केन्द्र पहुंचे। उन्होंने राधास्वामी ब्यास के डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लो से आत्मीय मुलाकात की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लो से आध्यात्म, सामाजिक मूल्यों, समाज में व्याप्त कुरीतियों आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# राष्ट्रहितम मम कर्तव्यम् थीम पर 'द ढूंढाड़ टाक्स-2025' कल से

## पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में जुटेंगी देश जानी-मानी हस्तियां

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** 'द ढूंढाड़ टाक्स-2025' राजधानी जयपुर मे 17-18 जनवरी को सीतापुरा स्थित पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी कॉलेज में आयोजित होगा। प्रदीप गोपाल स्मृति न्यास सांगानेर, एयू बैक एवं पूर्णिमा ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में दर्जनों वक्ता ''राष्ट्रहितम मम कर्तव्यम'' थीम पर विचार साझा करेंगे। दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न विशेषज्ञों की उपस्थिति में आठ संवाद सत्र होंगे।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. बुद्धिप्रकाश शर्मा ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि 17 जनवरी सुबह 9:30 बजे उद्घाटन समारोह होगा। 'स्व की ओर भारत थीम' आधारित प्रथम सत्र में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह-प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी संबोधित करेंगे। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के




सांगानेर विभाग के प्रचार प्रमुख देवेंद्र भारद्वाज और उद्योगपति अक्षय गुप्ता भी उपस्थित रहे।

**डेटिंग एप, फिल्म, युवा पर करेंगे विचार साझाः-** दूसरे सत्र में ऑर्गेनाइजर मैगजीन के संपादक प्रफुल केतकर 'डीप स्टेट, सांस्कृतिक मार्क्सवाद और वोकिज्म' विषय पर विचार साझा करेंगे। तीसरे सत्र का विषय 'डेटिंग एप, फिल्म एवं युवा' रहेगा। जर्नलिस्ट एवं सोशलिस्ट दीपिका नारायण भारद्वाज, दी केरला स्टोरी फिल्म कहानी के लेखक सूर्यपाल सिंह और राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड विजेता अशोक चौधरी से संवाद होंगे। चौथा सत्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम रहेगा। जसराज बैण्ड की मनमोहक प्रस्तुति होगी। युवाओं के चहेते जाने माने गायककार रेपरिया बालम राष्ट्रभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियों से समा बाधेंगे।

**जानेंगे राजस्थान का अनछुआ गौरवः-** दूसरे दिन 18 जनवरी को सुबह 10 बजे पांचवा सत्र मातृशक्ति के नाम रहेगा। लेखिका शेफाली वैद्य, नेशनल पेनेलिस्ट अधिवक्ता चारू प्रज्ञा, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता रूमा देवी 'आधी आबादी पूरा कर्तव्य' विषयक मंच साझा करेंगी। छठे सत्र में युवाओं के आकर्षण लेखक, वक्ता एवं इतिहास विशेषज्ञ राजवीर सिह चकलोई तथा पाथेय कण के सह प्रबंध संपादक श्याम सिंह 'राजस्थानी संस्कृति हमारा गौरव' तथा 'राजस्थान का अनछुआ गौरव' विषय पर युवाओं से जीवंत संवाद करेंगे। सातवा सत्र भी युवा-रोजगार पर केंद्रित होगा। प्रथम सॉफ्टवेयर के सीईओ पुनीत मित्तल, शशिकांत सिंघी, रूमा देवी 'स्वरोजगार की ओर बढ़ता युवा' विषय के माध्यम से अपने अनुभव आदान-प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का अंतिम सत्र शाम 4:30 बजे भारत का बदलता वैचारिक परिदृश्य विषयक होगा। इसमें विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, एयू बैंक संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल, एमएचआरडी के संरक्षक जसवंत खत्री संबोधित करेंगे। बौद्धिक एवं सांस्कृतिक सत्रों के अलावा कई प्रकार की महाविद्यालय विद्यार्थियों की प्रतियोगिता भी रहेंगी। देश के जाने माने 20 प्रमुख प्रकाशनों की 15000 से अधिक पुस्तकों की स्टॉल कार्यक्रम में पूरे समय लगेगी।

# नगर निगम ग्रेटर आयुक्त ने मैराथन बैठक लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर की समीक्षा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बुधवार को ऑनलाईन सर्विस जैसे:- फायर एनओसी, ट्रेड लाईन्सेंस, ई-फाईल, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, सम्पर्क पोर्टल, डोर-टू-डोर वाहनों पर स्वच्छता ब्रांडिंग, राजस्व संबंधी प्रकरण, ओपन कचरा डिपो, प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत किये गये कार्यों सहित विभिन्न बिन्दुओं पर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था की सही मॉनिटरिंग हो इसके लिये जोन उपायुक्त एवं जोन ओआईसी सुबह 7 बजे से फील्ड में जाये। सफाई कर्मचारियों की हाजिरी चैक की जाये जो सफाई कर्मचारी मौके पर अनुपस्थित पाया जाये उस पर सख्त कार्यवाही की जाये इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सबसे पहले ओपन कचरा डिपो को उठाने का काम होना चाहिए जिससे शहर स्वच्छ दिख सके।

आयुक्त ने ई-फाईल पर चर्चा करते हुए सभी अधिकारियों को 10 घंटे से भी कम समय में फाईलों के निस्तारण के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि खुले में गंदगी फैलाने वाले लोगों पर चालान की कार्यवाही की जानी चाहिए तथा निर्माणधीन जिन बिल्डिग पर ग्रीन नेट नहीं लगाया गया है उन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सीएनडी वेस्ट उठाने एवं होटल, रेस्टोरेन्ट, दुकानों आदि पर सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त करने के निर्देश दिये।

आयुक्त ने निर्देश दिये कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का शत प्रतिशत कवरेज हो। जोन के समस्त वार्ड क्षेत्र के सम्पूर्ण घरों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जायें। हेल्पर प्रत्येक घर से कचरा लेकर हूपर में डाले यह सुनिश्चित किया जाये तथा कॉल सेन्टर पर आ रही शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण के संबंध में जागरूक नागरिकों का भी सहयोग लेने की बात कही जिससे आमजन तक गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण को आसानी से समझाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि 1 मार्च 2025 से 15 मई 2025 तक सभी नालों की सफाई एवं मरम्मत कार्य सुनिश्चित किया जाये इसके साथ ही द्रव्यवती नदी के आस-पास कचरे का निस्तारण किया जाये।

आयुक्त ने नगर निगम ग्रेटर में संचालित विभिन्न ऑनलाईन प्रकरणों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की। जिसके अन्तर्गत ऑनलाईन सर्विसेज जैसे ट्रेड लाईन्सेंस, फायर एनओसी, लीजडीड, सीवर कनेक्शन, म्यूटेशन से संबंधित प्रकरणों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों, सम्पर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के भी निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, उपायुक्त स्वास्थ्य ओम प्रकाश थानवी, जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त उपस्थित रहे।

### जयपुर की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख

#### दमकल को आग बुझाने में एक घंटे का समय लगा

**जयपुर।** जयपुर के रामगंज थाना इलाके में मंगलवार देर रात मोलाना साहब की दरगाह के पास देर रात शॉर्ट सर्किट से डिपार्टमेंटल स्टोर में आग लग गई। आग की जानकारी मिलने पर दमकल मौके पर पहुंची। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग को कंट्रोल किया। इस दौरान दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया।

मो.रफीक ने बताया कि देर रात करीब सवा 1 बजे मोलाना साहब की दरगाह के पास स्थित डिपार्टमेंटल स्टोर से धुआं आने लगा। जिस पर दुकान मालिक को सूचना दी, देखते ही देखते दुकान से आग बाहर आने लगी जिस पर दमकल को जानकारी दी गई। घाटगेट से दो दमकल मौके पर पहुंची और करीब ढाई बजे तक आग कंट्रोल की गई। इस दौरान दुकान मालिक और स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। आग की चपेट में आने से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया। दमकलकर्मी उमेश ने बताया कि आग की जानकारी रात करीब 1.20 पर कंट्रोल रूम को मिली। जिस पर दमकल लेकर मौके पर पहुंचे देखा दुकान के अंदर से आग निकल रही हैं। जिस पर आसपास के इलाके की लाइट कटवाई गई फिर पानी डालना शुरू किया गया। लेकिन पानी अंदर नहीं जा रहा था जिस पर दुकान के शटर को खोला तो आग की लपटे बाहर की तरफ आ रही थी। दुकान डिपार्टमेंटल स्टोर होने के कारण दुकान में तेल और घी होने की जानकारी मिली जिस पर तत्काल टीम ने फॉम डाल कर आग को कंट्रोल किया। लेकिन जब तक लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया।

# 21 बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त, सड़क सीमा में हटाए अतिक्रमण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 में निजी खातेदारी करीब 12 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त, जोन-13 में निजी खातेदारी करीब 6 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त एवं ग्राम लक्ष्मीनारयणपुरा में मंदिर माफी की करीब 3 बीघा भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का ध्वस्तीकरण कर कब्जा अतिक्रमण मुक्त करवाया। साथ ही जोन पीआरएन-साउथ में डा. राजेन्द्र प्रसाद नगर ए ब्लॉक में 30 फिट रोड सीमा को कब्जा अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन पीआरएन-साउथ के क्षेत्राधिकार में अवस्थित डा. राजेन्द्र प्रसाद नगर ए ब्लॉक में 30 फिट रोड सीमा पर कब्जा अतिक्रमण कर अवैध लैटबाथ का निर्माण बाउण्ड्रीवाल, व अन्य अवैध निर्माण अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन पीआरएन-साउथ के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर 30 फिट रोड सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम जयचंदपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर में करीब 12 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू



रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर (रिद्धि-सिद्धि-8) के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल, भूखण्डों का डिमार्केशन व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम खेरवाडी लक्की होटल के पीछे जिला जयपुर में करीब 6 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर राधा गोविन्द नगर के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

इसी प्रकार जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम लक्ष्मीनारायणपुरा जिला जयपुर में करीब 3 बीघा मंदिर माफी की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया जाकर मंदिर माफी की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन पीआरएन-साउथ, 14. 13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 17 आज तक कुल 400 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

## मुख्यमंत्री आयुष्यमान आरोग्य शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन हो रहे लाभान्वित

# 57 वर्षीय प्रभुदयाल को मिला हाइपरटेंशन का उपचार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जिले में आयुष्यमान आरोग्य शिविरों में आमजन को बड़ी संख्या में लाभ मिल रहा है। हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटेरी (तुंगा ब्लॉक) में आयोजित हुए शिविर में स्थानीय निवासी प्रभुदयाल बैरवा को हाइपरटेंशन की बीमारी का उपचार मिला है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि 57 वर्षीय प्रभुदयाल बैरवा पुत्र नाथूराम बैरवा को गत एक माह से सिरदर्द और घबराहट की समस्या थी। दर्द की दवाईयों से भी आराम नहीं था। जब उन्हें पीएचसी पर आयोजित होने वाले आयुष्यमान आरोग्य शिविर के विषय मे जानकारी मिली तो वे उपचार के लिए कैम्प में आए।

कैम्प में चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान पाया कि उनका ब्लड प्रेशर काफी अधिक आ रहा था। प्रभुदयाल से पूछने पर उन्होंने बताया कि उन्होंने ब्लड प्रेशर सम्बन्धी कोई दवा अभी तक नहीं ली है। चिकित्सकों ने परीक्षणों के आधार पर निष्कर्ष लिया कि प्रभुदयाल की समस्त समस्याओं की जड़ में निरंतर बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर ही है। चिकित्सकों ने उन्हें हाइपरटेंशन की दवाईयां प्रेस्क्राइब की और नियमित रूप से दवाओं के सेवन की सलाह दी। कैम्प में परामर्श के बाद प्रभुदयाल के चेहरे पर सन्तुष्टि के भाव आसानी से देखे जा सकते थे। उनका कहना था कि असली मर्ज अब पकड़ में आया है। कैम्प में आने से उनकी तमाम शंकाओं का समाधान हो गया है। अब वे चिकित्सकों के परामर्श अनुसार नियमित रूप से दवाओं का सेवन करेंगे। साथ ही उन्होंने सही समय पर उनकी बीमारी के उपचार व सलाह हेतु चिकित्सकों को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के आयोजन हेतु राज्यसरकार का आभार व्यक्त किया।

# 3,100 रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर सात केन्टर सामान किया जब्त

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में सांगानेर पुलिया से चोरडिया पेट्रोल पम्प, मालपुरा गेट, टूटी पुलिया सांगानेर, मुहाना चौराहा, राजकीय माध्यमिक विद्यालय सांगानेर से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 3 हजार 100 रूपये का कैरिंग चार्ज कर 07 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में सांगानेर पुलिया से चोरडिया पेट्रोल पम्प, मालपुरा गेट, टूटी पुलिया सांगानेर, मुहाना चौराहा, राजकीय माध्यमिक विद्यालय सांगानेर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 07 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 3 हजार 100 रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# सिधमुख बालिका विद्यालय के चहुंमुखी विकास में भामाशाह चनानी परिवार का महत्वपूर्ण योगदान : वर्मा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** सिधमुख परिक्षेत्र के सबसे बड़े बालिका विद्यालय श्री चनानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिधमुख में भामाशाह श्री चनानी परिवार के सौजन्य से कक्षा 1 से 12 तक के 300 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण की गई। यहां कार्यरत सहायक कर्मचारी एवं कुक कम हेल्परों, बागवान को भी भामाशाह परिवार की तरफ से गरम स्वेटर प्रदान की गई। प्रधानाचार्य श्रीमती ममता वर्मा ने बताया कि विद्यालय के चहुंमुखी विकास में भामाशाह श्री चनानी परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भामाशाह परिवार विद्यालय में निरंतर भौतिक संसाधनों की उपलब्धता के साथ-साथ छात्राओं के शुल्क का भुगतान, निकटवर्ती गांव से आने वाली छात्राओं के लिए स्वयं के खर्चे पर वाहन भी उपलब्ध करवाए जाते हैं। विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों व परीक्षा परिणाम को देखते हुए राज्य सरकार ने इस सत्र में चुरू जिले में एक मात्र इसी विद्यालय में विज्ञान संकाय में जीव विज्ञान एवं कला संकाय में इतिहास अतिरिक्त विषय खोलने की स्वीकृति जारी की है। यह स्वीकृति विद्यालय एवं ग्राम वासियों के लिए विशिष्ट उपलब्धि है। प्रधानाचार्य श्रीमती ममता वर्मा ने कार्यक्रम में पधारे आगंतुकों का स्वागत व अभिनंदन किया। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएमसी के गणमान्य सदस्य एवं प्रमुख ग्राम वासियों ने इस उपलब्धि पर खुशी प्रकट की है। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में सरपंच महावीर जांगिड़, पूर्व सरपंच रामकुमार सिहाग, विधायक प्रतिनिधि प्रधान ढाका, रविंद्र राजपुरोहित, करतार सिंह टांडी, पीईईओ प्रधानाचार्य दीपचंद इंदौरिया ,हनुमान प्रसाद इंदौरिया, सीताराम प्रजापत, डॉक्टर संजय खुडिया, असगर अली, बाबूलाल राजपुरोहित, राकेश ढाका, सुनील इंदौरिया, राकेश इंदौरिया, संजय महला, सांवरमल छींपा, दीपक रतन, स्टाफ सदस्य पूनम सरावग, सुनीता शर्मा, पुरुषोत्तम महला, विजेंद्र , अरविंद इंदौरिया, सुभाष , दिगंबरव अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## बच्चों को जैकेट, टोपी, स्वेटर वितरित

**सादुलपुर।** कड़ाके की सर्दी को देखते हुए विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका सुमन सहारण ईशरवाल तथा वरिष्ठ अध्यापिका सुशीला कुमारी ने स्वप्रेरित होकर कक्षा 1 से 5 तक समस्त 75 बच्चों तथा अन्य कक्षाओं के जरूरमंद बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु अपनी स्वप्रेरणा से गरम हुड्डी (जकेट टोपी,स्वेटर) वितरित किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य राधेश्याम बेनिवाल व उपप्राचार्य राजकुमार में दोनो महिला वरिष्ठ अध्यापिकाओं को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया व भविष्य में इसी प्रकार के नेकी के कार्य हेतु प्रेरित किया।

# भूजल संरक्षण के लिए 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' महत्वपूर्ण, बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले में भूजल रिचार्ज के प्रयासों को गति देने और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला कलेक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को अभियान को सफल बनाने के लिए लक्ष्यों का निर्धारण किया गया। यह कार्यक्रम प्रवासी उद्यमी कैलाश हाकिम के प्रयासों से गत दिनों झुंझुनूं में शुरू किया गया था। जिला कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों में वर्षा जल संग्रहण इकाइयों के निर्माण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने भामाशाहों और प्रवासी राजस्थानियों से संपर्क कर अभियान को गति देने की बात कही। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शुरू किया गया यह अभियान राज्य में भूजल स्तर को स्थिर करने और वर्षाजल सहेजने की परंपरा को पुनर्जीवित करने का उद्देश्य रखता है। अभियान के तहत राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रिचार्ज शाफ्ट संरचनाओं का निर्माण करवाएगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'कैच द रेन' मुहिम से प्रेरित है। यह अभियान जल संचयन में सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देने और जल संकट की समस्या से निपटने का एक प्रभावी उपाय साबित होगा। बैठक में जिला परिषद के सीईओ कैलाशचंद्र शर्मा, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चौपदार, भूजल वैज्ञानिक अतुल धवन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला परिषद में साधारण सभा की बैठक कल

**झुंझुनूं।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 17 जनवरी को दोपहर 12.15 बजे जिला प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला परिषद के सीईओ ने बताया कि यह बैठक जिला परिषद झुंझुनूं के सभा भवन में आयोजित होगी। गौरतलब है कि पहले यह बैठक 16 जनवरी को प्रस्तावित थी। परंतु उक्त दिनांक को जिला स्तरीय जनसुनवाई होने के कारण यह बैठक 17 जनवरी को आयोजित होगी।

# मानस अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** जिला कलक्टर कानाराम के निर्देशानुसार नर्बदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानस अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानस अभियान के नोडल अधिकारी हरकेश मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अलावा चौधरी बी.आर. कॉलेज, राजकीय कन्या महाविद्यालय, गीतांजलि कॉलेज के विद्यार्थियों ने सहभागिता की जिनमें नाटक, नृत्य, गायन आदि प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मानस नोडल अधिकारी हरकेश मीणा ने स्वागत उद्बोधन में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अमरसिंह मूनपरिया ने कार्यक्रम में आए हुए समस्त अधिकारियों, विभिन्न महाविद्यालय के प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा मानस अभियान के अन्तर्गत शपथ दिलाई गई। इसमें चौधरी बी.आर.कॉलेज, व गीतांजलि कॉलेज के विद्यार्थियों ने नाटक में प्रथम तथा गीतांजलि कॉलेज ने गायन में द्वितीय स्थान एवं चौधरी बी.आर.कॉलेज के विद्यार्थियों ने गायन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन युवा क्लब नोडल अधिकारी डॉ. एकता देवी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अन्तर सदन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** खेमाणा रोड़ सादुलपुर स्थित आशा देवी विद्यालय में आज से चार दिवसीय अन्तर सदन खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी जोगेन्द्र सिंह झाझड़िया, संस्था अध्यक्ष रामप्रताप पूनियां, संरक्षिका आशा देवी पूनियाँ, निदेषक डॉ. कौशल पूनियां एवं सहनिदेषिका डॉ. स्नेह पूनियां ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ चारो सदनो के बच्चों के द्वारा फलेग मार्च से किया गया। संरक्षिका आशा देवी पूनियाँ ने बताया कि अध्ययन के साथ-साथ खेल-कूद का भी व्यक्तित्व विकास में अति महत्वपूर्ण योगदान होता है। निदेशक डॉ. कौशल पूनियां ने अपने उद्बोधन जोगेन्द्र सिंह झाझड़िया का स्वागत करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. पूनियां ने बताया इस प्रतियोगिता के तहत वालीवाल, खो-खो, रस्सी कूद, गोला फेंक, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, 100 मी. दौड़, 200 मी. दौड़, डिस्कस थ्रो, लम्बी कूद, ऊंची कूद, लेमन रेस, इत्यादि खेलों का आयोजन किया जाएगा। सहनिदेशिका डॉ. स्नेह पूनिया ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि खेल-कूद प्रतियोगिता में अच्छी प्रतिस्पर्धा हो व खिलाड़ी अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करे। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक प्रमोद शर्मा, आशा दिनोदिया व छात्रा रूचिका व तमना द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य विनोद कुमार, प्रबंधक सुधन सिंह जड़िया एंव समस्त अध्यापक व अध्यापिकाऐं उपस्थित रहे।

## पुजारियों को सम्मानित किया

**सादुलपुर।** तारानगर के नथूराम, रामलाल, दुर्गादत सुथार व महेन्द्र ने हर वर्ष की भाँती इस वर्ष भी मकर संक्राति के अवसर क्षेत्र के समस्त मंदिरो के पूजारियों को वार्ड 03 में स्थित गायत्री माता मंदिर में अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# जरूरतमंद बच्चों को बांटे स्वेटर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** नागौर के कुचामन में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए भारत विकास परिषद् की कुचामन शाखा ने जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए आगे आई है। परिषद ने ग्राम कुकनवाली स्थित शहीद बजरंग सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 75 जरूरतमंद छात्रों को स्वेटर वितरित किए। संस्था के सचिव एडवोकेट ओमप्रकाश सेन ने बताया कि कड़ाके की ठंड में गरीब बच्चों को गर्म कपड़ों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवरलाल बणिया ने इस पहल के लिए परिषद के सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिषद् के अध्यक्ष डॉ. गोविंदराम चौधरी, संपर्क प्रमुख अंकुर काला और डॉ. मनोज सेन समेत विद्यालय के शिक्षक राहुलदेव, गणपतराम, रामेश्वर गुर्जर, दुष्यंत कुमार, श्यामसुंदर और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इस पहल से स्कूली बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी और वे बिना किसी परेशानी के अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे।

# विद्यालय में पीएमश्री योजनान्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन, छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में बुधवार को पीएम श्री योजनान्तर्गत नागरिकता कौशल, संवैधानिक मूल्य एवं भारत का ज्ञान गतिविधि के अंतर्गत छात्राओं में राजनीतिक जागरूकता की समझ विकसित करने के उद्देश्य से प्रभारी विक्रम सिंह के निर्देशन में मॉक पोल द्वारा बाल संसद का गठन कर निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारी की भी नियुक्ति कर उन्हें उनके दायित्व से अवगत करवाया गया। छात्राओं ने बैलेट पेपर की सहायता से मतदान किया। वहीं मीडिया साक्षरता प्रभारी विमलेश चन्द्र के मार्गदर्शन में छात्राओं ने विद्यालय में आयोजित विभिन्न




गतिविधियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विद्यालय का परचम लहराने वाली छात्राओं की खबरों को चार्ट पर विद्यालय के समाचार पत्र के रूप में लिखकर प्रदर्शित किया। विमलेश चन्द्र ने छात्राओं को प्रिंट मीडिया अंतर्गत न्यूज बनाने की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय एवं स्थानीय क्षेत्र पर प्रकाशित होने वाले विभिन्न समाचार पत्रों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी।

# सांसद राहुल कस्वां की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात

## संसदीय क्षेत्र में सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर हुई व्यापक चर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** सांसद राहुल कस्वां ने प्रदेश की उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र में सड़क इन्फ्रास्ट्रक्र से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। साथ ही इन्हीं मुद्दों को लेकर उन्होंने अतिरिक्त मुख्य सचिव-सार्वजनिक निर्माण विभाग राज. सरकार से भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। सांसद कस्वां ने उप-मुख्यमंत्री को बताया कि चूरू संसदीय क्षेत्र में सड़कों के उन्नयन की महत्ती आवश्यकता है। चूरू संसदीय क्षेत्र में पूर्व में बनाई गई सभी सड़कों का भारत सरकार की योजना में उन्नयन कर दिया गया है। पिछले काफी समय से चूरू संसदीय क्षेत्र की सड़कों की श्रेणी का परिवर्तन नहीं किया गया है। हमने संसदीय क्षेत्र की लगभग 300 किमी. सड़कों का श्रेणी परिवर्तित कर करने की मांग रखी है। सांसद ने उप-मुख्यमंत्री को बताया कि चूरू जिला मुख्यालय पर राज्य सरकार द्वारा ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया गया था; लेकिन तकनीकी खामी के चलते यह ओवरब्रिज अनुपयोगी है। छोटे वाहनों के अलावा यह मार्ग बंद हो गया है, जिसके कारण बड़े वाहनों को बहुत घूम कर चूरू शहर से गुजरता पड़ता है। जनता के मांग के अनुरूप इस अनुपयोगी हो चुके ओवर ब्रिज को डिस्मेंटल किया जाये और इस स्थान पर सेतु बंधन योजना या राज्य सरकार द्वारा नया ओवर ब्रिज निर्माण किया जाए। चूरू संसदीय क्षेत्र के विभिन्न



शहरों में सुगम आवागमन हेतु विभिन्न सड़कों को फोरलेन व सौन्दर्यकरण करने का आग्रह किया। ये सड़कें हैं :- कड़वासर चौराहा से झारिया मोरी (चूरू), एनएच-52 से लाल घंटाघर वाया पूनियां कॉलोनी (चूरू), डीटीओ कार्यालय से कलेक्ट्रेट ऑफिस सर्किल (चूरू), साहवा सर्किल से नहर पूल SH-6 (तारानगर), बीकानेर सर्किल से रेलवे फाटक व इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर से कृषि विज्ञान केन्द्र (सरदारशहर); होटल से भगतसिंह सर्किल (भादरा); सिरसा सड़क से साहवा बाईपास (नोहर); एनएच-52 एंट्री प्वाइंट से एनएच-52 एक्जिट प्वॉइंट वाया सिधमुख मोड़-अम्बेडकर सर्किल-बस स्टेण्ड-सांखू सर्किल (सादुलपुर), तारानगर रोड़ (NH-52) अबेडकर सर्किल (सादुलपुर), पिलानी फाटक से रड़वा बाईपास NH-709E (सादुलपुर) आदि। कस्वां ने सेतु बंधन योजना के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र में 5 नये ओवरब्रिज (गोगामेड़ी, सुजानगढ़, नोहर, सरदारशहर और सादुलपुर) के प्रस्ताव भारत सरकार को भिजवाने के लिए भी कहा। साथ ही संसदीय क्षेत्र में स्थित रेलमार्गों पर अंडर ब्रिज की बड़ी आवश्यकता को देखते हुए एक सूची सौंपकर इन्हें स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। इसके अलावा सरदारशहर से किशनगढ़ मेगा हाइवे को फोरलेन में बदलने, रावतसर से भादरा सड़क को 7 मी. से 10 मी. एवं भालेरी से चूरू सडक् को 5.5 मी. से 10 मी. चौड़ा करने की डिमांड भी हमने रखी है। एक नया हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव भी सांसद कस्वां ने उप-मुख्यमंत्री के समक्ष रखा है। उन्होने बताया कि कोटा से श्रीगंगानगर वाया बूंदी, जयपुर, सीकर, झुंझुनू, चूरू, नोहर, हनुमानगढ़ तक नया हाई स्पीड कॉरिडोर बनता है तो इसका बड़ा लाभ मिलेगा। यह कॉरिडोर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे, अमृतसर-जामनगर एक्स्प्रेस वे एवं प्रस्तावित भठिंडा-अजमेर एक्सप्रेस वे को जोडने् का कार्य करेगा। यह कॉरिडोर क्षमता से अधिक प्रयोग हो रहे सीकर-जयपुर व जयपुर-कोटा मार्गों पर वाहन भार को कम करेगा। इससे समय व धन की बचत और नये औद्योगिक क्षेत्रों का विकास हो सकेगा। बढ़ते ट्रैफिक और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए संसदीय क्षेत्र के रतनगढ़, सरदारशहर, नोहर, बीदासर व गोगामेड़ी में बाईपास निर्माण करवाने के लिए भी सांसद ने कहा।

# न्यूज ब्रीफ

## स्व. दलीप सिंह निर्बाण की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन, 311 यूनिट रक्त संग्रह



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** मंगलवार को क़स्बे के जयपुर हॉस्पिटल में शारीरिक शिक्षक स्व. दलीप सिंह निर्बाण की स्मृति में रक्तादान व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नोहर ब्लड बैंक की टीम ने 311 यूनिट रक्त संग्रहित किया। वहीं अनेक विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 251 रोगियों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श देकर लाभांवित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में डीएस निर्बाण ट्रस्ट के सुशील निर्बाण ने ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य की प्रेरणा उन्हे विरासत में मिली है। गरीब को गणेश मानकर सेवा कार्य करने से आनंद की अनुभूति होती है । इस मौके पर कृष्णा देवी निर्बाण, समाजसेवी सुरेश पारीक, राजेंद्र टोकसिया, जयवीर सरेवा, बाबा सुखदेवा सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता व चिकित्सक शामिल रहे। सभी ने निर्वाण ट्रस्ट के सेवा कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

## सादुलपुर कांग्रेस नेताओं ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत की कुशलक्षेम पूछी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मुंबई के एक अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उन्होंने हाल ही में गॉल ब्लैडर का ऑपरेशन कराया था और इसके बाद से अस्पताल में भर्ती थे। डॉक्टरों ने पूरी जांच के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया है। अभी कुछ दिनों के लिए वह मुंबई में ही रहेंगे। पूर्व सांसद वरिष्ठ रामसिंह कस्वा युवा सांसद राहुल कस्वां कांग्रेसी नेता पूर्व संसदीय सचिव वरिष्ठ विधायक इन्द्र सिंह पूनिया ने अशोक गहलोत की कुशलक्षेम की जानकारी ली है।

## मकराना में मार्बल व्यापारियों ने कराएं बाजार बंद

### मार्बल गोदाम में तोड़फोड़ मामला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** मकराना के एक मार्बल गोदाम में 40 लाख रुपये के मार्बल स्लैब तोड़ने के विरोध में बुधवार को व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। संगमरमर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रियाज अहमद गौड़ के नेतृत्व में व्यापारियों ने दोपहर में घाटी चौराहे से मार्बल मंडी तक मार्च किया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस और प्रशासन को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मंगलवार तक का समय दिया गया था, लेकिन अभी तक आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। पीड़ित व्यापारी नौशाद और अन्य को आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया गया है। प्रदर्शन में व्यापार मंडल के प्रमुख पदाधिकारी जिनमें उपाध्यक्ष असगर अली रान्दड, कोषाध्यक्ष अनवर अहमद नूरानी, सचिव मोहम्मद नदीम गैसावत, पूर्व अध्यक्ष मुख्तार अहमद रान्दड और अब्दुल रहीम सिसोदिया सहित कई प्रमुख व्यापारी शामिल हुए। व्यापारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

## पालीवाल नवयुवक मंडल केलवा द्वारा यज्ञ व खेलकूद का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** केलवा मकर संक्रांति के अवसर पर 24 श्रेणी पालीवाल नवयुवक मंडल केलवा द्वारा वैद माता गायत्री मंदिर अंबावा पर हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। पालीवाल नवयुवक मंडल द्वारा क्रिक्रेट, बेंडबिटन, सितोलिया, केरम खेलकूद का आयोजन किया गया। विजेता टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। 24 श्रेणी पालीवाल सामाज सेवा समिति मेवाड़ के अध्यक्ष पद पर बद्रीलाल पालीवाल का नवयुवक मंडल का स्वागत किया गया। पालीवाल ने कहा कि युवा पीढ़ी समाज के हर कार्य में बढ़ चढ़ भाग ले सेवा समिति के समस्त सदस्य गण युवा पीढ़ी के साथ है। समाज समय-समय पर युवा पीढ़ी के लिए सामूहिक खेलकूद का आयोजन किया जाएगा। 24 श्रेणी पालीवाल नवयुवक मंडल केलवा के अध्यक्ष मनीष पालीवाल ने अपने कार्यकाल का आय व का ब्योरा दिया। रामायण पालीवाल ने कार्यकाल की प्रशंसा की। 24 श्रेणी पालीवाल समाज नवयुवक मंडल के चुनाव करवाए। जिसमें कमलेश पालीवाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बने पर कमलेश पालीवाल ने कहा कि समाज के वरिष्ठ व युवाओं के साथ समय-समय पर मिलता रहे। इस दौरान 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति मेवाड़ अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष रामनारायण पालीवाल, नवयुवक मंडल पूर्व अध्यक्ष मनीष पालीवाल, पूर्व उप प्रधान भरत पालीवाल, रामचंद्र पालीवाल, मदन, राजकुमार, भंवर पालीवाल, गोपाल, संजय पालीवाल, जगदीश पालीवाल, नंदकिशोर पालीवाल, राजकुमार रेड हिल्स, धर्मेश पालीवाल, प्रकाश पालीवाल, विनोद पालीवाल, मांगीलाल पालीवाल,प्रविण पालीवाल, दुर्गेश पालीवाल, अनिल पालीवाल एवं समस्त वरिष्ठ पालीवाल नवयुवक मंडल के सदस्य उपस्थित थे। --

## डॉ. सुनील बिजारणियां की सहायक निदेशक पद पर पदोन्नति पर जताई खुशी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ में सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ.सुनील कुमार बिजारणियां की सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नति हुई है। ज्ञात रहे कि नोहर तहसील के गांव 2 आरपीएम (जसाना) निवासी डॉ. सुनील कुमार बिजारणियां नोहर पोस्ट ऑफिस से सेवानिवृत्त पोस्टमास्टर मनीराम बिजारणियां के पुत्र हैं। छोटे से गांव से निकल कर इस पद तक पहुंचने की इस उपलब्धि पर अनेक सामाजिक संगठनो ने प्रसन्नता व्यक्त की। मेद्यावी सुनील ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नोहर में ही ग्रहण की थी और वे बाल्यकाल से ही पढ़ाई में अव्वल रहे है।

## बीमा क्लेम अब किसानों के खातों में आना शुरू हो जाएगा : राहुल कस्वा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** सांसद राहुल कस्वां ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत चूरू जिले का रबी वर्ष 2023-24 का फसल बीमा क्लेम लगभग 172 करोड़ रूपए तथा हनुमानगढ़ जिले का रबी 2023-24 का 124 करोड़ रू. व खरीफ-2023 का 156 करोड़ रू. जारी हुआ है। उन्होंने बताया कि यह बीमा क्लेम अब किसानों के खातों में आना शुरू हो जायेगा। चूरू संसदीय क्षेत्र में खरीफ-2021 का बीमा क्लेम क्रॉप कटिंग के आधार पर बकाया है एवं चूरू जिले का खरीफ-2023 का पूरा बीमा क्लेम भी अभी बकाया है, जिसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज महाकुंभ के लिए 50 यात्रियों का पहला जत्था रवाना



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**मुकुंदगढ़।** प्रयागराज महाकुंभ यात्रा के लिए बुधवार को श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ। श्री सिद्धेश्वर महादेव आश्रम के अभयनाथ ने बताया कि आश्रम के महंत चेतननाथ महाराज ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा के पहले जत्थे को रवाना किया। दूसरा जत्था 20 जनवरी को, तीसरा जत्था 25 जनवरी को, चौथा 30 जनवरी को, पांचवा पांच फरवरी को, अंतिम जत्था 10 फरवरी को रवाना होगा। महाराज ने कहा कि जो भी भक्तगण प्रयागराज महाकुंभ जाना चाहते हैं। अपना पहले से रजिस्ट्रेशन करवा कर इन जत्थों के साथ जा सकता है। जिसमें खाना व ठहरने की व्यवस्था आश्रम की ओर से निशुल्क की गई है। इस अवसर पर भास्कर दूलड़, राजेंद्र पोरवाल, सुरेश शर्मा नूआंवाले, भीमसिंह बड़गुर्जर, बनवारी जांगिड़, सुभाष शर्मा सहित भक्तगण मौजूद थे।

### झुग्गी बस्तियों में वितरित किए कंबल व जूते

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागौड़जी।** सामाजिक संस्थान लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ागौड़जी द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर झुग्गी बस्तियों में कंबल व जूते वितरण किए गए। ट्रस्ट प्रभारी दिनेश सांखला ने बताया कि ट्रस्ट व भामाशाहों के सहयोग से 50 कंबल व 50 जूते की जोड़ी वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीडब्लूडी जेईएन अभिषेक परिहार व मुख्य अतिथि नारायण पाबूधाम भोड़की महंत भंवरसिंह शेखावत थे। ट्रस्ट के अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय समय पर इस प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्य किए जाते हैं। इस दौरान हरिराम सैन, नरेंद्र, मोहित, अभिनेंद्रसिंह, रविंद्रसिंह शेखावत, तनु सांखला, जागृति दाधीच आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त निदेशक स्वामी ने किया सीबीईओ कार्यालय मंडावा का निरीक्षण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** बुधवार को चूरू संभाग के संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग बजरंगलाल स्वामी ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडावा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। डीईओ एलिमेंट्री मनोज ढाका व एपीसी समसा कमलेश कुमार तेतरवाल भी निरीक्षण में साथ रहे। कार्यालय व ब्लॉक से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यकता अनुसार निर्देश दिए और संबलन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यदि हमारे कार्यालय का काम समय पर होता है और हम फिल्ड से सूचनाओं लेकर उच्च अधिकारियों तक समय पर प्रेषित करते हैं तो निश्चित रूप से हमारे कार्यालय का काम हमेशा ही अव्वल रहेगा। इसके लिए जरूरी है कि अधिकारी स्वयं व उनके अधीनस्थ कार्मिक विभाग की जरूरत के अनुसार कार्यालय समय के अलावा भी काम करें तो कोई पेंडेंसी नहीं रहेगी। उन्होंने सीबीईओ जयदीप झाझड़िया को निर्देशित किया कि आप स्वयं व आपके एपीसी व आरपी विद्यालयों की लगातार विजिट करें तथा विभागीय आदेशों की पालना करवाएं। बोर्ड परीक्षा नजदीक आ रही है। इसकी अच्छी तैयारी योजनाबद्ध तरीके से करवाए। उन्होंने यह भी बताया कि संयुक्त निदेशक कार्यालय चूरू द्वारा मिशन हंड्रेड के तहत एक बुकलेट लॉन्च की गई है। जो कि डाउनलोड करके विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जाए। इसके लिए सभी संस्था प्रधानों को भी निर्देशित करें कि वे अनिवार्य रूप से समस्त बोर्ड परीक्षार्थियों को यह पुस्तक उपलब्ध करवाएं। पहली बार सीबीईओ कार्यालय मंडावा पधारने पर संयुक्त निदेशक का सीबीईओ जयदीप झाझड़िया व एसबीईओ दामोदर जांगिड़ के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यालय के स्टाफ सदस्य आरपी लोकेश धायल, उत्तम दाधीच, प्रशासनिक अधिकारी रमेश खीचड़, आनंद कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सरफराज खान, आलोक शर्मा, अध्यापक पवन जांगिड़, सहायक कर्मचारी मदनलाल भी उपस्थित रहे।

### धनौंरा विद्यालय में ऊनी स्वेटर, जर्सी बांटी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड क्षेत्र के गांव धनौंरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत नर्सरी से लेकर कक्षा 5वीं तक के छात्र छात्राओं को मकर संक्रान्ति के पर्व पर मंगलवार को वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक रामनिवास मीणा की तरफ से भामाशाह के रूप में बाल-वाटिका नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के कुल 70 छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रद्यानाचार्य राजकुमार उपाध्याय एवं समस्त स्टाफ के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की उपस्थिति में उनको ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। इससे विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गयी। संस्था प्रधान एवं एसडीएमसी सदस्यों द्वारा रामनिवास मीणा को भामाशाह के रूप में सम्मानित किया गया।

### जीवनी स्कूल में भारतीय सेना दिवस मनाया

**चिड़ावा।** बुधवार को जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानाचार्य राजेश वर्मा ने भारतीय सेना के पराक्रम के बारे में विद्यार्थियों को बताया। संपूर्ण कार्यक्रम संस्था के चेयरपर्सन सांवरमल मील, सचिव भगवती मील, निदेशक रितेश मील के आतिथ्य में संपन्न हुए।

# सीएम भजनलाल शर्मा से मिला सरपंच संघ का प्रतिनिधिमंडल, कई मुद्दों पर हुई सकारात्मक वार्ता



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** वन स्टेट वन इलेक्शन के बीच नाराज चल रहे सरपंच संघ से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुलाकात की। केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम और सरपंच के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल के नेतृत्व में हुई प्रतिनिधि मंडल की इस मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर सकारात्मक वार्ता हुई। मुलाकात के बाद सरपंच संघ ने बयान जारी कर कहा कि मुख्य मुद्दा सरपंचों के वर्तमान कार्यकाल और चुनाव को लेकर था। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि जो भी सरपंचों की जायज मांगे हैं, उनको शीघ्र पूरा किया जाएगा।

**सकारात्मक हुई वार्ता :** सरपंच संघ के मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि बुधवार को सरपंच के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात करके कई मुद्दों पर वार्ता की। इसमें मुख्य मुद्दा सरपंचों के वर्तमान कार्यकाल और चुनाव को लेकर था। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि जो भी सरपंचों की जायज मांगे हैं, उनको शीघ्र पूरा किया जाएगा। साथ ही सरपंच जनता के हितों के कार्यों को निरंतर जारी रखें, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। पठान ने बताया कि वर्तमान सरपंचों के कार्यकाल को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आश्वस्त किया कि इसके लिए हमने तीन राज्यों मध्य प्रदेश, झारखंड और उत्तराखंड में जो व्यवस्था पंचायत राज में लागू की गई थी, उसका अध्ययन करवा लिया है। उस पर एक-दो दिन में सकारात्मक निर्णय लेकर आदेश पारित कर दिए जाएंगे। इसके लिए सरपंचों को सरकार पर भरोसा रखना चाहिए।

**ये रहे मौजूद :** प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद मीणा, संयोजक भागीरथ यादव, कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश महामंत्री कृष्ण मुरारी दिलावर, झालावाड़ जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह गौड़, मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान, कमल चौधरी जयपुर, बूंदी जिला अध्यक्ष आनंदी लाल मीणा, टोंक जिला अध्यक्ष मुकेश मीणा, करौली जिला अध्यक्ष प्रकाश मीणा, संयोजक महेंद्र सिंह मझेवला, प्रदेश मंत्री महेश पटेल अलवर, श्रवण बिजानिया नागौर, विद्याधर मील सीकर, आरके शुक्ला दौसा, भंवर सिंह धीवा झुंझुनू, शौकत खान नागौर, कमलेश पाटीदार बकानी झालावाड़, पुष्पेंद्र सिंह डीग भरतपुर, सुनील क्रांति हनुमानगढ़ सहित कई सरपंच शामिल थे।

### माय भारत स्वयंसेवक देंगे जागरूकता का संदेश

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार माय भारत नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 17 से 23 जनवरी तक मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 25 माय भारत स्वयंसेवक ट्रेफिक पुलिस से जुड़कर आमजन को जागरूक करेंगे। प्रतिभागी 15 से 29 आयु वर्ग के युवा होंगे। जो शहर के विभिन्न चौराहों पर ड्यूटी देकर सड़क सुरक्षा का संदेश देंगे। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत चयनित 25 युवाओं को कैप, टी शर्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## कलेक्टर ने शहर का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शहर का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था व हाइजेनिक फूड स्ट्रीट के लिए जगह आदि का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने कालीमोरी ओवर ब्रिज के आसपास, मुंगस्का शहरी पीएचसी के आसपास तथा कृषि उपज मंडी के आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि शहर में नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के साथ कचरा उठाव करावे तथा रोड लाइट की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने खाली भूखण्डों पर कचरा मिलने पर निर्देश दिये कि संबंधित भूखण्ड मालिक को नोटिस जारी करे तथा इनकी साफ-सफाई करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में एनकेप के तहत शहर में किए जा रहे इंटर लॉकिंग टाइल्स के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर जोन प्रभारी को नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होंने यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता व नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि अलवर शहर में सौन्दर्यकरण कार्य करावे तथा प्रमुख स्थानों पर पेंटिंग आदि के कार्य कराएं।

**हाइजेनिक फूड स्ट्रीट के लिए जगह चिन्हित करने के दिए निर्देश :** जिला कलक्टर ने शहर के सुव्यवस्थित विकास व सुगम यातायात तथा ठेले-खोमचे वालों के लिए शहर में हाइजेनिक फूड स्ट्रीट विकसित करने के लिए उन्होंने नगर निगम आयुक्त व यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता को शहर में जगह चिन्हित कर एनसीआरपीबी फण्ड से हाइजेनिक फूड स्ट्रीट बनाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## गौवंश की दुर्दशा को लेकर बाड़ी उप जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर गौवंश की दुर्दशा को लेकर हिंदू जागरण मंच ने कड़ा रुख अपनाया है। मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर के नेतृत्व में आज बुधवार को पदाधिकारियों ने बाड़ी उप जिला कलेक्टर हेमंत सिंह घनघोर को ज्ञापन सौंपा है। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि कड़ाके की ठंड में सड़क दुर्घटनाओं और बीमारियों से गायों की मौत हो रही है। चिंता का विषय यह है,कि नगर पालिका मृत गौवंश को उठाकर हाईवे या सड़कों के किनारे फेंक देती है। विशेष रूप से तुलसीवन रोड़ पर रिंग रोड़ के पास मृत गौवंश की स्थिति अत्यंत दयनीय है। हिंदू जागरण मंच ने इस कृत्य को हिंदू भावनाओं के विरुद्ध बताते हुए मृत गौवंश को सम्मान जनक तरीके से भूमिगत दफन करने की मांग की है। साथ ही प्रशासन से अपेक्षा की गई है,कि वह इस संवेदनशील मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करे और नगर पालिका को उचित दिशा-निर्देश जारी करे, जिससे भविष्य में मृत गौवंश की ऐसी दुर्दशा ना हो।

**22 जनवरी को निकलेगी शहर में रैली :** हिंदू जागरण मंच के अंजनी पाराशर ने ज्ञापन के दौरान बताया कि गौ-माता की रक्षा करना हिंदू समाज का प्रथम धर्म है,ऐसे में प्रशासन से मांग की है। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर इस वर्ष भी विशाल रैली निकाली जाएगी। जो शहर के महाराज बाग माता मंदिर से शुरू होगी। जिसमें समस्त हिंदू समाज को आमंत्रित किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान चिम्मन बाबा, देवेंद्र सिंह, बृजकिशोर शर्मा, मनोज वर्मा, मुकेश गौड़, भोला परमार और मुकेश कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राज्य में 31 एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए 10 जनवरी से ई-नीलामी प्रक्रिया शुरु

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** खान एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया है कि राज्य में 31 एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए 10 जनवरी से ई-नीलामी प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। भारत सरकार के ई-पोर्टल पर 28 जनवरी से 6 फरवरी तक नीलामी कार्यक्रम के अनुसार बोली लगाई जा सकती है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री एवं खान मंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा 4 दिसंबर को नई खनिज नीति और नई एम-सेण्ड नीति जारी करने के साथ ही 3 जनवरी, 25 को दोनों ही नीतियों के अनुसार संशोधित नियम जारी होते ही विभाग एक्शन मोड पर आते हुए एक सप्ताह में ही 31 एम-सेण्ड इकाइयों की स्थापना के लिए निविदा सूचना जारी कर दी। इसके साथ ही प्रदेश में माइनिंग सेक्टर में नया निवेश और रोजगार के अवसर विकसित हो सकेंगे। टी. रविकान्त ने बताया कि नई नीति में एम-सेण्ड इकाइयों को उद्योग का दर्जा देने के साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना में विशेष रियायतों दी गई है। नई एम-सेण्ड नीति में आम नागरिकों को बजरी के विकल्प के रुप में सस्ती एवं सहज उपलब्धता, नदियों से बजरी की आपूर्ति पर निर्भरता कम करते हुए पारिस्थितिकीय तंत्र में सुधार, खनन क्षेत्र के आवरबर्डन का बेहतर उपयोग, भवनों और कंक्रिट ढांचे के मलबे को रिसाईकलिंग के साथ ही एम-सेण्ड उद्योग को बढ़ावा व रोजगार के अवसर विकसित करना है। नई नीति में एम-सेण्ड इकाई की स्थापना की पात्रता में रियायत देते हुए 3 साल के अनुभव व 3 करोड़ के टर्न ऑवर की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। इसी तरह से ऑवरबर्डन पर देय रॉयल्टी को कम किया गया है वहीं नीलामी के समय एम-सेण्ड यूनिट के लिए दो प्लाट रखने के स्थान पर 5 प्लाट आरक्षित कर आवंटित किया जाएगा। इसके साथ ही ऑवरबर्डन पर देय डीएमएफटी की राशि में छूट, एम-सेण्ड के निर्माण में प्रयुक्त ऑवरबर्डन पर देय रॉयल्टी को कम करने, सरकारी और सरकार से वित पोषित निर्माण कार्यों में बजरी की मांग के आपूर्ति में 50 प्रतिशत एम-सेण्ड के उपयोग की अनिवार्यता तय की गई है ताकि प्रदेश में बजरी के विकल्प के रुप में सरकारी निर्माण कार्यों में एम-सेण्ड के उपयोग को बढ़ावा देना है।

## नगर परिषद आयुक्त का पदभार दलीप पूनियां ने संभाला



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** नगर परिषद में आयुक्त का पदभार दलीप पूनियां के संभालने पर बुधवार नगर परिषद में झुंझुनूं शहर की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें बधाई दी एवं स्वागत अभिनंदन किया। सुनिल पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदीप पाटोदिया, श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, श्री गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा, मंत्री विपिन राणासरिया, अग्रवाल समाज के मंत्री शिवचरण हलवाई, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया, सुनील तुलस्यान, लॉयंस क्लब झुंझुनूं के स्पेशल केबिनेट सेक्रेटरी नरेंद्र व्यास एवं हार्डवेयर व्यवसायी बंटी राकेश टीबड़ा आदि ने दलीप पूनियां का दुपट्टा एवं शॉल ओढाकर माल्यार्पण के साथ अयोध्या श्री राम मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। विदित है कि दलीप पूनियां पहले भी नगर परिषद झुंझुनूं में आयुक्त पद पर सफलतापूर्वक कार्य कर चुके हैं।

## प्रशिक्षित महिलाओं को लोन दिलाकर इकाई करवाई स्थापित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**तारानगर।** निकटवर्ती ग्राम रामपुरा में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सौजन्य से स्वयंसेवी संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा 120 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पशुपालन का प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया। इनमें से दो स्वयं सहायता समूह की 20 महिलाओं को बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक से ऋण दिलवाकर उनकी इकाई स्थापित करवा दी गई है। इन्हीं में से दो महिलाएं पिंकी देवी पत्नी महावीर प्रसाद धाणक व द्रोपती देवी पत्नी महेश कुमार सैनी को दो-दो गाय व उनके रखरखाव के उपकरण स्वयंसेवी संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा नाबार्ड के सहयोग से निशुल्क प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के सहायक महाप्रबंधक जीएल निर्वाण ने कहा कि पशुपालक और खेती भारत की अर्थव्यवस्था की आत्मा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सैकंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या अमिक कंवर ने महिलाओं को कहा कि ऐसी योजनाओं का लाभ उठाकर आप स्वावलंबी बनने का आह्वान किया। संस्था के सचिव राजेश अग्रवाल ने उपस्थित समूह की महिलाओं को कहा कि आप भी गोपालन पशु बीमा योजना के तहत पशुओं का बीमा करवा कर अपना भविष्य सुनिश्चित करें। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के श्रीकांत अत्रे ने प्रधानमंत्री सखी बीमा योजना की जानकारी महिलाओं को प्रदान की। पिंकी धाणक व द्रोपती सैनी ने नाबार्ड से दो—दो गाय प्राप्त कर बहुत ही प्रसन्नचित्त नजर आई और उन्होंने संकल्प लिया कि हम इससे अपने परिवार का पालन पोषण अच्छे से कर पाएंगे। कार्यक्रम में संस्था की डायरेक्टर भंवरीदेवी, अलायला पंचायत की साथिन संतोष, बैंक सखी मोनिका, ग्राम सेवा सहकारी समिति से पुष्पा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनूप सैनी व साक्षी सैनी ने किया।

सड़क सुरक्षा के लिए अलवर जिला प्रशासन का बड़ा कदम

# बिना पंजीकरण वाले वाहनों एवं ई-रिक्शा के लिए बीमा अनिवार्य

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** सबको बीमा अभियान-2047 के तहत अलवर जिला प्रशासन ने सड़कसुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और दुर्घटनाओं के दौरान नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब जिले में बिना पंजीकरण नंबर वाले वाहनों विशेष रूप से ई-रिक्शा के लिए थर्ड पार्टी बीमा और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही, नॉन-लाइफ इंश्योरेंस सेगमेंट में यूनिवर्सल इंश्योरेंस कवरेज को बढ़ावा देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजीव कुमार दास ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सडक् पर चलने वाले प्रत्येक वाहन को बीमा सुरक्षा के दायरे में लाना है। दुर्घटनाओं के दौरान पीड़ितों को तत्काल आर्थिक सहायता मिलेगी और वाहन मालिकों को जिम्मेदारी का एहसास होगा। हम बीमा कंपनियों के साथ मिलकर यूनिवर्सल इंश्योरेंस कवरेज के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह योजना सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और प्रत्येक नागरिक को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है तथा इसमें नॉन-लाइफ इंश्योरेंस योजनाओं को प्रभावी बनाना प्राथमिकता है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और हर नागरिक को बीमा सुरक्षा देना है। सबको बीमा अभियान-2047 के तहत न केवल वाहनों को सुरक्षित बनाया जाएगा बल्कि समाज को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान की जाएगी।

**थर्ड पार्टी बीमा अनिवार्य :** उन्होंने बताया कि बिना पंजीकरण वाले वाहनों विशेषकर ई-रिक्शा की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। बीमा अनिवार्यता से दुर्घटनाओं के मामलों में पीड़ितों को तुरंत आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी।

**नॉन-लाइफ इंश्योरेंस कवरेज का विस्तार :** भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के निर्देशानुसार यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी सहित अन्य बीमा कंपनियों को इस योजना में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया है। नॉन-लाइफ इंश्योरेंस योजनाओं को सरल, सुलभ और किफायती बनाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक वाहन मालिक इसमें शामिल हो सकें।

**जागरूकता अभियान :** उन्होंने बताया कि आरटीओ और यातायात पुलिस द्वारा इस संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वाहन चालकों को बीमा प्रक्रिया और इसके लाभ समझाने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा। सभी वाहनों की नियमित चेकिंग की जाएगी। बिना बीमा वाले वाहनों पर आर्थिक दंड और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**बीमा कंपनियों की भागीदारी :** उन्होंने बताया कि बीमा कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ई-रिक्शा और अन्य वाहनों के लिए विशेष योजनाएं तैयार करें। साथ ही बीमा प्रक्रिया को सरल और प्रीमियम को सुलभ बनाया जाएगा।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**अलवर।** किशनगढ़बास कस्बे के बासड़ा रोड़ स्थित राधिका गार्डन में विधायक दीपचन्द खैरिया के जन्मदिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व निशुल्क इलेक्ट्रोपेथी चिकित्सा का शिविर का आयोजन हुआ। बुधवार को विधायक दीपचन्द खैरिया के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर में 276 यूनिट रक्त एकत्रित हुए।

### पृष्ठ 1 का शेष....पीएम मोदी बोले....

उन्होंने कहा कि आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। पीएम ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। ये पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। गर्व की बात कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। 'आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है।' पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, ये देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, गहरा समुद्र हो या फिर असीम अंतरिक्ष, हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर रिफॉर्म किए जा रहे हैं।

**बेहद खास हैं तीनों प्लेटफॉर्म**-आईएनएस सूरत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे बेहतर विध्वंसकों में से एक है। यह पी15बी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा युद्धपोत है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। आईएनएस नीलगिरी 17ए स्टेल्थ फ्रिगेट प्रोजेक्ट का पहला युद्धपोत है। इसे समुद्र में लंबे समय तक रहने तथा स्टेल्थ क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है। इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। आईएनएस वाग्शीर नौसेना के समुद्री बेड़े में इजाफा करने के लिए जहाज-पनडुब्बी निर्माण की चल रही परियोजना पी-75 के तहत निर्मित छठी स्कॉर्पीन पनडुब्बी है।

### सीएम भजनलाल शर्मा बोले....

**हर माह होगी एमओयू क्रियान्विति की समीक्षा बैठक**-मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग द्वारा किए गए प्रत्येक एमओयू की समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिमाह राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक की जाए जिससे राज्य में विद्युत सुदृढीकरण के काम में तेजी आ सके। साथ ही, मुख्यमंत्री कार्यालय को हर माह 11 व 26 तारीख को इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी इन निवेशों के माध्यम से राज्य की राजस्व आय में बढ़ोतरी के लिए प्रयास करें।

**निवेश उतरे धरातल पर, आमजन को मिले लाभ**-शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में भी ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) प्रोजेक्ट, ग्रीन हाइड्रोजन, आरई पार्क, हाइब्रिड प्रोजेक्ट ट्रांसमिशन, सीएनजी, विंड प्रोजेक्ट, थर्मल प्रोजेक्ट सहित विभिन्न सेक्टर्स में एमओयू हुए हैं। उन्होंने इन सेक्टर्स में हुए प्रत्येक एमओयू के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए जिससे सभी निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरें तथा आमजन को इसका लाभ मिले। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ऊर्जा विभाग द्वारा किए गए एमओयू की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी दी।

## सुविचार

सफलता हर दिन की
छोटी कोशिशों का परिणाम है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## वैश्विक पर्व महासमागम 'महाकुंभ'

महाकुंभ कहने को तो भारत के आध्यात्मिक शहर तीर्थराज प्रयागराज में चल रहा है, लेकिन इसको लेकर जिज्ञासा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखी जा रही है। अगर हम कहें कि महाकुंभ अब सिर्फ भारतीय आयोजन नहीं रहा, बल्कि एक वैश्विक पर्व बन गया है। आंकड़ों के मुताबिक मकर संक्रांति के दिन महाकुंभ में देशी-विदेशी लगभग साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। यह अपने आप में गौरव का विषय है। जब सनातन धर्म पर लगातार उंगलियां उठाई जा रही हैं, ठीक उसी दौर में ब्राजील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमेरिका और स्पेन जैसे देशों के श्रद्धालु भी प्रयागराज पहुंचकर संगम में डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखा रहा है। भारत के परस्पर विरोधी देश में लोग महाकुंभ के आयोजन और यहां जुट रही व्यापक भीड़ को खूब सर्च कर रहे हैं। पाकिस्तान के बाद कतर, यूएई और बहरीन जैसे देशों ने महाकुंभ में गहरी रुचि दिखाई है। इसके अलावा, नेपाल, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, ब्रिटेन, थाईलैंड और अमेरिका जैसे देशों के लोग भी महाकुंभ के बारे में पढ़ और खोज रहे हैं। महाकुंभ में मकर संक्रांति के अवसर पर पहले शाही स्नान के दौरान संतों समेत 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखाड़ों, मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों का साधुवाद करने के साथ प्रदेशवासियों को बधाई दी है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर मंगलवार शाम को अपने संदेश में कहा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम 'महाकुंभ-2025, प्रयागराज' में पावन 'मकर संक्रांति' के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों एवं श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया है। दूसरी ओर सीएम योगी मंगलवार को गोरखपुर से महाकुंभ के बारे में पल-पल की जानकारी लेते रहे। महाकुंभ के आयोजन को दुनियाभर में खूब सर्च किया जा रहा है। वैसे महाकुंभ को सर्च करने वाले देशों की सूची में सबसे ऊपर पाकिस्तान है। अब यह पाकिस्तानियों की महाकुंभ के आयोजन को लेकर उत्सुकता है या कि इस भव्य भीड़ के साथ कोई खिलवाड़ करने की मंशा यह तो जांच का विषय है, लेकिन संगम तट पर उमड़ रही भक्तों की भीड़ भारतीय संस्कृति और परंपरा की अद्वितीय छवि प्रस्तुत कर रही है।

### अमेरिका में लगी आग बुझने जाएगी

# मगर साख तो खाक हो गई...!!



संजय श्रीवास्तव

अमेरिका आग से जूझ रहा है। जमीन से समुद्र तट की ओर बहने वाली सेंटा एना हवाएं जंगल की इस आग को और भड़का और बढ़ा रही हैं। यह आग तो बुझ जाएगी पर कई सुलगते सवाल अपने पीछे छोड़ जाएगी, क्या "मेक अमेरिका ग्रेट अगेन" के नारे लगाने वाले इन प्रश्नों का यथोचित उत्तर दे पाएंगे?, अंतरिक्ष से देखा जा सकने वाला कैलिफोर्निया का दावानल दस दिन से धधक रहा है। अमेरिका के जंगलों में पहले भी भीषण आग लगती रही है, पर इस बार इसने जिस इलाके को चपेट में लिया है, वह इतना खास है कि अमेरिका को इसकी बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। व्यापक स्तर पर की जा रही अग्नि शमन की कोशिशें देर सवेर कामयाब होंगी और आग बुझेगी, रह जाएंगी तो बस राख हुई वनस्पतियां, उजड़े हुए मकान, जली दीगर संपत्तियां, भस्मीभूत मवेशी, पालतू जानवर वगैरह। साथ ही इस कथित प्राकृतिक आपदा, उसके कारणों, सरकारी, प्रशासनिक प्रयासों तथा तकनीकि और संसाधनों वाली अमेरिकी श्रेष्ठता की विफलता से जुड़े तमाम सवाल लंबे अर्से तक अमरीकियों को परेशान करेंगे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अपनी तकनीकि दक्षता, तत्परता तथा संसाधनों की प्रचुरता की डींग हांकता अमेरिका हर ऐसे मौकों पर बुरी तरह विफल क्यों रहता है, जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है? वह चाहे वियतनाम और अफगानिस्तान जैसे सैन्य मामले हों, कोरोना से होने वाली मौतें हों अथवा कैलीफोर्निया या दूसरे इलाकों के जंगलों में लगी भीषण आग। इस आग के बुझ जाने के बाद कोई गारंटी नहीं कि कहीं और ऐसी आग नहीं लगेगी। लगी तो इस घटना से सबक सीखा अमेरिकी इतना सतर्क होगा कि वह आग इस कदर नहीं फैलेगी, इतनी बड़ी बर्बादी नहीं होगी।

- इमेज

लॉस एंजिल्स के ग्रिफिथ पार्क में 1933 में लगी आग ने कैलिफोर्निया के करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। यही नहीं इससे पहले कैलिफोर्निया में पिछले 50 सालों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है, पर अमेरिका ने इससे कितना सबक लिया, उसकी क्या तैयारी थी, यह आज सबके सामने है। इस बार कैलिफ़ोर्निया में लगी आग की पिछले साल की आग से तुलना करें तो यह पांच गुना अधिक विकराल है। निकट भविष्य में अमेरिका ऐसी आग बुझाने के लिए पर्यावरण प्रिय तरीकों का इस्तेमाल करेगा, आग बुझाने के क्रम में और लगी हुई आग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसानों की वह पर्याप्त भरपाई कम से कम समय में कर सकेगा, यह उम्मीद भी तब संदेह के घेरे में आती है, जब यह देखा जा रहा हो कि वह समुद्री पानी और गुलाबी रसायन से आग को बुझाने तथा नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है जो घोषित तौरपर एक पर्यावरण विरोधी प्रयास हैं। अमेरिकी दावा कि उसकी तकनीक कुशलता सर्वश्रेष्ठ है, पर यह खामख्याली ही है क्योंकि अमेरिका में इससे पहले भी कई बार जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई है और उसने पिछली बार से अधिक नुकसान उठाया है। सवाल यह कि यदि धरती के महाशक्ति महाबली अमेरिका का इस मामले में यह हाल है, तो पूर्वी ऑस्ट्रेलिया जैसे अग्नि प्रवण क्षेत्रों अथवा बाकी विकसित और भारत जैसे विकासशील देशों का हाल क्या होगा और क्या वे एक अगुआ के बतौर संसार के देश अमेरिका से सीख ले भविष्य में इस जैसी परिस्थिति से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार हो सकेंगे? बड़ी बात यह है कि तमाम तकनीक और विशेषज्ञों के साथ साथ समुचित निगरानी व्यवस्थाओं के होते हुए भी अमेरिका अब तक तय नहीं कर पाया है कि आग लगी कैसे? उसके पास इस बात का कोई



साफ जवाब नहीं है। एक व्यक्ति को इस आरोप में गिरफ्तार किया गया कि उसने ही जंगल में आग लगाना शुरू किया। बताते हैं कि यह एक अवैध अश्वेत घुसपैठिया है। हालांकि पुलिस मानती है कि उसके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है, जांच जारी है। एक कंपनी बता रही है कि उसके सेंसर जो बिजली आपूर्ति के दौरान पेड़ की शाखाओं के तारों को छूने या हवा के चलते तारों के टकराने से उड़ने वाली चिंगारी की वजह से हुई खराबी का पता देते हैं, बताते हैं कि पैलिसेड्स में आग लगने से कुछ ही घंटे पहले 63 ऐसी खामियां थीं, और पूरे इलाके में 317 मामले दिखे जो सामान्य से बहुत ज्यादा हैं। सबब यह कि बिजली के शार्ट सर्किट के चलते यह आग लगी। स्थानीय अधिकारियों ने लॉस एंजिल्स में आग लगने के पीछे सूखे मौसम की तरफ इशारा किया तो यहां के लोग इसके लिए तेज़ हवाओं को दोष दे रहे हैं, जिसकी रफ्तार कई बार 80 से 100 मील प्रति घंटा तक पहुंच जाती है। उधर अमेरिकी सरकार के रिसर्च में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पश्चिमी अमेरिका में बड़े पैमाने पर जंगलों में लगी भीषण आग का संबंध ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन से है। उधर दूसरे विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन सीधे दोषी नहीं, उसकी वजह से अमूमन अतिशय वर्षा भी होती है, असल बात यह कि जलवायु परिवर्तन हालात को बदल रहे हैं। इसकी वजह से आग लगी। आज भी अमेरिका इस समस्या और घटना के कारणों के प्रति स्पष्ट नहीं है तो स्थायी समाधान का क्या ही कहा जाए। विमानों से घरों और पहाड़ियों पर चमकीले गुलाबी रंग के अग्निरोधी रसायनों का छिड़काव किया जाना जो पानी की तरह तुरंत वाष्पित न होकर सतह पर बने रहकर आग लगने या जलने की प्रक्रिया को मंद कर देता है, इसमें अमोनियम पॉलीफास्फेट, कुछ दूसरे रसायनों के साथ उर्वरक मिला होता है। यह रसायन बाद में इंसानों और पर्यावरण पर बुरा असर डालेगा यह तय है। दूसरी तरफ आग बुझाने के लिए समुद्री खारे पानी का अतिशय इस्तेमाल सरल, सुलभ उपाय भले लगे लेकिन यह कालांतर में जंगल की जमीन को इतना नमकीन बना देगा कि वहां की रोगाणुरोधी जमीन में फिर कुछ और उगना मुश्किल होगा। सबब यह कि अपने संसाधनों और उन्नतशील सुविचारित वैज्ञानिक उपायों का ढिंढोरा पीटने वाला अमेरिका पर्यावरण की गड़बड़ी से उपजे संकट को दूर करने के नाम पर हताशा में प्रकृति को ही नष्ट करने वाले अदूरदर्शी फैसले ले रहा है। ऐसे में बाकी देश उससे क्या सीख ले सकते हैं? फिलहाल भारत में जहां तकरीबन 55 फीसद जंगल आग की चपेट में आते रहते हैं, अमेरिका जैसे दावानल की कोई आशंका नहीं है क्योंकि यहां शहर मैदानी इलाके में और अमूमन जंगलों से दूर बसे हुये हैं। पहाड़ों पर बसे शहर भी जंगल की आग की जद से किंचित सुरक्षित हैं क्योंकि आसपास के जंगल तेजी से साफ हुए हैं।

## पंचांग

16 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत् | - | 2081 |
| • शक संवत् | - | 1946 |
| • ऋतु | - | शिशिर |
| • माह | - | माघ |
| • पक्ष | - | कृष्ण |
| • तिथि | - | तृतीया 28.07 तक |
| • वार | - | गुरुवार |
| • नक्षत्र | - | आश्लेषा 11.17 तक |
| • योग | - | आयुष्मान 25.06 तक |
| • करण | - | वणिज 15.40 तक |
| • सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - | 06.20 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - | 07.28 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - | 06.13 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - | कर्क 11.17 तक |
| • अभिजित् मुहूर्त | - | 12.26 से 13.10 |
| • राहु काल | - | 14.11 से 15.34 |
| • व्रत, त्यौहार | - | श्री मुंडिया स्वामी पुण्य तिथि, भद्रा 15.40 से 28.07 |
| • दिशा शूल | - | दक्षिण |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## महाकुंभ में दिखाई दे रहा 'संस्कृति का महाकुंभ'

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में त्रिवेणी के संगम पर महाकुंभ 2025 शुरू हो चुका है। इस महाकुंभ में सनातन धर्म के सभी संत महात्मा, अवधूत सन्यासी धूनी रमा चुके हैं। 16 जनवरी से संस्कृति के महाकुंभ का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके लिए गंगा पंडाल में मुख्य मंच बनाया गया है। इस पंडाल में 10 हजार से अधिक दर्शकों के बैठने का इंतजाम है। इसी प्रकार यमुना और सरस्वती पंडाल के अलावा त्रिवेणी पंडाल में भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए गए हैं। यह सभी कार्यक्रम 24 फरवरी तक करीब सवा महीने अनवरत जारी रहेंगे। गंगा पंडाल में गुरुवार को काशी के ऋत्विक सान्याल के शास्त्रीय गायन से कार्यक्रम का आगाज होगा। वहीं पहली शाम शंकर महादेवन के सुरों से सजेगी। इसी प्रकार यमुना पंडाल में संस्कृत विद्यालय काशी के विद्यार्थी मंगलाचरण करेंगे। इसके बाद यहां आल्हा-बिरहा, नौटंकी आदि के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें पद्मश्री रामदयाल शर्मा अपने 30 सदस्यीय टीम के साथ कृष्ण सुदामा की मित्रता को मंचित करेंगे। उधर, सरस्वती पंडाल में सौरभ बनौधा का बंसी वादन होगा तो श्वेता दुबे व श्रुति मालवीय भजनों की प्रस्तुति देंगी।

### गंगा पंडाल बनेगा मुख्य मंच

इन सभी पंडालों में होने वाले कार्यक्रमों का मुख्य मंच गंगा पंडाल में होगा। इसमें देश के नामचीन कलाकार भारतीय संस्कृति का प्रवाह करेंगे। त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से सांस्कृतिक सुरों का अनवरत संगम होगा। भक्ति व विरासत के इस उत्सव में 10 हजार से अधिक दर्शक श्रद्धालु और कल्पवासी हिस्सा लेंगे। इसके लिए सेक्टर-1 के परेड ग्राउंड में गंगा पंडाल बनाया गया है। वहीं दो हजार दर्शकों की क्षमता वाला त्रिवेणी, यमुना व सरस्वती पंडाल भी सज गए हैं।


### आज के कार्यक्रम

गंगा पंडाल में प्रो. ऋत्विक सान्याल (वाराणसी) की ओर से शास्त्रीय/उप शास्त्रीय गायन होगा। इसके बाद विचत्रानंदा स्वेन (भुवनेश्वर) का ओडिशी नृत्य, कुशल दास (कोलकाता) का सितार वादन और शंकर महादेवन (मुंबई) व रविशंकर (उत्तर प्रदेश) का भजन/सुगम संगीत कार्यक्रम रखा गया हे। यमुना पंडाल में संस्कृत विद्यालय वाराणसी के बच्चे मंगलाचरण करेंगे।

## तारीख विशेष

### रामनरेश त्रिपाठी

रामनरेश त्रिपाठी प्राक्छायावादी युग के महत्त्वपूर्ण कवि थे, जिन्होंने राष्ट्रप्रेम की कविताएं भी लिखीं। इन्होंने कविता के अलावा उपन्यास, नाटक, आलोचना, हिन्दी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास तथा बालोपयोगी पुस्तकें भी लिखीं। इनकी मुख्य काव्य कृतियां हैं- 'मिलन, 'पथिक, 'स्वप्न तथा 'मानसी। रामनरेश त्रिपाठी ने लोक-गीतों के चयन के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी और सौराष्ट्र से गुवाहाटी तक सारे देश का भ्रमण किया। 'स्वप्न' पर इन्हें हिंदुस्तान अकादमी का पुरस्कार मिला। "हे प्रभो! आनन्ददाता ज्ञान हमको दीजिए" जैसा प्रेरणादायी गीत रचकर, प्रार्थना के रूप में स्कूलों में छात्रों व शिक्षकों की वाणी में बसे, महाकवि पंडित रामनरेश त्रिपाठी साहित्य के आकाश के चमकीले नक्षत्र थे। रामनरेश त्रिपाठी का जन्म ज़िला जौनपुर के कोइरीपुर नामक गांव में 4 मार्च, सन् 1881 ई. में एक कृषक परिवार में हुआ था। उनके पिता 'पंडित रामदत्त त्रिपाठी' परम धर्म व सदाचार परायण ब्राह्मण थे। पंडित रामदत्त त्रिपाठी भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर रह चुके थे, उनका रक्त पंडित रामनरेश त्रिपाठी की रगों में धर्मनिष्ठा, कर्तव्यनिष्ठा व राष्ट्रभक्ति की भावना के रूप में बहता था। उन्हें अपने परिवार से ही निर्भीकता और आत्मविश्वास के गुण मिले थे। पंडित त्रिपाठी की प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राइमरी स्कूल में हुई। जूनियर कक्षा उत्तीर्ण कर हाईस्कूल वह निकटवर्ती जौनपुर ज़िले में पढ़ने गए मगर वह हाईस्कूल की शिक्षा पूरी नहीं कर सके। पिता से अनबन होने पर अट्ठारह वर्ष की आयु में वह कलकत्ता चले गए। पंडित त्रिपाठी में कविता के प्रति रुचि प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करते समय जाग्रत हुई थी। वह कलकत्ता में संक्रामक रोग हो जाने की वजह से अधिक समय तक नहीं रह सके। रामनरेश त्रिपाठी ने 16 जनवरी, 1962 को अपने कर्मभूमि प्रयाग में ही अंतिम सांस ली।



### सी-लाइफ

# मृतजीव नहीं कीड़े मकोड़ों का शिकार करने वाली तितली मछली

के.पी.सिंह

सामान्य रूप से, उड़ने वाली मछलियों को दो भागों में बांटा जा सकता है- समुद्र की उड़ने वाली मछलियां और ताजे पानी की उड़ने वाली मछलियां। ताजे पानी की अर्थात् नदियों, तालाबों और झीलों की उड़ने वाली मछलियों में तितली मछली प्रमुख है। तितली मछली उष्णकटिबंधी अफ्रीका के दक्षिणी भाग में पाई जाती है। इसकी खोज सन 1876 में की गई थी। तितली मछली का जीव वैज्ञानिक नाम है-पेन्टोडोन बछोलजी। यह बड़े-बड़े तालाबों, झीलों तथा नदियों के रुके हुए पानी में सतह के नीचे पाई जाती है। अफ्रीका में इसे अमेजन और नाइजर नदियों के बेसिन में बहुतायत से देखा जा सकता है। यह अपना अधिकांश समय जलीय पौधों के मध्य व्यतीत करती है।

- इमेज

जीव वैज्ञानिकों के अनुसार तितली मछली उड़ नहीं सकती, लेकिन यह दो मीटर तक ऊंची छलांग लगा लेती है। कुछ समय पूर्व, पी.एच.ग्रनीवुड और के.एस. थामसन द्वारा तितली मछली के अध्ययन से संबंधित किए गए प्रयोग बड़े महत्त्व के माने जा रहे हैं। इन दोनों जीव वैज्ञानिकों ने तितली मछली को काटकर इसके आंतरिक अंगों का बड़ा ही सूक्ष्म और गहन अध्ययन किया तथा अनेक तथ्यों की खोज की। इन जीव वैज्ञानिकों के अनुसार तितली मछली की शारीरिक संरचना बड़ी अद्भुत थी तथा शारीरिक संरचना की दृष्टि से यह सभी मछलियों से अलग थी। तितली मछली के कंधों, छाती के मीनपंखों तथा इनसे संबद्ध मांसपेशियों की संरचना सर्वाधिक विचित्र थी। इस मछली की हड्डियां इतनी पतली थीं कि इसे काटते समय दोनों जीव वैज्ञानिकों को बड़ा सावधान रहना पड़ा। इसके कंधों के जोड़ चौड़े और चपटे थे तथा इनसे संबद्ध मांसपेशियां अत्यधिक विकसित थीं। छाती की मासपेशियां उड़ने वाले पक्षियों के समान थीं। तितली मछली के मीनपंखों की संरचना इस प्रकार थी कि वह सामान्य मछलियों के समान इन्हें मोड़कर अपने शरीर से नहीं चिपका सकती थी। इसके मीनपंख पक्षियों के



पंखों की तरह ऊपर-नीचे गति कर सकते थे। इन दोनों जीव वैज्ञानिकों ने तितली मछली का गहन अध्ययन करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि तितली मछली भले ही उड़ नहीं पाती, किंतु इसकी शारीरिक संरचना इस प्रकार की है कि यह सरलता से उड़ सकती है।

तितली मछली एक छोटी मछली है। इसकी लंबाई 8 सेंटीमीटर से 12 सेंटीमीटर तक होती है। तितली मछली का शरीर नाव के आकार का होता है। यह ऊपर से चपटी और नीचे से गोलाई लिए हुए होती है। इसका रंग धूसर हरे से लेकर कत्थई रूपहले तक होता है तथा इसकी पीठ एवं बगलों पर कत्थई अथवा गहरे हरें रंग के धब्बे और रेखाएं होती हैं। तितली मछली का मुंह बड़ा होता है और ऊपर की ओर उठा रहता है। इसके नथुने लंबे और ट्यूब के आकार के होते हैं।

तितली मछली का प्रमुख भोजन नदियों, तालाबों और झीलों में पाए जाने वाले छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़े हैं। इसके साथ ही यह पानी की सतह पर गिरने वाले कीड़े-मकोड़े भी खाती है। तितली मछली का समागम और प्रजनन बहुत रोचक होता है। यह एक ऐसी मछली है, जिसमें प्रायः भ्रामक समागम देखने को मिलता है, अर्थात् नर और मादा दोनों समागम कि स्थिति तो बना लेते हैं, किंतु समागम नहीं करते। भ्रामक समागम के समय मादा तितली मछली की पीठ पर नर चढ़ जाता है और अपने छाती के मीनपंखों की फिनरेज द्वारा मादा को कसकर जकड़ लेता है। यह स्थिति कई-कई घंटों तक बनी रहती है, किंतु इसके बाद भी प्रायः समागम नहीं होता। तितली मछली में आंतरिक समागम होता है, समागम के समय नर के पेट के मीनपंख के बीच की फिनरेज लंबी और ट्यूब जैसी हो जाती है। इसी से नर की पहचान होती है। दोनों समागम के समय अपने अपने शरीर को मोड़कर इस प्रकार की स्थिति बना लेते हैं कि इनके प्रजनन अंग एक दूसरे के सामने आ जाएं।

तितली मछली के निषेचित अंडे बहुत हल्के होते हैं एवं मादा के शरीर से निकलते ही पानी की सतह पर आ जाते हैं तथा तैरते रहते हैं। इनसे बच्चे निकलने का समय पानी के तापक्रम पर निर्भर करता है। सामान्यतया इन अंडों के लिए 30 डिग्री सेल्सियस तापक्रम आदर्श होता है। आदर्श तापक्रम पर तीन दिन में अंडों के आवरण फट जाते हैं एवं इनसे तितली मछली के छोटे-छोटे बच्चे निकल आते हैं। तितली मछली के अंडों के समान ही इसके बच्चे भी पानी की सतह पर तैरते रहते हैं तथा ये जन्म लेते ही भोजन लेना आरंभ कर देते हैं। इनका प्रमुख भोजन स्प्रिंग टेल, ग्रीन फ्लाई जैसे अत्यंत छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़े हैं। तितली मछली के बच्चे कुछ समय बाद बड़े हो जाते हैं और वयस्क तितली मछली के समान जीवन आरंभ कर देते हैं। तितली मछली मृतजीव अथवा मृतजीवों का मांस कभी नहीं खाती। यह जीवित कीड़े-मकोड़ों का शिकार करती है और उन्हें ही खाती है।

-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर



## गीता सार

**आवृतं ज्ञानमेतेन ज्ञानिनो नित्यवैरिणा ।**
**कामरूपेण कौन्तेय दुष्पूरेणानलेन च ॥ (39)**

भावार्थ

हे कुन्तीपुत्र!! इस प्रकार शुद्ध चेतन स्वरूप जीवात्मा का ज्ञान कामना रूपी नित्य शत्रु द्वारा ढका रहता है जो कभी भी तुष्ट न होने वाली अग्नि की तरह जलता रहता है।

## बोले तो...



यदि आप यह समझ रहे हैं कि हम भाजपा और आरएसएस जैसे राजनीतिक संगठनों से लड़ रहे हैं तो यह गलत है। इन दोनों ने देश के हर संस्थान पर कब्जा कर लिया है। अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से भी लड़ रहे हैं।

- राहुल गांधी

कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को बढ़ावा देने का रहा है, जो एक कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के विश्वास को धोखा देना था। लेकिन भारत के लोग समझदार हैं।



- जेपी नड्डा



दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'आप' अपने दम पर लड़ रही है, कांग्रेस अपने दम पर लड़ रही है, वामपंथी दल जहां भी लड़ने में सक्षम हैं, वहां लड़ रहे हैं और अन्य दलों में से कुछ दलों ने 'आप' को समर्थन देने की घोषणा की है। इसलिए, यह एक फैक्ट है कि इंडिया ब्लॉक विभाजित है।


- डी राजा

## कुछ अलग | अजब गजब

# सिर पर उगी फसल से सभी हैरान, अनाज वाले बाबा ने खुद रहस्य से उठाया पर्दा

महाकुंभ मेले को दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन माना जाता है। यह मेला हर बार अपनी अद्वितीय घटनाओं और अजब-गजब बाबाओं के कारण सुर्खियों में रहता है। इस बार एक 'अनाज बाबा' अपने सिर पर उगती हरी फसल के कारण महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं से लेकर सोशल मीडिया पर लोगों का खासा ध्यान आकर्षित किया है।

'अनाज बाबा' के सिर पर उगी फसल ने संगम नगरी पहुंचे श्रद्धालुओं से लेकर सोशल मीडिया के दर्शकों के बीच जिज्ञासा पैदा कर दी है। कई यूट्यूबर और इन्फ्लुएंसर्स ने इस घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, जिससे अनाज बाबा और भी फेमस हो गए। लेकिन बाबा का गुस्सा तब सातवें आसमान पर चला गया, जब कुछ यूट्यूबर्स ने उनसे सिर से कपड़ा हटाने की डिमांड कर दी। बाबा इस कदर भड़के कि पूछिए ही मत। यूट्यूबर को उल्टे पांव वहां से दौड़ लगानी पड़ गई। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसे



देखकर लोगों ने साधु-संतों को बेवजह परेशान करने पर यूट्यूबर को खूब खरी-खोटी सुनाई थी।

### अनाज बाबा ने सिर से कपड़ा हटाकर दिखाया

हालांकि, बाद में अनाज बाबा ने खुद ही इस रहस्य से पर्दा उठाते हुए दिखाया कि उन्होंने अपने सिर के ऊपर वाकई में हरी फसल उगा रखी है। 30 दिसंबर को इंस्टाग्राम पर अपलोड हुए इस वीडियो को अब तक करोड़ों बार देखा जा चुका है, जबकि कमेंट बॉक्स में इंटरनेट यूजर्स उनकी विशेषता की सराहना करते हुए उनके प्रति आदर व्यक्त कर रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स बाबा के इस खुलासे के बाद उन्हें 'हिंदू धर्म का गौरव' बताते हुए उनकी जमकर सराहना कर रहे हैं। बताया जाता है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उनसे आशीर्वाद लेने के लिए आ रहे हैं।

## पाठक पाती

### मार्क जुकरबर्ग का विवादास्पद बयान

मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग द्वारा पिछले साल लोकसभा चुनाव से जुड़ी गलत जानकारी शेयर करना निंदनीय है। 'द जो रोगन एक्सपीरियंस' नामक पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने कहा कि 2024 दुनिया के लिए उथल-पुथल का समय रहा, जिसमें भारत में हुए लोकसभा चुनाव में मौजूदा सरकार को हार का सामना करना पड़ा। जबकि ऐसा नहीं हुआ है, सबको पता है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के जनता ने दोबारा एनडीए सरकार को चुना है। इसके बावजूद जुकरबर्ग ने ऐसा कैसे कह दिया, यह समझ से परे है। इस पर संसदीय कमेटी के चैयरमेन और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि जुकरबर्ग के इस गलत टिप्पणी से भारत देश की छवि धूमिल हुई है। मार्क जुकरबर्ग को भारतीय संसद और नागरिकों के सामने क्षमा मांगना होगा।

-संदीप कुमार, मधुपुर (झारखंड)

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।

ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# दीक्षार्थी साक्षी और सेजल का निकला वर्षीदान वरघोड़ा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसूरीश्वर एवं डॉ. विधुतप्रभा के पावन निश्रा में 11 दीक्षार्थीयों का वर्षीदान का वरघोड़ा निकाला गया। मुमुक्षु परिवार के गौतम बोथरा ने बताया कि सांसारिक मोह माया को त्याग संयम पथ अंगीकार करने जा रही। दीक्षार्थी साक्षी सिंघवी का वरघोड़ा निवास स्थान महावीर कॉलोनी जैन दादावाड़ी से मणिप्रभ सुरीश्वर के मांगलिक के साथ रवाना हुआ। जो शहर के मुख्य मार्गो से होता हुआ आराधना भवन पहुंचा। बाड़मेर समाज संस्थान के केवलचंद बोहरा ने बताया कि वर्षीदान वरघोड़े से पूरा वातावरण धर्ममय हुआ। मीना माल ने बताया सभी श्रद्धालुगण दीक्षार्थी अमर रहे के जयघोष से उसका अभिवादन कर रहे थे।



16 फरवरी को दीक्षार्थी साक्षी सिंघवी कुशल वाटिका बाड़मेर में दीक्षा ग्रहण करेगी। प्रकाश छाजेड़ ने बताया कि इस अवसर पर आचार्य मणिप्रभसुरिश्वर ने कहा कि सांचौर का सौभाग्य है कि यहां की धर्मभूमि से कई लोगों ने संयम जीवन अपनाया है। इसलिए मेरा सांचौर से ज्यादा लगाव है। डॉ. विधुतप्रभा ने कहा कि मनुष्य जीवन मोक्ष का प्रवेश द्वार है। जिसके लिए श्रावक श्राविकाओं को संयम ग्रहण करना आवश्यक है। साध्वीजी ने दीक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि धर्म चार प्रकार का होता है जो कि दान, शील, तप व भाव। इसी तरह कषाय का महत्व समझाते हुए कहा कि क्रोध, मान, माया लोभ एवं संज्ञा के बारे में कहा कि आहार, भय, मैथुन परिग्रह का जीवन में त्याग करने का कहा। दीक्षार्थी साक्षी सिंघवी ने कहा कि वो आभारी है अपने परिवार जनों की उन्होने मुझे संयम पथ पर जाने की अनुमति सहर्ष प्रदान की। उन्होने कहा कि संसार में रहकर अपने आप को मोक्ष के पथ पर नहीं ले जा सकती थी। जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ की पेढ़ी की ओर से मुमुक्षुओं का अभिनन्दन किया गया।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** विकास भवन में गणतंत्र दिवस समारोह मनाए जाने को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर दौलतराम चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। एडीएम चौधरी ने राष्ट्रीय पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। शिवराज स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। सभी राजकीय भवन, कार्यालय, पर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। शिवराज स्टेडियम में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं समारोह से पूर्व दिवस की पूर्व संध्या पर सभी सरकारी, गैर सरकारी, शिक्षण संस्था, कार्यालय आदि में कार्यालय अध्यक्ष रोशनी की व्यवस्था स्वयं अपने स्तर पर करें। वहीं एडीएम,एसडीएम कार्यालय, नगर पालिका, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस थाना, कार्यालय आदि में रोशनी की व्यवस्था ईओ नगर पालिका सुनिश्चित करेंगे। सराहनीय कार्य करने वाले योग्य व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान के प्रस्ताव 20 जनवरी तक ही स्वीकार किया जाएगा। पुरस्कार वितरण के लिए चयन समिति का गठन किया गया। बैठक में स्टेज बैठक व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, माइक, प्रचार प्रसार, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था, पेयजल आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपखंड अधिकारी नीरज कुमारी ने सभी सदस्यों को राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की। नायब तहसीलदार मीठाराम जोशी, रामेश्वर भाटी सीआई, भरत देवड़ा एक्सईएन, ईओ तेजराज भंडारी राजकुमार सहायक विकास अधिकारी, सुरेंद्रसिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी, अतुल तिवारी, नारायणसिंह राव आरपी सीबीईओ, खुमाराम जाट, निम्बाराम प्रिंसिपल, तेजाराम विश्नोई प्रिंसिपल, कीर्ति वाजपेई, अशोक दिवाकर, मीठालाल जांगिड़, लादूराम विश्नोई, मुकेश संदेशा, सुरेश कनिष्ठ सहायक ओमप्रकाश विश्नोई, अशोक दिवाकर, प्रतिभा भोजक, मंजुलता गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## क्षतिग्रस्त सड़क से ग्रामीण परेशान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** जाखडी से वडलु जाने वाला मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त होने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क लम्बे समय से क्षतिग्रस्त है। कई बार अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। विशेष कर विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि जाखड़ी से वडलु जाने वाला सड़क मार्ग पुरा क्षतिग्रस्त एवं संकरा होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में तो समस्या और गंभीर हो जाती है।

## शैक्षिक सम्मेलन कल से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कचहरी रोड भीनमाल में शुक्रवार से राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का 62वां दो दिवसीय प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित होगा। मुख्य महामंत्री पूनमचंद विश्नोई ने बताया कि सम्मेलन का शुक्रवार को ध्वजारोहण के साथ होगा। मुख्य वक्ता कामरेड सुभाष लांबा, एवं महावीर शर्मा होंगे।

## जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए ''संपर्क समाधान'' के तहत गुरुवार को भारत निर्माण सेवा केन्द्र में वीसी के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने दी।

## बीसूका बैठक 20 को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** बीस सूत्री कार्यक्रम की बैठक जिला कलक्टर प्रदीप के. गवांडे की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक बैठक के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी। मुख्य आयोजना अधिकारी व प्रभारी अधिकारी बीसूका ने बताया कि बैठक में माह दिसम्बर 2024 तक की गई प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जायेगी।

## कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के बढ़ाए आवेदन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए अल्पसंख्यक वर्ग की छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथी 20 जनवरी तक बढ़ाई है। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ललित कुमार मेवाड़ा ने दी।

## भाकिसं की कार्यकारिणी गठित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भारतीय किसान संगठन के जिलाध्यक्ष जयंतिलाल घांची ने संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता निरंजन व्यास, दिगविजयसिंह दहिया, हरचंद भील, मसराराम लौहार व महादेवाराम घांची, महामंत्री पद पर सुरेन्द्र पी. राठी, अमराराम, पुत्र भगवानाराम चौधरी, संयुक्त मंत्री पद पर भावाराम मेघवाल, अचलाराम भाडका, ओमप्रकाश माली, रेवाराम सेन, संगठन मंत्री पद पर घेवरचंद राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष पद पर सुरेश एम. बोहरा, प्रचार मंत्री रेखाराम मेघवाल व पारस प्रजापत, प्रवक्ता तुलसाराम माली व विक्रम राठी को मनोनीत किया गया।

# रात्रि चौपाल : कलक्टर ने भाद्राजून के ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को भाद्राजून में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया। रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने, राजकीय अस्पताल में चिकित्सक के पद भरने, उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय की आवश्यकता बताई। ग्रामीणों ने राजकीय विद्यालयों में विज्ञान संकाय खुलवाने को लेकर भी जिला कलक्टर के समक्ष मांग रखी। रात्रि चौपाल में रोडवेज बसों के नियमित संचालन, पेयजल, सड़क, शिक्षा आदि के



विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने को लेकर निर्देशित किया। आहोर उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीणा, भाद्राजून तहसीलदार चन्दन पंवार, आहोर विकास अधिकारी बाबूसिंह राजपुरोहित, सरपंच सुरेन्द्र मीणा, ग्राम विकास अधिकारी निर्मल कुमार बामणीया आदि उपस्थित रहे। इस दौरान जिला कलक्टर ने तहसील कार्यालय भाद्राजून का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाएं देखकर राजस्व रिकॉर्ड का अवलोकन किया तथा तहसीलदार सहित राजस्व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# दो दिवसीय बैठक में लिए कई निर्णय



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक में कई निर्णय लिए गए। स्कूलों की सामुदायिक गतिशीलता के तहत संकुल स्तर पर दो दिवसीय सदस्यों की गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण में अभिभावक शिक्षक कार्यालय बाल संरक्षण, जेण्डर, स्वस्थ विद्यालय एवं विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यालय विकास योजना में समिति का योगदान तथा शैक्षणिक उपलब्धियों एवं मिड डे मील जन सहयोग समेत अन्य योजना एवं विद्यालयों कार्यों पर चर्चा की। प्रशिक्षक ऊखचंद सिंधल एवं लाधुराम विश्नोई व्याख्याता ने समस्त बिन्दुकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रधानाचार्य एवं यूसीईईओ तेजाराम विश्नोई ने समस्त गतिविधियों के सफलतम आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के पदाधिकारी माणकमल भण्डारी ने सम्बोधित किया।

# गिव अप अभियान में अब तक 326 लोगों ने कटवाएं नाम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित अपात्र व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटवाने के लिए 31 जनवरी, तक गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में अब तक 326 लोगों ने अपने नाम स्वेच्छा से कटवाए हैं। जिला रसद अधिकारी व जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि जिले में 31 जनवरी तक चलाए जा रहे गिव अप अभियान का उद्देश्य अपात्र व्यक्ति यों को चिन्हित कर योजना का लाभ सभी पात्र व्यक्ति यों को पहुंचाना है। इसमें यदि सक्षम व्यक्ति अपने नाम नहीं हटवाते हैं तो उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत अब तक जिले में कुल 326 लोगों द्वारा स्वेच्छा से अपने नाम हटवाए गए हैं।

**रानीवाड़ा।** राष्ट्रीय खाध्य सुरक्षा योजना में चयनित अपात्र व्यक्तियों के स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिऐ गिव-अप अभियान के तहत चयनित व्यक्ति 31 जनवरी तक स्वेच्छा से खाध्य सुरक्षा योजना से अपना नाम हटवा सकते है। निर्धारित तिथि तक नाम नहीं हटवाने पर विभाग की ओर से नियमानुसार वसूली की कार्रवाई की जाएगी। जिला रसद विभाग के ईओ प्रदीप परिहार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्द सुरक्षा में चयनित वे परिवार जो आयकर भुगतान करते है, एक लाख रुपए से अधिक आए है। राज्य या केन्द्र सरकार के कर्मचारी है। चार पहिया वाहन धारक है। वह उपभोक्ता गिव-अप अभियान के तहत 31 जनवरी तक स्वेच्छा से खाद्द सुरक्षा योजना से अपना नाम हटवा सकते है। राशन डीलर इंद्रभान श्रीमाली ने बताया कि ऐसे उपभोक्ता अपना नाम राष्ट्रीय खाद्द सुरक्षा योजना से हटवाने के लिए अपने अपने क्षेत्र अथवा अपने वार्ड में उचित मूल्य दुकानदार पर या जिला रसद अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर अपना नाम हटवाने के लिए प्राथना पत्र प्रस्तुत कर सकते है। गिवअप पोस्टर का विमोचन किया गया। राशन डीलर संघ प्रदेश प्रवक्ता वरदाराम देवासी, इंद्रभान श्रीमाली, भगवानसिंह करड़, वचनाराम देवासी, नरपतसिंह, चेलाराम मेडा, शैतानसिंह, विनोद कुमार, भगवती प्रसाद राणाराम, नागजीराम, अमराराम, सवसीराम, दलपत, संजय कुमार, आसुराम, जगतसिंह, बगदाराम, मसराराम, कोनाराम, किशोर कुमार आदि मौजूद थे।




# विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रामसीन।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुलिस की ओर से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध की जानकारी दी। प्रधानाचार्य थानाराम प्रजापत ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस थाना रामसीन द्वारा सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध से संबंधित कार्यं म का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मांडोली में किया गया। जिसमें थानाधिकारी तेजुसिंह ने सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न नियमों की जानकारी दी गई। संस्थाप्रधान द्वारा थानाधिकारी का स्वागत किया गया। इसमें अलावा राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भूतवास, महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर के सेकड़ो छात्रों और स्टाफ ने भाग लिया।

# विद्यार्थियों ने किया आईटीआई का भ्रमण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** स्थानीय महाविद्यालय रघुनाथ बिश्नोई मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रानीवाड़ा का भ्रमण किया। महाविद्यालय संचालक डॉ. रोहित कुमार विश्नोई ने निरीक्षण कौशल की सैद्धांतिक जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्रकुमार उबा ने व्यावसायिक निरीक्षक के समय आवश्यक सावधानियों से अवगत कराया। विज्ञान प्रभारी गणपतराम वाघेला, सतीश कुमार, रामसहाय मीणा, प्रकाश कुमार, महेन्द्र गिरी के नेतृत्व में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रानीवाड़ा पहुंचा। छात्रों ने डीजल इंजन की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा, पवनऊर्जा, फिटिर, कम्प्यूटर कार्य के साथ-साथ सौर ऊर्जा तथा अनेक मशीनों का सूक्ष्म निरीक्षण किया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षक गोपाल कुमार ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्र 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा उतीर्ण विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। यह प्रवेश प्राप्तांकों की कुल मेरिट के आधार पर दिया जाता है।

## 350 दूध उत्पादकों को वितरित किया लांभाश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** सरस डेयरी की टीटोप समिति में बुधवार को समिति अध्यक्ष गेनाराम चौधरी की अध्यक्षता में लाभांश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें टिटोप समिति के 350 दूध उत्पादकों को 8 लाख 95 हजार रुपए का लाभांश वितरण किया गया।

सरस डेयरी पीएंडआई प्रभारी जवानसिंह बालावत ने संघ की गतिविधियों कि जानकारी दी। प्रबंधक संयंत्र डूंगाराम जीनगर, प्रबंधक गुण नियंत्रण प्रकाश श्रीवास्तव,सचिव समरताराम, उमरावसिंह, रघुवीरसिंह सोलंकी, गजेन्द्रसिंह, दिपाराम, जोगाराम, मफाराम सहित समिति के कई दूध उत्पादक मौजूद थे।

# संघर्ष समिति का धरना 18 वें दिन जारी,सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वारा सांचौर जिला निरस्त करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति का धरना 18 वें दिन बुधवार को भी जारी रहा। मेड़ाजागीर व पलादर के ग्रामीणों ने संघर्ष समिति को समर्थन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार ने जिला निरस्त कर किसानों व गरीबों के साथ अन्याय किया है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा ग्रामीण व दूर-दराज के क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ेगा। नेहड़ क्षेत्र के अंतिम छौर पर बैठे व्यक्ति के पास आने के लिए साधन की बात तो दूर जालोर जाने का किराया भी नहीं होता है। ऐसे में सरकार ने गरीब व बेसहारा लोगो के साथ जो अन्याय किया है। उस पर विचार करके सांचौर को दुबारा जिला यथावत रखना चाहिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई, संघर्ष समिति के अध्यक्ष भीमाराम चौधरी, केशाराम मेहरा, रामावतार मांजू, पुनमाराम गोदारा, गोमाराम देवासी सहित कई जने मौजूद रहे।





## पोस्ट कार्ड अभियान से सरकार को चेताया

जिला बाहली को लेकर आंदोलन ने अब गति पकड़नी शुरू कर दी है। जिसको लेकर युथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव गौरव सारण के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार द्वारा जिलानिरस्त करने के विरोध में पोस्ट कार्ड अभियान चलाकर लोगो में जनजागृति लाई जा रही है। युवा कांग्रेस द्वारा सांचौर जिले को निरस्त करने के बाद पोस्ट कार्ड अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें भजनलाल सरकार को जिले को बहाल करने की मांग को लेकर पोस्ट कार्ड भेजें जा रहे हैं। पलादर में मामाजी मंदिर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सरकार को पोस्ट कार्ड भेजें। इस दौरान गौरव सारण ने बताया कि पोस्ट कार्ड अभियान के तहत सरकार को पोस्ट कार्ड भेजें वहीं लोगों की समस्या को सुना और जल्द ही समाधान का आश्वाशन दिया। पूर्व सरपंच समरथाराम देवासी, नगाराम, रूपाराम, वचनाराम, मूलाराम, खुमाराम, रेशमाराम, जेठाराम, जोईताराम, बाबूलाल, धुड़ाराम, रणछाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रवासी गिद्ध की हाईटेंशन लाइन से टकराकर मौत

- वन विभाग ने दफनाया शव
- यूरेशियन ग्रिफॉन नामक दुर्लभ प्रजाति का था

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर के फतेहगढ़ तहसील के देगराय ओरण इलाके के लखमना गांव की सरहद के पास एक प्रवासी गिद्ध की करंट से मौत हो गई। पक्षियों की लगातार मौत से पर्यावरण प्रेमियों में गुस्सा है। जिला प्रशासन से हाईटेंशन लाइनों को अंडर ग्राउंड करने की मांग की है। मृतक गिद्ध को देखकर ग्रामीणों ने पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह को इसकी जानकारी दी। पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह सांवता ने बताया कि जिले में कई वन्य जीव बाहुल्य इलाकों में प्रवास करने दुर्लभ पक्षी आए हैं। पक्षियों ने कई इलाकों में अपना डेरा डाला है। इसकी जानकारी वन विभाग को देने पर न्मौके पर वन विभाग और पशुपालन विभाग की टीम पहुंची और गिद्ध के शव को कब्जे में लिया। टीम ने गिद्ध के शव को दफनाया। सुमेर सिंह ने बताया- फतेहगढ़ इलाके में हाईटेंशन लाइनों के नीचे ही बुधवार दोपहर बाद एक प्रवासी दुर्लभ गिद्ध यूरेशियन ग्रिफॉन का शव मिला। सुमेर सिंह ने बताया कि इलाके में बिजली के तारों से टकराकर दुर्लभ पक्षियों के मरने का सिलसिला जारी है। इन तारों को भूमिगत करने की मांग काफी समय से उठाई जा रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही।



### सर्दियों में प्रवास करता यूरेशियन ग्रिफॉन

पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह ने बताया कि यूरेशियन ग्रिफॉन नामक दुर्लभ गिद्ध प्रवासी पक्षी है और सर्दियों में यहां प्रवास करता है। राजस्थान में यूरेशियन ग्रिफॉन कजाकिस्तान, अफगानिस्तान और बलूचिस्तान से आते हैं। इनका प्रवास का रास्ता मध्य-पूर्व से दक्षिणी एशिया की ओर है। इस मार्ग को यूरेशियन ग्रिफॉन के अलावा अन्य प्रजातियां भी इस्तेमाल करती हैं। वहां ज्यादा ठंड होने पर ये प्रवास करके हजारों किमी का सफर तय करके गर्म जगहों पर आते हैं। जैसलमेर में ये फतेहगढ़, लाठी आदि इलाकों में जहां पशु विचरण का इलाका ज्यादा है वहां ये ज्यादा पाए जाते हैं।

### वन विभाग की टीम कर रही इलाके में निगरानी

वन विभाग की टीम इन दिनों बर्ड फ्लू की आशंका के चलते देगराय ओरण इलाके में पशुपालन विभाग की टीम के साथ दौरा कर रही है। ऐसे में मृत गिद्ध की जानकारी मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंचकर गिद्ध के शव को कब्जे में लिया। अब गिद्ध के शव को दफनाने की तैयारी की गई। हालांकि गिद्ध हाइटेंशन लाइनों से टकराकर मरा है इसलिए सभी ने राहत की सांस ली। दरअसल इन दिनों इलाके में कुरजा पक्षियों के बीमार व मृत मिलने के मामले में बर्ड फ्लू की आशंका के चलते वन विभाग व पशुपालन विभाग की टीम लगातार पक्षियों के विचरण करने वाले इलाकों में निरीक्षण कर रही है।

## महाराणा कुंभा की 608वीं जयंती पर महाकुंभ का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** महाराणा कुंभा की 608वीं जयंती पर मदारिया माल्यावास गांव में 16 जनवरी को मेवाड़ महाकुंभ-2 का आयोजन होगा। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शिरकत करेंगे। महाराणा कुंभा जन्मभूमि सेवा समिति मदारिया द्वारा आयोजित 3 दिवसीय मेवाड़ महाकुंभ का आगाज मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन व पूजा से हुआ। मीडिया प्रभारी रमेश कंसारा और भरत त्रिपाठी के अनुसार कार्यक्रम के पहले दिन पेनोरमा में महाराणा कुम्भा की प्रतिमा पर फूल- माला अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर महाराणा कुम्भा व चामुंडा माता के जयकारों से पूरा पेनोरमा गुंजायमान हो उठा। सचिव प्रेम सिंह चुण्डावत ने बताया की जयंती पर पेनोरमा स्थल पर माँ चामुंडा माता मंदिर में हवन पूजन का आयोजन किया किया गया। 16 जनवरी को मुख्य कार्यक्रम होगा जहां बड़े स्तर पर महासभा का आयोजन किया जाएगा।

# बजरी खनन करते पांच गिरफ्तार

- छह ट्रैक्टर के साथ ट्रॉली, एक लोडर जब्त
- जसोल पुलिस और डीएसटी टीम की कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की डीएसटी और जसोल पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच जनों को गिरफ्तार किया है। अवैध बजरी से भरे 6 ट्रैक्टर मय ट्रॉली और 1 लोडर को जब्त किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार स्पेशल टीम को सूचना मिली थी कि तिलवाड़ा गांव लूणी नदी इलाके में अवैध बजरी खनन हो रहा है। इस पर जसोल पुलिस और डीएसटी टीम मौके पर पहुंची। वहां खनन माफिया लोडर से अवैध बजरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरे रहे थे। बिना नंबरी 6 ट्रैक्टर मय ट्रॉली व बिना नंबरी 1 लोडर को जब्त किया। टीम ने गुणेशाराम पुत्र चुतराराम निवासी आकडली, गुणेश कुमार पुत्र मेघाराम निवासी सुथारों की ढाणी, नखतसिंह पुत्र बाघ सिंह निवासी नवातला, अर्जुनसिंह पुत्र राणसिंह निवासी चिमानियों की ढाणी गिड़ा, नाथाराम पुत्र जुगताराम निवासी नारायणपुर सरवाना सांचौर को गिरफ्तार किया। जसोल थानाधिकारी चंद्र सिंह ने बताया- आरोपियों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। आरोपी गुणेश कुमार के खिलाफ साल 2012 में पचपदरा थाने में एक मामला दर्ज है। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में डीएसटी टीम के कॉन्स्टेबल गुणेशाराम, नारायण, धन्नाराम, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार इत्यादी शामिल रहे।



# रेगिस्तान में शीतलहर बरकरार



- दो दिन बाद खुले स्कूल
- रात का तापमान 9.8 डिग्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** रेगिस्तानी बाड़मेर में आए बदलाव के बाद बीते चार दिनों से कड़ाके की ठंड का असर जारी है। बुधवार को सुबह से आसमान हल्का कोहरा छाया रहा। लेकिन सर्द हवाओं की वजह से सर्दी का असर बरकरार रहा है। तापमान में भी लगाता उतार-चढ़ाव चल रहा है। बुधवार को रात का तापमान 9.2 डिग्री से चढ़कर 9.8 डिग्री दर्ज पहुंच गया। अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया है। बुधवार को कड़ाके की ठंड के बीच स्कूली बच्चे व मासूम स्कूली वैन में ठिठुरते हुए जाते नजर आए। आज मंगलवार की अपेक्षा सर्दी का असर थोड़ा कम नजर आया।

### मावठ के बाद सर्दी बढ़ी

जिले सहित क्षेत्र में बीते चार से मौसम का रुख बदला हुआ है। मावठ की बरसात के बाद सर्दी का सितम बढ़ गया है। शीत हवाएं जोर पकड़ने से दिन में भी कंपकंपा देने वाली सर्दी का अहसास रहता है। मंगलवार सुबह से ही माहौल में ठंडी बयार चलने से कड़ाके की ठंड का असर रहा। दोपहर में सूर्य की किरणें निकलने पर तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई, लेकिन सर्द हवाएं चलने से लोग ठिठुरते नजर आए।

### कोहरे के कारण आवाजाही हो रही कम

बुधवार को भी सुबह के वक्त तेज सर्दी का असर जारी रहा। सुबह हल्का कोहरे के कारण लोगों की आवाजाही कम रही। वहीं फसलों पर ओस की बूंदें जमी नजर आई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री व न्यूनतम 10 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार को दो दिन के 8 वीं तक स्कूली बच्चों की छुट्टी के बाद फिर से बच्चे कड़कड़ाती ठंड के बीच जाते नजर आए। वहीं सर्द हवाएं चलने से लोगों का जनजीवन प्रभावित नजर आया। सर्दी के बचने के लिए लोग तीन-पांच लहर तक के ऊनी कपड़े पहने नजर आ रहा है। वहीं गली-गली मोहल्ले में अलाव कर रहे है।

## राजसमंद में तेज हवाओं ने बढ़ाई गलन

- बादल छाए तो सर्दी में आई तेजी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद में आज सुबह से आसमान में बादल छाए हुए है जिससे धूप नही निकल पाई और गलन बढ़ गई। मंगलवार शाम को हवाओं के चलने से व आज सुबह बादल के छा जाने से सर्दी फिर से तेज हो गई है। हालांकि, कोहरा आज साफ रहा जिससे वाहनों की आवाजाही पर कोई खास फर्क नही पड़ा। आज सुबह 10 बजे तक भी धूप नही निकलने से जन जीवन प्रभावित रहा। सुबह बाजारों में लोगो ने ठिठुरन से बचने के लिए जगह जगह अलाव जलाकर सर्दी से अपना बचाव किया। तेज सर्दी के बावजूद आज से कक्षा 8 तक के स्कूलों का अवकाश समाप्त हुआ और फिर से स्कूल खुले। इस दौरान छोटे बच्चों को सर्दी से परेशानियों का सामना करना पड़ा। आज का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हवा की गति 8 किमी प्रतिघंटा दर्ज की गई।

# जैसलमेर में पक्षियों पर आया बड़ा संकट

## लैब में हुई बर्ड फ्लू की पुष्टि; प्रशासन अलर्ट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में बर्ड फ्लू की आहट सुनाई देने लगी है। जिले के लुणेरी तालाब क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों कुरजां (डेमोइसेल क्रेन) के शव मिलने के बाद भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान से आई रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इससे प्रशासन और चिकित्सा विभाग सतर्क हो गए हैं।

बता दें, पहले 11 जनवरी को लुणेरी तालाब के पास 6 कुरजां पक्षियों के शव मिले। इसके बाद 12 जनवरी को बीमार कुरजा पक्षियों की मौत हुई और उनके शवों को जांच के लिए भोपाल भेजा गया। फिर 13 जनवरी को रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई।





### प्रभावित क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाई गई

- इस घटना के बाद लुणेरी तालाब क्षेत्र को इंफेक्टेड हॉटस्पॉट एरिया घोषित किया गया है। संक्रमण को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। पशुपालन विभाग, वन विभाग और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की टीमों का गठन किया गया। वहीं, संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावित क्षेत्र में विशेष रसायन का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही हॉटस्पॉट क्षेत्र में आमजन और पशुओं के विचरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। मृत पक्षियों को सावधानीपूर्वक उठाकर सुरक्षित निस्तारण किया जा रहा है। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर संक्रमण रोकने के लिए विशेष एहतियात बरतने के निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक (पशुपालन विभाग) डॉ. उमेश और डीएफओ आशुतोष ओझा के नेतृत्व में क्यूआरटी टीमें गठित की गईं। संक्रमित क्षेत्र में 24 घंटे निगरानी के लिए गश्त लगाई जा रही है। प्रवासी पक्षियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### पक्षियों के संक्रमण से डर का माहौल

- गौरतलब है की बर्ड फ्लू के इंसानों में फैलने की आशंका से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है। विशेषज्ञों का कहना है कि संक्रमण पक्षियों से इंसानों तक फैल सकता है, इसलिए सतर्कता अत्यंत जरूरी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे मृत पक्षियों के संपर्क में न आएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

### क्या है बर्ड फ्लू?

- बर्ड फ्लू, जिसे एवियन इन्फ्लूएंजा के नाम से भी जाना जाता है, एक वायरल संक्रमण है जो पक्षियों से इंसानों में फैल सकता है। इसके लक्षण बुखार, खांसी, गले में खराश, सांस लेने में तकलीफ जैसे होते हैं। इसलिए संक्रमित क्षेत्रों से दूर रहें, पक्षियों के मृत शवों के संपर्क में न आएं, और सफाई का विशेष ध्यान रखें। जिला प्रशासन ने भी लोगों से सतर्क रहने और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। यदि किसी क्षेत्र में मृत पक्षी दिखाई दें तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

# कोहरे से मिली राहत, मौसम साफ

## सीजन में पहली बार रात का पारा 4.7 डिग्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सर्दी रोजाना नए रिकॉर्ड बना रही है। पिछले दिनों प्रदेश में सबसे ठंडा शहर जैसलमेर रहा था। सोमवार रात का पारा इस सीजन में पहली बार 4.7 डिग्री पर पहुंचा है। प्रदेश में ठंडी रात के मामले में जैसलमेर दूसरे नंबर पर रहा। जैसलमेर से कम न्यूनतम तापमान सिरोही का 4.1 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि बुधवार सुबह मौसम साफ रहा। लंबे समय बाद घने कोहरे से निजात मिली। हालांकि सर्द हवाओं ने लोगों को परेशान किया। बुधवार को सुबह अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार दिन तक मौसम साफ रहेगा। साथ ही तापमान में और गिरावट होने की संभावना है। 18 जनवरी तक कड़ाके की सर्दी का असर रहेगा। उसके बाद से कड़ाके की सर्दी से राहत मिलने की संभावना है।



### रात का तापमान 2 डिग्री गिरा

पिछले दिनों दिन व रात के पारे में जबरदस्त गिरावट हुई थी। वहीं, मंगलवार को दिन के पारे में एकाएक 8 डिग्री का उछाल आ गया। रात के पारे में 2 डिग्री की गिरावट हुई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 17 डिग्री का अंतर रहा।

### सर्दी का असर बढ़ेगा

कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि तापमान कम होने व कड़ाके की सर्दी से जीरा फसल को नुकसान हो सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि जीरा फसल पर टेबुकोनाजोल का स्प्रे करें। उन्होंने बताया कि जीरे के अलावा रबी की अन्य सभी फसलों के लिए कोहरा व सर्दी से फायदा होगा। इससे खेतों में पर्याप्त नमी बनी रहेगी साथ ही दाने के आकार में बढ़ोतरी होगी। वहीं, दानों की संख्या भी बढ़ेगी।

# घर के आगे खड़ी दो बाइकों को जलाया, एक गिरफ्तार

- 4 दिन पहले दिया था वारदात को अंजाम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की बायतु पुलिस ने घर के आगे खड़ी बाइक को जलाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने चार दिन पहले घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही उसके सहयोगी की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार परिवादी ने पुलिस थाना बायतु में 11 जनवरी को रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि घर के आगे बने छपरे में खड़ी दो बाइक को किशनाराम पुत्र नेनाराम निवासी मातासर, टीकम पुत्र तेजाराम निवासी डउकियों की ढाणी भूरटिया ने आग लगाकर जला दिया। मौके से दोनों भाग गए। परिवादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस और एससी-एसटी की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई। बायतु डीएसपी शिवनारायण चौधरी ने बताया- आरोपी की तलाश के लिए टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी और परंपरागत पुलिस के जरिए उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान किशनाराम पुत्र नेनाराम निवासी पूर्वी मातासर, पुलिस थाना नागाणा जिला बाड़मेर को डिटेन किया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल कानाराम, अशोक कुमार और श्यामलाल शामिल रहे।



# व्यापार जगत

# अडानी ग्रीन एनर्जी 7% उछला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई :** भारतीय शेयर बाजार में अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में आज मजबूती देखी गई। खासकर अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (AGEL) के स्टॉक्स में 7.02% की तेज बढ़त हुई, जो ग्रुप की अन्य कंपनियों के मुकाबले सबसे अधिक है।

### क्यों उछले अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर?

अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने हाल ही में घोषणा की है कि उसकी सहायक कंपनी, अडानी रिन्यूएबल एनर्जी फॉर्टी एट लिमिटेड, ने गुजरात के खावड़ा में 57.2 मेगावॉट (MW) क्षमता वाले विंड-सोलर हाइब्रिड प्रोजेक्ट का विंड पावर घटक चालू कर दिया है। इस खबर के बाद निवेशकों में उत्साह बढ़ा और कंपनी के शेयरों में तेजी देखी गई।

### अन्य कंपनियों के प्रदर्शन पर एक नजर

अडानी पावर: 5.68% की बढ़त
अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस: 3.20% की तेजी
अडानी एंटरप्राइजेज: 1.33% का उछाल
अडानी पोर्ट्स: 1.77% की बढ़त
अडानी टोटल गैस: 2.36% का इजाफा




### सीमेंट कंपनियों और अन्य स्टॉक्स का प्रदर्शन

एसीसी: 1.22% की वृद्धि
अंबुजा सीमेंट्स: 1.02% की बढ़त
एनडीटीवी: 2.07% की तेजी
बीते दिन भी थी अडानी के सभी शेयरों में उछाल
पिछले दिन अडानी ग्रुप की सभी कंपनियों के स्टॉक्स में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। अडानी एंटरप्राइजेज: 7.05% की बढ़त (निफ्टी 50 का टॉप गेनर), अडानी पोर्ट्स में 5.25% की तेजी, अडानी ग्रीन एनर्जी में 13.52% का उछाल, अडानी पावर 20% की बढ़त और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में 12.23% की तेजी दिखी थी।

आज सोने-चांदी के दाम में तेजी

# सोना 241 रुपए बढ़कर 78,269 पर पहुंचा

## चांदी 88,908 रुपए प्रति किलो बिक रही

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 15 जनवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 241 रुपए बढ़कर 78,269 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का दाम 78,028 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 178 रुपए बढ़कर 88,908 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 88,730 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।



### चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,220 रुपए है।
मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,070 रुपए है।
कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 73,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 80,070 रुपए है। चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,070 रुपए है। भोपाल। 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,450 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80,120 रुपए है। 2024 में गोल्ड ने 20% और सिल्वर ने 17% का रिटर्न दिया बीते साल सोने का भाव 20.22% बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19% की बढ़ोतरी हुई। 1 जनवरी 2024 को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान, एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। जून तक 85 हजार रुपए तक जा सकता है सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है। अमेरिका के बाद UK ने ब्याज दरों में कटौती की है। इससे गोल्ड ETF की खरीदारी बढ़ेगी। ऐसे में इस साल 30 जून तक सोना 85 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

## आपका राशिफल 16 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखे। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

# देश के बैंकों में 1.50 लाख करोड़ कैश की कमी

- 'डिपॉजिट की ब्याज दरें 7.50% तक पहुंचीं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** देश के बैंकों में कैश की किल्लत एक बार फिर बढ़ गई है। दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में देश के बैंकिंग सिस्टम में नकदी की कमी 1.5 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई। इससे निपटने के लिए बैंक डिपॉजिट बढ़ा रहे हैं। नतीजतन डिपॉजिट की ब्याज दरें 7.50% तक पहुंच गई हैं। कुछ बैंकों ने ज्यादा ब्याज वाली नई स्कीम्स की आखिरी तारीख बढ़ाई है और कुछ ने नई एफडी स्कीम्स लॉन्च की हैं। आईडीबीआई जैसे बैंक सीनियर और सुपर सीनियर सिटीजंस को 0.65% तक ज्यादा ब्याज दे रहे हैं। इसके चलते सुपर सीनियर सिटीजंस के लिए ब्याज दरें 8.05% तक हो गई हैं।



दिसंबर के पहले सप्ताह में बैंकों का कैश सरप्लस 1 लाख करोड़ रुपए था। बाद के पखवाड़े में टैक्स चुकाने के लिए निकासी और विदेशी मुद्रा बाजार में आरबीआई के दखल से नकदी घट गई। बंधन बैंक के चीफ इकोनॉमिस्ट सिद्धार्थ सान्याल ने कहा कि अब रेट बढ़ाकर डिपॉजिट बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। बैंकों में कैश बढ़ाने के लिए डॉलर-रूपी स्वैप का सहारा बैंकों ने रिजर्व बैंक से लिक्विडिटी बढ़ाने के उपाय करने की अपील की थी। इसके बाद आरबीआई ने पिछले सप्ताह डॉलर-रूपी स्वैप का इस्तेमाल किया। आरबीआई ने करीब 3 अरब डॉलर के स्वैप का इस्तेमाल किया। इससे बैंकों को करीब 25,970 करोड़ रुपए का कैश मिला। स्वैप की मैच्योरिटी 3,6 और 12 महीने है। लेकिन ये पर्याप्त नहीं है। उन्हें करीब 1.25 लाख की नकदी और चाहिए। हर 100 के डिपॉजिट पर 80 का लोन बांट रहे बैंक रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 27 दिसंबर 2024 तक बैंकों का डिपॉजिट 9.8% की दर से बढ़ा। इसी दौरान क्रेडिट ग्रोथ यानी कर्ज बांटने की रफ्तार सालाना 11.16% रही। कुल डिपॉजिट 220.6 लाख करोड़ और लोन 177.43 लाख करोड़ तक पहुंच गया। यानी बैंक हर 100 रुपए के डिपॉजिट पर 80 रुपए का लोन बांट रहे हैं। क्रेडिट टू डिपॉजिट का यह रेश्यो 2023 में 79% था, जो 73% होना चाहिए।

# सेंसेक्स 76,724 पर बंद

## रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा चढ़ा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली ।** सेंसेक्स आज यानी 15 जनवरी को 224 अंक की तेजी के साथ 76,724 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 37 अंक की तेजी रही, ये 23,213 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में तेजी और 23 में गिरावट रही। जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। NSE सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.39% की तेजी रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.077% की बढ़त रही। कोरिया के कोस्पी में 0.024% की गिरावट देखने को मिली। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.43% की गिरावट के साथ बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, 14 जनवरी को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 8,132 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 7,901 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

14 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.52% की तेजी के साथ 42,518 पर बंद हुआ। S&P 500 इंडेक्स 0.11% ऊपर 5,842 बंद हुआ। जबकि नैस्डैक इंडेक्स में 0.23% की गिरावट रही। 16 जनवरी को ओपन होगा स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का IPO स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 16 जनवरी को ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू के लिए 20 जनवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। 23 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे।

शिविर का जिला कलक्टर ने किया शुभारंभ

## टोल प्लाजा पर जांची वाहन चालकों की आंखें: कमजोर आंखों वालों को दिए चश्में, बीपी और शुगर भी जांचा





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही/पोसालिया।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं हाईवे मंत्रालय की ओर से 1 से 31 जनवरी तक परवाह थीम के साथ देश भर में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को उथमण टोल प्लाजा पर जिला कलेक्टर अल्पा चोधरी ने चालकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभांरभ किया। जिला कलक्टेर चोधरी ने वाहन चालकों के स्वास्थ्य व आंखों की जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का अवलोकन करते इस पुनित कार्य की सराहना की तथा उन्होंने कहा कि वाहन चालकों का स्वास्थ्य अच्छा रहने एवं आंखों में किसी प्रकार की समस्या न रहने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

उन्होंने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से आमजन में सुरक्षित यातायात के प्रति परिवहन, पुलिस एवं टोल प्लाजा के अधिकारियो को सडक सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी देकर वाहन चालकों को जागरूक करने की बात कही। उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र ने कहा कि ड्राइवरों द्वारा हाईवे पर लंबी दूरी की यात्रा करने के कारण ऑखों व स्वास्थ्य की अन्य समस्याओं से ग्रसित होने पर इलाज में देरी हो जाती है उन्होंने इस शिविर की सराहना की। पुलिस उपाधीक्षक पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि हाईवे पर वाहन चलाने वाले ड्राइवर की अर्थव्यवस्था के संवर्धन में मुख्य भूमिका है। जिला परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी ने वाहन चालकों की आंखों में स्वास्थ्य समस्या के कारण कई बार हाईवे पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए इन कैंपों का आयोजन समय-समय पर किया जाना बेहद उपयोगी है। शिविर में 160 वाहन चालकों ने पंजीयन करवाया जिसमें 116 वाहन चालकों की आंखों की जांच कर 72 को चश्में वितरित किए गए।

### ये रहे मौजूद

प्रिंसिपल कैंसल्टेंट इन्टरीश अनूप राठौड़, ऑपरेशन मैनेजर संजय मारवाड़ी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साइट इंजीनियर मानव, स्वतंत्रता इंजीनियर विभाग के एसके सिन्हा, टोल प्लाजा मैनेजर संदीप शर्मा, पालडीएम के थानाधिकारी हुकमसिंह, परिवहन निरीक्षक पुष्पेन्द्रसिंह व गुलाबसिंह, रूट ऑपरेशन मैनेजर मूलचंद खींची, पेट्रोलिंग टीम के छगन मीणा, जितेंद्र कुमार, भरत कुमार, भंवरलाल, सुरेश कुमार, श्रवणसिंह, विनोद कुमार, खीमाराम, जितेंद्र,परवीन कुमार, सुरक्षा अधिकारी आर्यनसिंह व उन्नति ऑर्गेनाइजेशन की टीम उपस्थित रही।

## चोरी की वारदात का राजफाश करवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

उथमण के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को दिया ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** हल्की सर्दी की दस्तक के साथ ही चोर सक्रिय हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चोरियों की वारदात लगातार बढ़ती जा रही है। चोर मंदिर एवं सूने मकानों में धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। उथमण में भी चोरों ने मंदिर एवं चार पांच घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। इस पर बुधवार को पूर्व जिला प्रमुख अन्नाराम बोराणा के नेतृत्व में शिवगंज उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर चोरी की वारदात का राजफाश करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव के उत्मेश्वर महादेव मंदिर समेत चार पांच घरों में ताले तोड़कर लाखों के आभूषणा, नकदी एवं मोबाइल गायब कर दिए है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने पालड़ी एम थाने में मामला दर्ज कर वारदात का राजफाश के लिए फरियाद लगाई थी। जिस पर उप अधीक्षक ने इन वारदातों का खुलासा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन, आज दिन तक वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया। गांव में सात जनवरी की रात को भोपालसिंह पुत्र भेरुसिंह भाटी, मालाराम पुत्र सांकलाराम कुम्हार, सवाईसिंह पुत्र जयसिंह बालिया, गलबाराम पुत्र समाराम मीणा के घर में चोरी हुई थी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी की समय पर चोरी की वारदात का राजफाश नहीं किया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे।



## पैलेस रोड पर गैस पाइपलाइन फूटने से आग लगी, बड़ा हादसा टला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सरकेएम विद्यालय के बाहर मंगलवार देर रात को मरम्मत कार्य को लेकर खुदाई के दौरान गैस लाइन फूटने से आग लग गई। देखते देखते आग विकराल रुप लिया। इधर, रात को तेज हवा होने के कारण आग का वेग और बढ़ने लगा। इससे इस मार्ग पर काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल दमकल एवं गुजरात गैस कंपनी को सूचित किया। दमकल विभाग और गैस कंपनी के कर्मचारियों की कड़ी मेहनत से करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। गैस कंपनी कार्मिकों ने देर रात को पाइपलाइन को दुरस्त किया गया। दोपहर को यह हादसा होतो तो स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे एवं यहां से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों के चपेट में आने का अंदेशा बढ़ जाता। गैस लाइन में आग लगने की यह करीब तीसरी घटना है।



## मानसी गोस्वामी ने भारत को दिलाया गोल्ड मेडल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** रेवदर उपखंड क्षेत्र के पालड़ी खेड़ा निवासी 19 वर्षीय मानसी गोस्वामी पुत्री गोकुलपुरी गोस्वामी ने हाल ही में नेपाल में आयोजित आठवीं इंडो नेपाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्णपदक जीता। मानसी ने क्रिकेट अंडर-19 में खेलते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। इसके साथ ही मानसी ने राष्ट्रीय स्तरीय पर टूर्नामेंट उत्तराखंड में खेला। जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ। कोच भरत कुमार कोली व अनुज शर्मा व परिवार जनों का विशेष सहयोग रहा। मानसी अभी सेठ मंगलचंद चौधरी राजकीय महाविद्यालय आबूरोड में अध्यनरत है।



## पढ़ाई के साथ खेलकूद भी बच्चों के विकास के लिए है जरूरी: चौधरी

खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में झलका उत्साह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** संभाग स्तरीय केजीबीवी खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन केजीबीवी जावाल में किया गया। जिसमें जालोर, पाली एवं सिरोही की जूनियर एवं सीनियर वर्ग की कुल 321 बालिकाओं ने भाग लिया। बुधवार को जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी समापन समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि गणपतलाल ओझा, शैतानसिंह रावणा, पुनीत अग्रवाल, कालूराम घांची एवं रमेश टेलर तथा पर्यवेक्षण में ईश्वरलाल पुरोहित तथा केजीबीवी की संस्था प्रधान अनीता मीणा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी ने बालिकाओं को पढाई के साथ-साथ खेल भी अनिवार्य रूप से खेलने की बात कही। विभिन्न गतिविधियों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाली बालिकाओं को जिला कलेक्टर सहित अतिथियों एवं भामाशाहों द्वारा पुरस्कृत किया गया। बालिकाओं के लिए समस्त भामाशाहों के द्वारा भोजन एवं पुरस्कार, अल्पाहार, जलपान एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए नोडल प्रधानाचार्य शोभा चारण ने धन्यवाद ज्ञापित किया। एडीपीसी सिरोही ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर समस्त निर्णायकगण एवं भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## कार्यशाला में दी पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी

**सिरोही।** जिला प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में स्वास्थ्य भवन के सभागार में पीसीपीएनडीटी अधिनियम की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक देवकिशन छंगाणी ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य अधिनियम तहत पंजीकृत केन्द्रों को गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 की जानकारी उपलब्ध कराना एंव अधिनियम के बेहतर क्रियान्वयन किया जाना है। उन्होंने प्रशिक्षण मे पीसीपीएनडीटी अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी। महिला अधिकारिता विभाग से योगेन्द्र देथा ने बताया कि राजस्थान लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत सरकार प्रदेश की हर बेटी को जन्म से लेकर 21 वर्ष तक पूरे 7 किश्तों में 1 लाख रुपए देगी। 1 अगस्त 2024 और उसके बाद जन्मीं बालिकाओं के लिए यह योजना मान्य है। जिला आईईसी समन्वयक दिलावर खां, कल्पेश खंडेलवाल आदि उपस्थिति रहे।



## वालंटियर प्रशिक्षण का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हालीवाड़ा की पीईईओ अधीन विद्यालय राउप्रावि सिरोड़की, रेबारी गोलुआ सिरोड़की, राप्रावि डूंगरपूरा में विभाग के समयानुसार वालेंटियर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें दक्ष प्रशिक्षक नवाराम मेघवाल ने प्रशिक्षण माड्यूल की सहायता से समस्त विद्यालयों में वॉलेंटियरो को उनके कार्यों का महत्तव, शिक्षा कार्यकर्मों मे भूमिका, विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों मे सहभागिता सुनिश्चित करने एवं विद्यालय विकास के लिए भामाशाहों से संपर्क स्थापित करने आदि की जानकारी दी गई।

## मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरुपगंज।** भाजपा के नवनियुक्त नितोड़ा एवं सरुपगंज मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया। नितोड़ा मंडल अध्यक्ष बालकीदेवी गरासिया एवं सरूपगंज मंडल अध्यक्ष अरविंदसिंह देवड़ा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। गरासिया ने सभी कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि वह भाजपा की नीतियों को आमजन तक पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता को भाजपा से जोड़ने एवं युवाओं के लिए कार्य के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगी। पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपाराम देवासी, पवन कुमार, ताराराम चौधरी, भूराराम कलबी, सलीम खान, मनीष प्रजापत, जयंतीलाल माली, सुमित्रा कुंवर, गोरधन मोहरेशा, सूरमारम गरासिया, खुशवंतसिंह, जितेंद्रसिंह, अशोक मीणा, प्रेमाराम चौधरी, समेत मौजूद रहे।



## संक्रांति पर किया दान पुण्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** मकर संक्रांति पर सेवा प्रकल्प की ओर से काटल में 400 किलो खाद्य सामग्री एवं अन्य जरूरत की घरेलू सामग्री वितरित की गई। सेवा प्रकल्प प्रभारी गोविन्दसिंह चौधरी ने बताया की परिषद की ओर से समय समय पर ऐसे निर्धन व असहाय परिवार का सहयोग किया जाता रहा है। डा0 दिनेश पुरोहित, शाखा सचिव भवरेश प्रजापत, कोषाध्यक्ष विमल रावल, विजय प्रकाश गौतम, महेश ओझा, विजयराज सोनी, भेराराम कुम्हार, लक्ष्मी नारायण, मनोहरलाल, सुखराज खण्डेलवाल,जैसाराम भील का सहयोग रहा। इसी तरह मकर संक्रांति पर राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद द्वारा वर्धमान संस्कृति सेवाधाम आशा चेरीटेबल ट्रस्ट मुंबई के सौजन्य से कच्ची बस्ती पिण्डवाड़ा में कम्बल वितरण किए। पालिका पिण्डवाड़ा के महेंद्र राजपुरोहित, घुमन्तू के जिला प्रभारी ईश्वरसिंह परमार, विद्या भारती उपाध्यक्ष रमेश पटेल, महावीर इंटर नेशनल उपाध्यक्ष राजेश रावल, शंकरराज पुरोहित एवं राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद पिण्डवाड़ा संगठन मंत्री अशोक कुमार सेन ने सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद महिला पुरुषों को कम्बल वितरित किए।

## मानव सेवा सबसे बड़ा परमार्थ हैं : चारण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिदलर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिलदर में नर्सिंग अधिकारी के जन्मदिन पर पौधरोपण किया गया। राजस्थान नर्सेज यूनियन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जीवतदान चारण ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिलदर पर नर्सिंग अधिकारी के रूप में सेवा दे रहा हूं। इसके अलावा नर्सेज की प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी भी रहती है। हर वर्ष की भांति इस साल भी जन्मदिन पर चिकित्सा परिसर में एक पेड़ मां नाम पौधरोपण कर उसकी जिम्मेदारी ली गई। इसके अलावा जरूरतमंदों को कंबल वितरण व गायों गुड़ खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। चारण ने कहा कि जीवन मे मानव सेवा करने का अवसर मिला है। अस्पताल में आमजन की सेवा करना सबसे बड़ा परमोधर्मः भी है। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विवेक जोशी, प्रभारी अधिकारी डॉ निहालसिंह मीणा सिलदर, डॉ सुरेश कुमार जालोरा, विक्रम जीनगर नर्सिंग अधिकारी, हेमलता मीणा, लोकेश कुमार, राजेश कुमार, नीरज कुमार, प्रकाश कुमार, माया देवी, परमेश्वरी, सुशीला, सरवन कुमार, सुरेश कुमार, सफेदी मीणा, पायल चौधरी, प्रीतम रावल एवं कविता सुथार आदि मौजूद थे।



### बैठक कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पंचायत समिति सिरोही की सामान्य बैठक शुक्रवार को प्रधान हंसमुख कुमार की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी विकास अधिकारी मंछाराम ने दी।

### बैठक 20 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की अध्यक्षता में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक राजेन्द्र कुमार पटेल ने दी।

## दक्षिण भारतीय रीति रिवाज से मनाई मकर सक्रांति



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** मकर सक्रांति पर केसरगंज स्थित अय्यप्पा मंदिर में मंगलवार रात दक्षिण भारतीय रीति रिवाज से पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। शाम साढ़े सात बजे अग्नि आरती, रात आठ से नो बजे तक भजन, साढ़े नो बजे महाप्रसादी का आयोजन किया गया। अयप्पा स्वामी भगवान विष्णु व शंकर भगवान के अंश है। जिनका मूल क्षैत्र केरल राज्य के पत्तनमति जिले का शबरीमला है। जहां अयप्पा स्वामी ने असुर महिषि को मोक्ष दिया था। जिले के मलयाली समाज के बन्धुओं ने श्री अय्यप्पा भगवान के मंदिर में पूजा,अर्चना, प्रसाद आदि का लाभ लिया। स्वामिये शरणम अयप्पा... के श्लोक से मंदिर गुंजायमान रहा। 17 नवम्बर से प्रथम पूजा होती है। इसके बाद अंतिम पूजा मकर सक्रान्ति को होती है। इस दिन भगवान अयप्पा ज्योति स्वरूप प्रकट होते है। सभी मलयाली परिवार द्वारा गणेष वन्दना गणेश शरणम शरणम गणेशा..., एक बार आओजी अयप्पा मारे आंगणे..., भक्तों को दर्शन आदी गीत गाए गए।

### यह रहे मौजूद

उपाध्यक्ष टीएस राधाकृष्णन, श्रीकुमार नायर, कैलाशचन्द्र जीनगर, कीर्ति कुमार नाम्बियार, वीजू जेके, एमडी पिल्लई, सुमा, सुशीला, गौरव जीनगर, बनवारीलाल मिश्रा, मनीष अग्रवाल दिनेश, प्रवीण, विक्रम मिश्रा, गोपाल,पारस तिवारी, गुलाब, महिलाएं आदि शामिल थे।

## यूनियन ने मनाई 21वीं वर्षगांठ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**तलहटी।** अरावली मजदूर यूनियन मॉडर्न इन्सूलेटर्स लिमिटेड की 21वीं वर्षगांठ यूनियन अध्यक्ष वेलाराम गरासीया ने झण्डारोहण के साथ मनाया गया। यूनियन अध्यक्ष वेलाराम ने कहा कि संगठन की एकता, भाईचारा व संगठित रहते हुए श्रमिकों के हितार्थ कार्य किए गए। महामंत्री रामलाल बंजारा यूनियन के फाउण्डर व संचालक स्व. सरदार खान के यूनियन के प्रति श्रद्धा व कर्तव्यनिष्ठा के बारे में अवगत करवाया। संचालक भैराराम देवासी ने सभी को सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष गुलाबसिंह सोलंकी ने श्रमिको को नियमित कारखाने में कार्य पर आने पर जोर दिया। शंकरलाल बंजारा, नरेश प्रजापत, चतराराम, महेश प्रजापत, किशनलाल, गोविन्दराम, कैलाश, किशनलाल, शांतिलाल, जब्बरसिंह, बदाराम, विरमाराम, यशवीरसिंह, सलीमखान, छोटूखान, छगनभाई, राजू, दिनेश डांगी, सोहेलखान, जगाराम, वि' मराज सहित यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## डॉ. पंचाल को कृषि क्षेत्र में पीएचडी के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के कृषि विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. राजेश पंचाल को नवसारी (गुजरात) कृषि विवि के 20वें दीक्षांत समारोह में उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए डॉ. सीटी पटेल ने स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। डॉ. पंचाल को यह सम्मान कृषि में उनके महत्वपूर्ण योगदान और शोध गुणवत्ता के लिए प्रदान किया गया। डॉ. पंचाल ने अपने शोध में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की समस्याओं का समाधान खोजने पर जोर दिया। पुरस्कार स्वीकार करते हुए डॉ. पंचाल ने कहा कि यह सम्मान उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। वे इसे अपने परिवार, छात्रों और सहयोगियों को समर्पित करते है। उनका उद्देश्य आगे भी कृषि क्षेत्र में अनुसंधान करना और किसानों की सेवा करना है। विवि के चैयरमेन डॉ राजकुमार ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल डॉ. पंचाल के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए भी प्रेरणा है। विवि के चेयरपर्सन हिम्मतसिंह देवल, प्रो. चेयरपर्सन डॉ. बीके गौतम, प्रेसिडेंट प्रो. डॉ. राजीव माथूर, रजिस्ट्रार डॉ भावेश कुमावत व कृषि विभाग के अधिष्ठाता डॉ. वीआर. पटेल आदि ने पंचाल को बधाई दी।



महिला क्रिकेट



प्रतिका रावल ने किया कमाल

# भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत

## वनडे में आयरलैंड को 300 से ज्यादा के अंतर से हराया

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 304 रन से जीत दर्ज करते हुए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। यह भारतीय महिला टीम की वनडे में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उन्होंने 2017 में 249 रन से जीत दर्ज की थी और इस दौरान पर आयरलैंड के खिलाफ ही जीत दर्ज की थी। इसी के साथ ही भारत ने सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली है। स्मृति मंधाना के सबसे तेज शतक जड़ने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनने और प्रतिका रावल के पहले सैकड़े की मदद से भारत ने बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में पांच विकेट पर 435 रन बनाए। यह भारत का 50 ओवर के प्रारूप में अब तक का सर्वोच्च स्कोर है।

इसके जवाब में दीप्ति शर्मा के तीन विकेट और अन्य गेंदबाजों की मदद से भारत ने बड़ी जीत अपने नाम की। आयरलैंड की तरफ से सारा फोर्ब्स ने 41 रन की सबसे बड़ी पारी खेली। इससे पहले कार्यवाहक कप्तान स्मृति ने सिर्फ 70 गेंद पर 135 रन (80 गेंद) बनाए जो उनका 10वां वनडे शतक है। इस तरह भारतीय महिला टीम पहली बार 400 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रही। इससे भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ एलीट सूची में शामिल होने में कामयाब रही। यह महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चौथा सर्वोच्च स्कोर भी है। अपनी इस शानदारी पारी की मदद से स्मृति ने हरमनप्रीत कौर के पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंद पर बनाए गए शतक को भी पीछे छोड़ दिया। स्मृति ने 39 गेंद में अपना 31वां वनडे अर्धशतक पूरा किया और बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने हवाई शॉट लगाने से भी गुरेज नहीं किया। उनकी पारी में सात छक्के और 12 चौके जड़े थे। वहीं रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाली दिल्ली की क्रिकेटर प्रतिका ने अपनी कप्तान का पूरा साथ निभाते हुए शानदार पारी खेली।

### स्मृति ने दो छक्के जड़े

पिछली बार दीप्ति शर्मा और पूनम राउत ने 2017 में आयरलैंड के खिलाफ पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 320 रन की साझेदारी निभाई थी। यह तीसरा मौका था जब दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने महिला वनडे में शतक जड़े हों। इससे पहले 1999 में रेश्मा गांधी और मिताली राज तथा दीप्ति और राउत ने आयरलैंड के खिलाफ शतक जड़े थे। भारतीय जोड़ी ने पावरप्ले के दौरान 90 रन और अगले 10 ओवर में 67 रन जोड़े जिससे स्कोरिंग गति तेज रही। इस तरह दोनों ने पिछली छह पारियों में से चौथी बार 100 रन की भागीदारी बनाई। स्मृति ने कैलेंडर वर्ष का अपना पहला शतक अर्लेन कैली की गेंद पर शानदार ड्राइव के साथ पूरा किया। तीसरे नंबर पर उतारी गईं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने भी फॉर्म में वापसी की और 37 गेंद में अर्धशतक बनाया। यह वनडे में उनका पांचवां अर्धशतक था। आयरलैंड ने सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया लेकिन ये सभी भारत की बल्लेबाजों के सामने संघर्ष करती दिखीं।

भारतीय स्टार के भविष्य पर इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर का बयान

# विराट का चला गया समय



नई दिल्ली। पूर्व इंग्लैंड क्रिकेटर डेविड लॉयड ने स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के टेस्ट भविष्य पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि उनका समय समाप्त हो गया है। कोहली हाल के दिनों में लंबे प्रारूप में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं क्योंकि हाल के टेस्ट सत्र में उनका प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। पूर्व भारतीय कप्तान ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाया, लेकिन अपनी फॉर्म को जारी रखने में असफल रहे क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी का फायदा उठाया। लंबे समय से खराब फॉर्म के बाद भारतीय टेस्ट टीम में कोहली की जगह को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में लॉयड ने कोहली के खराब प्रदर्शन पर अपने विचार साझा किए।

और कहा कि भारतीय बल्लेबाज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से आगे निकल चुका है। उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर उनकी कमजोरी पर भी टिप्पणी की और कहा कि एक बार जब वह इंग्लैंड आएंगे, तो उन्हें एक बार फिर उस क्षेत्र में निशाना बनाया जाएगा। लॉयड ने कहा, 'विराट कोहली जानते हैं कि वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं और इससे उन्हें दुख होगा। जब भारत इंग्लैंड आएगा, तो आपको पता होगा कि वे कहां होंगे। ऑफ स्टंप के ठीक बाहर, और बिजनेस एरिया स्लिप होगा। 36 साल की उम्र में उन्हें दिमाग में पता है कि उन्हें क्या करना चाहिए। आपकी सजगता धीरे-धीरे काम करती है। पोंटिंग ने कहा कि वे सामान्य से थोड़ा अधिक समय तक खेलते रहे। चयनकर्ताओं को पता होना चाहिए। वे उन महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें हमने देखा है, लेकिन वे अपने सर्वश्रेष्ठ से आगे निकल चुके हैं। कोच गौतम गंभीर की भूमिका बहुत बड़ी होगी, क्योंकि वे उस ड्रेसिंग रूम में रहे हैं। उन्होंने समय खो दिया है। उनका समय खत्म हो गया है।' इसके अलावा लॉयड ने कहा कि कोहली के पास समय नहीं है, उन्होंने उनकी कमजोर होती सजगता और प्रतिक्रिया समय का उल्लेख किया।

## पहलवान अमन सेहरावत के ओलंपिक पदक का रंग फीका पड़ा

### आईओसी से करेंगे शिकायत

नई दिल्ली। 2024 पेरिस ओलंपिक के सभी दोषपूर्ण पदकों को बदलने की खबरों के बीच भारतीय पहलवान अमन सेहरावत के कांस्य पदक का रंग भी फीका पड़ने लगा है, लेकिन पहलवान ने अभी तक इस मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक पदार्पण पर अमन ग्रीष्मकालीन खेलों में सबसे कम उम्र के भारतीय पदक विजेता बने, जब उन्होंने पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता। 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए पदक बनाने वाली कंपनी मोनाई डे पेरिस ने कहा कि वह पदकों के खराब होने की कई शिकायतों के बाद एथलीटों के अनुरोध पर सभी क्षतिग्रस्त पदकों को बदल देगी। अमन ने पदक बदलने के लिए आधिकारिक तौर पर अपनी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। भारतीय पहलवान के एक करीबी सूत्र ने बताया, 'अमन सेहरावत ने पेरिस में जो कांस्य पदक जीता था, वह दोषपूर्ण लगता है। इसका रंग फीका पड़ने लगा है। हमने अभी तक आईओसी के साथ आधिकारिक शिकायत साझा नहीं की है।' जानकारी के अनुसार,



केवल चार महीनों में पेरिस 2024 ओलंपिक और पैरालंपिक खेल आयोजन समिति को एथलीटों द्वारा 100 से अधिक दोषपूर्ण पदक लौटाए जा चुके हैं। प्रत्येक पेरिस 2024 पदक, एक लक्जरी फ्रांसीसी जौहरी चौमेट द्वारा डिजाइन किया गया था जिसे फ्रांस के सबसे प्रतिष्ठित प्रतीक एफिल टॉवर से लोहे के एक टुकड़े से सजाया गया था। प्रत्येक पदक के केंद्र में 0.6 औंस का पुडल आयरन का टुकड़ा है। पिछले साल ग्रीष्मकालीन खेलों के समापन के तुरंत बाद विभिन्न एथलीटों ने सोशल मीडिया पर साझा किया कि जीते गए पदक पहले से ही अपनी चमक खोने लगे हैं।

# जोकोविच ने बनाया सर्वाधिक मैच खेलने का नया रिकॉर्ड



मेलबर्न। नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच में कोर्ट पर उतरते ही ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया जबकि नाओमी ओसाका पिछले तीन साल में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंची। जोकोविच चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 430 मैच खेल चुके हैं जो नया रिकॉर्ड है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रोजर फेडरर (429) की बराबरी की थी। जोकोविच ने दूसरे दौर में पुर्तगाल के क्वालीफायर जेमी फरिया को 6-1, 6-7(4), 6-3, 6-2 से हराया। जोकोविच अब ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में 379 मैच जीत चुके हैं जबकि 51 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट हमारे खेल के मजबूत स्तंभ हैं। इस खेल के इतिहास में वह बहुत मायने रखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि आज एक और रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा।'

### ओसाका ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचीं

- पुरुष वर्ग में ही तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योशिहितो निशिओका पर 6-0, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। महिला एकल में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ओसाका 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचीं। उन्होंने अमेरिकी ओपन की सेमीफाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 1-6, 6-1, 6-3 से जीत हासिल की।

### लौरा सीगमंड का आक्रामक प्रदर्शन

- इस बीच विश्व रैंकिंग में 97वें नंबर की खिलाड़ी लौरा सीगमंड ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक चैंपियन और पिछले साल की उप विजेता झेंग किनवेन को सीधे सेटों में पराजित करके बड़ा उलटफेर किया। झेंग पिछले साल फाइनल में आर्यना सबालेंका से हार गई थी लेकिन इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था तथा वह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए फाइनल्स में उपविजेता रही थी।

इस दौरान चेयर अंपायर ने समय बर्बाद करने को लेकर झेंग को चेतावनी भी दी। झेंग ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि आज मेरा दिन नहीं था। मैं महत्वपूर्ण मौकों पर अंक हासिल करने में नाकाम रही। टाइम कंट्रोल को लेकर चेतावनी मिलने से भी मेरी एकाग्रता भंग हुई।' पिछले दो बार की चैंपियन सबालेंका ने आखिरी पांच गेम जीतकर विश्व में 54वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बौजास मनेइरो को 6-3, 7-5 से हराकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। वह इस टूर्नामेंट में लगातार 16 मैच जीत चुकी हैं।

## विधायक विनेश फोगाट की रेसलिंग के मैट पर वापसी

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद विनेश फोगाट जल्द ही रेसलिंग में वापसी कर सकती है। विनेश ने बीते साल पेरिस ओलंपिक में डिस्क्वालिफाई होने के बाद रेसलिंग से संन्यास का ऐलान किया था और राजनीतिक सफर शुरू किया। हालांकि उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक



ऐसा वीडियो शेयर किया है जिसके बाद उनकी वापसी की चर्चा शुरू हो गई है। विनेश फोगाट ने वीडियो शेयर किया है जिसमें वह रेसलिंग का अभ्यास करते हुए नजर आ रही है। वह अपनी विरोधी के साथ कुश्ती करती हैं और फिर उन्हें चित्त कर देती है। इसके बाद विनेश हंसते हुए मैट से बाहर चली जाती हैं। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने दो इमोजी पोस्ट किए। एक इमोजी रॉकेट है वहीं दूसरी इमोजी धुएं का इमोजी है। दूसरे इमोजी का इस्तेमाल स्पीड, रफ्तार, जल्दी से आगे बढ़ने के लिए किया जाता है।

म नो रं ज न

# अनुष्का शेट्टी की फिल्म 'घाटी' का पहला लुक जारी



साउथ अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी की आने वाली फिल्म 'घाटी' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फैंस लगातार फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां पाने के लिए उत्सुक हैं। पहले ही फिल्म से अनुष्का शेट्टी की झलकियां सामने आ चुकी हैं, जिसमें अभिनेत्री का दमदार अवतार नजर आया था। वहीं, अब फिल्म में मुख्य नायक का किरदार निभाने वाले अभिनेता विक्रम प्रभु का भी लुक निर्माताओं ने जारी कर दिया है। फिल्म में विक्रम प्रभु, अनुष्का शेट्टी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'घाटी' के निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता का पहला लुक जारी कर दिया है। विक्रम फिल्म में देसी राजू के रूप में नजर आएंगे। पोस्टर में विक्रम कैमरे की ओर देखते हुए धांसू लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेता के किरदार की पहली झलक का वीडियो बुधवार को 4.30 बजे जारी किया गया। कृष अपनी फिल्मों में अलग-अलग तरह के कलाकारों को शामिल करने के लिए जाने जाते हैं और विक्रम का 'घाटी' में शामिल होना काफी चौंकाने वाला है। प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह फिल्म में किस तरह का किरदार निभाएंगे। हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के टीजर ने पहले ही कई लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है। निर्माता वामसी कृष्ण रेड्डी, प्रमोद उप्पलापति, वाई राजीव रेड्डी और जे साई बाबू ने यूवी क्रिएशन्स और फर्स्ट फ्रेम एंटरटेनमेंट्स के लेबल के तहत 'घाटी' का निर्माण किया। निर्माताओं ने मार्च 2024 में 'घाटी' के लिए एक घोषणा की थी और लिखा, 'बदला, मोचन और प्रतिशोध की एक मनोरंजक कहानी, जहां एक पीड़ित अपराधी बन जाती है और लीजेंड का दर्जा प्राप्त करती है। अनुष्का इस महिला-केंद्रित फिल्म में मुख्य किरदार निभा रही हैं।' यह फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## दीपिका-रणबीर की फिर पर्दे पर वापसी!



बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' को पिछले दिनों मेकर्स ने बॉक्स ऑफिस पर री-रिलीज किया। फिल्म को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला और अब जब बॉलीवुड के एक्स-कपल की फिर एक बार चर्चा है तो इसी बीच जानकारी आई है कि एक अपकमिंग फिल्म में फैंस फिर एक बार अपने इस चहेते कपल को पर्दे पर एक साथ देख पाएंगे। खबर है कि कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण का कैमियो रोल होगा। सिर्फ रणबीर-दीपिका ही नहीं, बल्कि 'ये जवानी है दीवानी' के अन्य कलाकार भी आपको कार्तिक आर्यन की इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे। आदित्य रॉय कपूर और कल्कि कोचलिन भी दर्शकों की पुरानी यादें ताजा करते दिखाई पड़ेंगे। जहां तक कार्तिक आर्यन के अपोजिट फीमेल लीड रोल प्ले करने की बात है तो इस किरदार के लिए करण जौहर शरवरी वाघ के नाम पर विचार कर रहे हैं। सुपरहिट फिल्म मुंज्या और फिर महाराजा में गजब का काम दिखा चुकीं शरवरी वाघ की यह अगली बड़ी हिट हो सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक मेकर्स दो अलग-अलग यूनिवर्स को इस फिल्म के जरिए क्रॉस करने की कोशिश करेंगे ताकि दो अलग-अलग कहानियां एक साथ आ सकें। लेकिन जाहिर तौर पर दर्शकों का ध्यान इस बात पर भी रहेगा कि क्या इस फिल्म के जरिए मेकर्स अगले पार्ट को फिर से रिवाइव करने की तैयारी शुरू करेंगे। बता दें

## दिलजीत ने साझा की 'पंजाब 95' की खास झलकियां

दिलजीत दोसांझ के 'दिल-लुमिनाती' टूर ने भारत और दुनिया भर में दर्शकों का मनोरंजन किया। अब गायक और अभिनेता अपनी आगामी फिल्म 'पंजाब 95' के साथ चर्चा बटोर रहे हैं। बुधवार को अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से कई मनमोहक तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के जरिए दिलजीत ने अपने किरदार की कुछ झलकियां साझा की हैं। तस्वीरें साझा करते हुए दिलजीत दोसांझ



ने फिल्म के टीजर की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया। अभिनेता ने घोषणा की कि फिल्म का टीजर 17 जनवरी को जारी किया जाएगा। दिलजीत दोसांझ की फिल्म पंजाब '95, मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित है। यह फिल्म एक साल से भी अधिक समय से केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से मंजूरी मिलने का इंतजार कर रही थी। दिल्जीत्त दोसांझ द्वारा

# सनी देओल-वरुण धवन ने जवानों के साथ बिताया समय



सेना दिवस के अवसर पर 'गदर' फेम एक्टर सनी देओल ने बुधवार को देश के जवानों के साथ समय बिताया। एक्टर ने देश के असली नायकों के साहस, बलिदान और अटूट समर्पण को भी सलाम किया। एक्टर वरुण धवन ने भी देश के जवानों के साथ समय बिताया और फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। देओल ने इंस्टाग्राम पर कई वीडियो और तस्वीरें शेयर कीं। एक वीडियो में एक्टर और सैनिक 'भारत माता की जय' का नारा लगाते हुए नजर आए। बाकी तस्वीरों में बॉलीवुड एक्टर सैनिकों के साथ तस्वीरें खिंचवाते और उनके साथ पंजा लड़ाते भी दिखाई दिए। पोस्ट को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा, "तब, अब और हमेशा हमारे नायकों के साहस, बलिदान और अटूट समर्पण को सलाम। भारतीय सेना दिवस की शुभकामनाएं। हिंदुस्तान जिंदाबाद, सेना दिवस।" सनी ने फैंस को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें वो अलाव के पास बैठे नजर आए थे। वरुण धवन ने सेना दिवस पर जवानों के साथ सेल्फी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'इस सेना दिवस पर भारत के असली नायकों का सम्मान करें। उनके साथ होने पर गर्व है।' भारत में सेना दिवस हर साल 15 जनवरी को मनाया जाता है। ये दिन लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने 15 जनवरी 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभाला था। देओल के पास मलिनेनी निर्देशित 'जाट' है, जिसका टीजर आउट हो चुका है। वो जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे, जिसमें उनके साथ दिलजीत दोसांझ, वरुण धवन और अहान शेट्टी भी अहम भूमिका में हैं।

## 'गृह लक्ष्मी' की टीम के साथ सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची हिना

हिना खान इस वक्त ब्रेस्ट कैंसर के दर्द से गुजर रही हैं। लेकिन मुश्किल हालातों में भी एक्ट्रेस ने काम करना नहीं छोड़ा। बहुत जल्द वो वेब सीरीज 'गृह लक्ष्मी' में नजर आने वाली हैं। हाल ही में इसकी टीम के साथ वो सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची। हिना खान मंगलवार की सुबह अपनी वेब सीरीज 'गृह लक्ष्मी' के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची और बप्पा का आशीर्वाद लिया। हिना खान मंगलवार की सुबह अपनी वेब सीरीज 'गृह लक्ष्मी' के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची और बप्पा का आशीर्वाद लिया। हिना ने इसकी कई तस्वीरें अब अपने इंस्टाग्राम अकाउंट



की स्टोरी पर शेयर की हैं। तस्वीरों में वो दिग्गज एक्टर चंकी पांडे समेत कई स्टार्स संग नजर आईं। इन तस्वीरों में हिना खान ब्लू कलर की काफ्तान ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने मेकअप और खुले कर्ली बालों के साथ अपना लुक पूरा किया है। हिना खान ने मंदिर में ना सिर्फ बप्पा का आशीर्वाद लिया बल्कि माथे पर तिलक भी लगवाया। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर छाई हुई है।

# छह साल बाद वापसी कर रहे नील नितिन मुकेश



नील नितिन मुकेश चंद माथुर को दर्शक नील नितिन मुकेश के नाम से जानते हैं। नील का जन्म 15 जनवरी 1982 को मुंबई में हुआ। वे पार्श्व गायक नितिन मुकेश के बेटे और गायक मुकेश के पोते हैं। नील के 43वें जन्मदिन पर जानिए उनसे जुड़े दिलचस्प किस्से। 2019 में आई 'साहो' फिल्म के बाद नील ने फिल्मों से दूरी बना ली थी, लेकिन अब फिर से नील 'हिसाब बराबर' से अपना बॉलीवुड कमबैक कर रहे हैं। इस फिल्म में नील के अलावा आर. माधवन भी नजर आएंगे। इस फिल्म का ओटीटी प्रीमियर 24 जनवरी को जी5 पर होगा। फिल्म 'हिसाब बराबर' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु भाषा में भी रिलीज होगी। फिल्म को अश्विनी धीर ने निर्देशित किया है। फिल्म में नील स्कैम करने वाले शख्स के रोल में नजर आएंगे। नील नितिन मुकेश की दादी एक गुजराती श्रीमाली ब्राह्मण थीं और उनके दादा मानी सिंगर थे। नील का नाम लता मंगेशकर ने अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग के नाम पर रखा था। नील ने विजय में सिर्फ छह साल की उम्र से अभिनय की शुरुआत की थी। 'जैसी करनी वैसी भरनी' में भी एक बाल कलाकार के रूप में अभिनय किया था। उन्होंने फिल्मों में ऋषि कपूर और गोविंदा के बचपन का किरदार निभाया है। 2007 में श्रीराम राघवन की थ्रिलर फिल्म 'जॉनी गद्दार' में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई। इस फिल्म के बाद नील ने न्यूयॉर्क, प्रेम रतन धन पायो, गोलमाल अगेन और साहो में अभिनय किया है। उन्होंने तमिल फिल्म में 'कथ्थी' और तेलुगु फिल्म में 'कवचम' में भी अभिनय किया। अब वह फिल्म 'हिसाब बराबर' में नजर आ रहे हैं। नील नितिन मुकेश को आखिरी बार फिल्म 'बायपास रोड' में विक्रम कपूर के किरदार में देखा गया था। 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म के निर्माता भी थे।

## करंट की चपेट में आने से टेंटकर्मी घायल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** गुरलाई में बुधवार को शादी समारोह में टेंट लगाने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक कार्मिक घायल हुआ। जिसे उपचार के पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार गुरलाई में बुधवार दोपहर को शादी समारोह में गुरलाई निवासी देवाराम पुत्र तेजाराम बावरी टेंट लगा रहा था। इस दौरान ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन से उसका टेंट पोल टकरा गया। जिससे करंट लगने से वह करीब 8 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए तुरंत पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार किया गया। हादसे में करंट से युवक के पैर और पीठ घाव हो गया।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बुधवार को जिला परिषद सभागार में सीइओ मुकेश चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख विभाग के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस पर निकाली जाने वाली विभागीय योजनाओं की (थीम) के सम्बन्ध में विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसमें विभिन्न प्रमुख विभाग के अधिकारियों को झांकी प्रदर्शन के आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाड़ोल।** अणसीबाई मार्ग के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार दिनेश कुमार मेघवाल उर्फ रमेश कुमार मंगलवार शाम को बाइक पर सवार होकर खारड़ा की ओर जा रहा था। उसी दौरान अज्ञान वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हुआ। जिसको लोगों एवं अन्यों ने उसे देवीबाई रंगराज सोनिगरा अस्पताल लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचारके बाद उसे पाली रैफर किया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टर्माटम करवाकर परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** डीओआईटी कलेक्ट्रेट परिसर के डीओआईटी सभागार में गुरुवार को संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभासिंह की अध्यक्षता में जिलास्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।

## जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की माह जनवरी की मासिक बैठक गुरूवार सूचना प्रौद्योगिकी कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह ने दी।

# कल मनाई जाएगी मिर्धा की 135 वीं जयंती

**जाट समाज की 300 प्रतिभाओं का होगा सम्मान**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** समाज सुधारक एवं किसान केसरी बलदेवराम मिर्धा की 135वीं जयंती शुक्रवार को समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। वीर तेजा विकास समिति अध्यक्ष अमराराम ने बताया कि समिति के तत्वावधान में सवेरे डाक बंगला स्थित मिर्धा सर्किल पर शहर के गणमान्य नागरिकों एवं किसान वर्ग से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा मिर्धा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विचारगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 72 फीट बालाजी के सामने जाट समाज की 300 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। सचिव शिवराम जाट ने बताया की कार्यक्रम मे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद मे चयनित, दसवीं बाहरवी मे 75 फीसदी, नव चयनित कर्मचारी, सहित अन्य सेवाओं मे उत्कृष्ट कार्य करने वालों को समाज की और सम्मानित किया जाएगा।



**इनकी रहेगी उपस्थिति**

सम्मान समारोह महंत सुरजनदास के सानिध्य में पाली के प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा, पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, पूर्व संसदीय सचिव दिलीप चौधरी, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, डीआईजी स्टाम्प भगीरथ चौधरी, अति पुलिस अधीक्षक एसीबी धर्मेंद्र डुकिया, रिछपालसिंह, राधाकिशन सारण, राजेंद्र जाखड़, पाना चौधरी मौजूद रहेंगे।

**इनको सौंपी जिम्मेदारी**

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हरिराम कलिया, राजेंद्र लहर, रतनाराम बाना, कालूराम कालीराणा, विशनाराम गोदारा, दयाराम जाट, राजेन्द्र किसान, भंवरलाल जलवाणीया, बाबूलाल कालीराणा, महेंद्र मेंदा मंडिया, राजेंद्र जांगू, मदनलाल जांचर, नरसिंग बरकिया, विशनाराम कागट, ईश्वर चौधरी, धर्मेंद्र बेनीवाल, दयाल सेवदा, रणवीर सारण, संजीव रेवाड़, प्रधान कालीराना, प्रधान सोऊ, देवाराम गोदारा, भेराराम डांगी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# विद्यार्थियों को करवाया शैक्षणिक भ्रमण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर में जाखा नगर स्थित फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट (होटल मेनेजमेंट शाखा) में बुधवार को महेश केशव एंग्लो वैदिक स्कूल शिवगंज का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हुआ। जिसमें डायरेक्टर बीएम झां, सह डायरेक्टर आरती झां, निजी शिक्षक संघ अध्यक्ष विष्णु परिहार के सानिध्य में नौवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था प्रधान सोहनसिंह मीना ने छात्रों को संस्थान का भ्रमण करवाया एवं बारहवी पास छात्रों के लिए विभिन्न रोजगार परक होटल मेंनेजमेंट पाठ्यक्रमों के बारे मे अवगत कराया। उन्होंने इन सभी होटल मेंनेजमेंट पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि केवल मात्र अकादमिक डिग्री हासिल करने की बजाए छात्रों को हुनर एवं कौशल विकसित करने वाले रोजगार परक पाठ्यक्रमों को चुनना होगा। संस्थान के व्याख्याता भगवतसिंह तथा युवराजसिंह ने छात्रों को होटल एवं रेस्टोरेंट में प्रचलित अग्रेंजी एवं फ्रेंच शब्दावली के बारे में जानकारी दी।



## यातायात नियमों की जागरूकता में युवा करेंगे सहयोग

**पाली।** सड़क सुरक्षा माह के तहत 17 से 23 तक जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, माय भारत व नेहरू युवा केन्द्र के चयनित 25 युवाओं द्वारा आमजन को यातायात नियमों की जानकारियों के लिए जागरूकता कार्य म यातायात पुलिस विभाग के निर्देशन में चलाया जाएगा। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने बताया कि इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल, नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय अथवा राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

## योगाचार्य बगड़ी योग रत्न से सम्माति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिवाड़ा।** कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में भारतीय योग शिक्षक महासंघ द्वारा महर्षि पतंजलि योग र| सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें जाडन आश्रम के पूर्व योग आचार्य गजेन्द्र कुमार बगड़ी को योगर| अवार्ड से सम्मानित किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी फुलपुरी ने बताया कि योग के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए आयुष मंत्रालय की ओर से योग मास्टर उपाधि से योग शिक्षकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए योग र| से नवाजा जाता हैं। इसी कडी में योग शिक्षक गजेंद्र कुमार बगड़ी जो लम्बें समय से क्षेत्र में योग के प्रचार-प्रसार किया था। इस उपलब्धि पर खिंवाड़ा व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष तेजाराम चौधरी, अरावली क्षेत्रिय विकास समिति के राष्ट्रीय महासचिव केएम सुथार, स्वामी अवतारपुरी, स्वामी राजेंद्रपुरी, स्वामी प्रेमानंदपुरी, स्वामी योगेशपुरी, स्वामीनिरंजनपुरी, लक्ष्मणदानसिंह, सुरेश पंवार, देवीलाल, छगन मालवीय आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## जल भराव के स्थायी समाधान के लिए प्रदेश सरकार को भेजा प्रस्ताव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली शहर में प्रतिवर्ष भारी वर्षा के कारण जगह-जगह जल भराव हो जाने से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने से आमजन को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पाली जिला प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने इसके लिए बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर पाली शहर में वर्षा के समय जल भराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए जिला कलक्टर को निर्देशित किया गया था। जिस पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने इस गंभीर समस्या के समाधान को लेकर प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाया है। उन्होंने इसके लिए नगर निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन एवं राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से बैठक कर जिला प्रशासन को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि से जल भराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए चारों विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सर्वे कर 169.62 करोड़ का प्रस्ताव जिला प्रशासन को प्रस्तुत किया गया। जिस पर जिला कलक्टर मंत्री ने प्राप्त प्रस्तावों का आंकलन कर प्रदेश सरकार को भेजा गया।

## एवीएम में अभिभावक सम्मेलन आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक देसूरी में अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी भारत कुमार, माध्यमिक प्रधानाचार्य पुखराज ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आगाज किया। अतिथियों का परिचय प्राथमिक प्रधानाचार्य शेरसिंह सोलंकी ने करवाया। कार्यक्रम में शिशु वाटिका के विद्यार्थियों सांस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। पुखराज ने बालकों की रुचि व कुटुंब प्रबोधन की जानकारी दी। प्रधानाचार्य शेरसिंह सोलंकी ने विद्यालय की गतिविधियां एवं सह शैक्षणिक गतिविधियां की जानकारी दी। दीपिका गोस्वामी ने शिशु वाटिका की 12 व्यवस्थाओं की जानकारी दी। हिमांशु सेन, सुरेश कुमार, बेबी मेवाड़ा, वीना कुमारी, हेमा कुमारी, उषा कुमारी, कैलाश कंवर, संगीता का सहयोग रहा।

## डिस्कॉम की उप चौकियों पर लगे अतिरिक्त ट्रासंफार्मर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** फालना खंड के अधीन 33 केवी उपचौकी बिरामी उपखंड फालना/सांडेराव पर पूर्व में स्थापित ट्रांसफार्मर पर बढ़ते भार को लेकर एक अतिरिक्त 3.15 पावर ट्रांसफार्मर लगा कर चार्ज किया गया। यह फालना खंड के ही नाना उपखंड के 33 केवी चामुंडेरी और नाणा तथा फालना उपखंड के 33 केवी रमणीया उपचौकी के बाद इसी सीजन का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाकर यह खंड क्षेत्र का चौथा ऑग्मेंटेशन है। अधिशासी अभियंता निमेंद्रराजसिंह ने बताया कि कृषि कनेक्शन के बढ़ते लोढ़ के कारण यह योजना बनाई थी। जिससे भविष्य में लोड की समस्या से निजात पाया जा सके।



## गोचर पर हो रहे अवैध खनन को रोकने की मांग




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** गोचर भूमि पर आए दिन हो रहे अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सार्वजनिक सेवा समिति की ओर से पालिका इओ को ज्ञापन देकर इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। समिति ने बताया कि खुडाला की गोचर भूमि पर पिछले कई दिनों से अवैध खनन जारी है। जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष है। समिति ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे इस अवैध खनन को तुरंत रोकें अन्यथा ग्रामीणों का विरोध बढ़ता जाएगा। समिति के अध्यक्ष नेकाराम चौधरी ने बताया कि गोचर भूमि का अवैध खनन पर्यावरण के लिए हानिकारक है।

# अभिभावक सम्मेलन में किया सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक बाली में अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जिला सचिव सुरेश कुमार मालवीय, आदर्श शिक्षा संस्थान बाली एवं श्रीमती राजुल राजीव पूनिमया ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य हीरालाल कुमावत ने अतिथियों का सम्माना किया। मुख्यवक्ता मालवीय ने बताया कि देशभर में विद्या भारती के विद्यालय संचालित हो रहे हैं। जिनके माध्यम से बालकों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का भी पुनीत कार्य किया जा रहा है। अभिभावकों को बालक के विकास के लिए विद्यालय में समय समय पर आए और उसकी शैक्षिक प्रगति की जानकारी आचार्य प्रधानाचार्य से लेंवेद्ध विद्यालय में सह शैक्षणिक गतिविधियां भी आयोजित की जाती है। जिसमें विद्यार्थियों को भाग लेना चाहिए। श्रीमती राजुल राजीव पूनमिया ने मोबाइल के दुष्परिणामों को लेकर अभिभावको को जागरूक किया गया। इस अवसर पर 80 अभिभावक उपस्थित रहे। आचार्य सोहनलाल, सुश्री चित्रा नागर, निधि राजपुरोहित, नरेंद्र कुमार माली, तगाराम, बाबूसिंह राजपुरोहित, पुष्पेंद्रसिंह, भंवरलाल, गजेंद्र कुमार , भंवरलाल मारू, रमेश कुमार, दीपिका परिहार, दीपिका गोस्वामी, गुड्डी सुथार, जसोदा गोस्वामी, भाग्यवंती चारण, कांता राजपुरोहित, भरत कुमार उपस्थित रहे।






# विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) विक्रमसिंह भाटी ने बुधवार को सेठ मुकनचन्द बालिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली में महिलाओं और बच्चों के कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के उद्देश्य से साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। भाटी ने बताया कि न्याय पालिका इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि किसी भी नागरिक को गरीबी या पिछड़ेपन की वजह से न्याय से वंचित नहीं रखा जा सकता। इसी उद्देश्य से विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पात्र नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। भाटी ने नालसा पोर्टल, नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100, बालिकाओं के अधिकार, बाल-विवाह, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्य-स्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, परिवार में वरिष्ठ नागरिकों का महत्व, पोक्सो अधिनियम, महिलाओं के अधिकारों से जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी प्रदान की। अधिकार मित्र मांगीलाल तंवर ने नालसा व रालसा द्वारा जारी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्राचार्या सुनीता जोनवाल, प्रभारी विधिक साक्षरता क्लब अंबुज पचौरी, इंटर्नशिप विधि विद्यार्थी भव्य करणी भाटी, हर्षिता चौहान तथा गोपाराम आदि उपस्थित रहे। इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम-2025 के तहत पाली जिले में इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने आए विधि विद्यार्थियों द्वारा सेठ मुकनचन्द बालिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली में संचालित विधिक साक्षरता क्लब, अपना घर आश्रम पाली तथा मानसिक विमंदित गृह पाली की विजिट की गई। इस दौरान विक्रमसिंह भाटी ने इसकी सम्पूर्ण जानकारी दी।



# सेना के योगदान और वीरता पर हमें गर्व है: लखावत

**पूर्व सैनिक संगठन ने मनाया सेना दिवस**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पूर्व सैनिक संगठन की ओर से श्रीवैद सेन समाज बगेची में बुधवार को सेना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजसेवी भामाशाह अनोपसिंह लखावत ने कहा कि भारतीय सेना के योगदान और उसकी वीरता पर हमें गर्व है। विकट परिस्थितियों में भी हमारे लिए देश की सीमाओं पर डटे हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सहायक लोक अभियोजक एडवोकेट जुगल किशोर दवे ने कहा कि यह दिन भारतीय सेना की शौर्य गाथाओं और देश की सुरक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित करता है। विशिष्ट अतिथि भामाशाह जवरीलाल बोराणा रहे। सार्जेंट भुंडाराम चौधरी, सार्जेंट नाथूसिंह भाटी, कवि कथाकार डॉ रशीद गोरी, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अलारख शेख, सुरेश कुमार ओझा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का आगाज संस्था सचिव अशोक कुमार सेन ने स्वागत भाषण से किया। संचालन पूर्व खेल अधिकारी सत्तुसिंह भाटी ने किया। हवलदार कालूसिंह, सुबेदार चंदनसिंह, हवलदार रामचंद्र गहलोत, जोगसिंह, शायर कवि अब्दुल समद राही, सुरज मल परिहार, लक्ष्मी नारायण हवलदार भंवरसिह हवलदार पदमसिंह जैतावत आदि कई गणमान्य जन उपस्थित थे।



# नवीनोदय पथ का निकला संचलन

**स्वयंसेविकायें पूर्ण गणवेश में मिलाये कदम से कदम**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा शहर के बांगड़ महाविद्यालय खेल मैदान से नवीनोदय पथ संचलन निकाला गया। जो शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरा घोष की ताल के साथ पूर्ण गणवेश में सेविकाएं कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन किया। इस पथ संचलन का जगह जगह पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।



## » इस्कॉन के श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया उद्घाटन, बोले....

# 'भारत एक जीवंत धरती है'

### भारत किसी सीमा में बंधा भूमि का टुकड़ा नहीं, हमने सेवा भावना के साथ काम किया







**नवी मुंबई।** बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी ने नवी मुंबई में इस्कॉन के श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि आज ज्ञान और भक्ति की इस महान धरती पर इस्कॉन के प्रयासों से श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसे अलौकिक अनुष्ठान में अपनी भूमिका निभाने का पुण्य प्राप्त हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं अभी देख रहा था कि श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर परिषद की जो रूपरेखा है, इस मंदिर के पीछे जो विचार है, इसका जो स्वरूप है, उसमें अध्यात्म और ज्ञान की सम्पूर्ण परंपरा के दर्शन होते हैं। मंदिर में ईश्वर के विविध स्वरूपों के दर्शन होते हैं। मुझे विश्वास है कि ये मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को भी समृद्ध करने का एक पुण्य केंद्र बनेगा।

### प्रधानमंत्री ने किया गोपालकृष्ण गोस्वामी महाराज का जिक्र

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं इस पुनीत कार्य के लिए इस्कॉन के सभी संतों और सदस्यों को और महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आज इस मौके पर मुझे परम श्रद्धेय गोपालकृष्ण गोस्वामी महाराज का भावुक स्मरण भी हो रहा है। इस प्रोजेक्ट में उनका विजन जुड़ा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी अगाध भक्ति का आशीर्वाद जुड़ा हुआ है। आज वो भौतिक शरीर से भले ही यहां न हो, लेकिन उनकी आध्यात्मिक उपस्थिति हम सब महसूस कर रहे हैं।

### जनसामान्य की चेतना से जोड़ने का अनुष्ठान

पीएम मोदी ने कहा कि श्रील प्रभुपाद स्वामी ने उस समय वेद-वेदांत और गीता के महत्व को आगे बढ़ाया जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा था। उन्होंने भक्ति वेदांत को जनसामान्य की चेतना से जोड़ने का अनुष्ठान किया। आज दुनिया के हर कोने में करोड़ों लोगों को उनकी तपस्या का प्रसाद मिल रहा है। श्रील प्रभुपाद स्वामी की सक्रियता, उनके प्रयास आज भी हमें प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत केवल भौगोलिक सीमाओं में बंधा भूमि का एक टुकड़ा मात्र नहीं है। भारत एक जीवंत धरती है, एक जीवंत संस्कृति है और इस संस्कृति की चेतना है यहां का आध्यात्म! इसलिए, यदि भारत को समझना है, तो हमें पहले आध्यात्म को आत्मसात करना होता है।

### हमें हमेशा देश हित में काम किया

पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग दुनिया को केवल भौतिक दृष्टि से देखते हैं, उन्हें भारत भी अलग-अलग भाषा और प्रांतों का समूह नजर आता है। लेकिन जब आप इस सांस्कृतिक चेतना से अपनी अपनी आत्मा को जोड़ते हैं, तब आपको भारत के विराट रूप के दर्शन होते हैं। मुझे संतोष है कि हमारी सरकार भी सेवा भावना के साथ पूरे समर्पण से लगातार देशवासियों के हित में काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा, हर घर में शौचालय बनवाना, हर गरीब महिला को उज्ज्वला का गैस कनेक्शन देना, हर घर तक नल से जल की सुविधा पहुंचाना, हर गरीब को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देना, 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को इस सुविधा के दायरे में लाना, हर बेघर को पक्के घर देना, इसी सेवा भावना और समर्पण भाव के साथ किए गए कार्य हैं। जो मेरे लिए हमारी महान सांस्कृतिक परंपरा का प्रसाद हैं। पीएम मोदी ने कहा कि श्रील प्रभुपाद स्वामी ने उस समय वेद-वेदांत और गीता के महत्व को आगे बढ़ाया जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा था। उन्होंने भक्ति वेदांत को जनसामान्य की चेतना से जोड़ने का अनुष्ठान किया। आज दुनिया के हर कोने में करोड़ों लोगों को उनकी तपस्या का प्रसाद मिल रहा है। श्रील प्रभुपाद स्वामी की सक्रियता, उनके प्रयास आज भी हमें प्रेरित करते हैं।




### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबसे अधिक पानी वाला राज्य होगा राजस्थान

# जल संरक्षण का सामाजिक आंदोलन बन रहा 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### पहले प्याऊ बनवाते थे, अब धरती की प्यास बुझाने के लिए रिचार्ज स्ट्रक्चर बनवाएं : सी. आर. पाटिल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा है कि वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान सबसे अधिक पानी वाला राज्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन भी जल की एक-एक बूंद के महत्व को समझते हुए जल संचय में जुड़े, इस उद्देश्य से शुरू किया गया कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान अब एक जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बुधवार को राजकीय महाविद्यालय सांगानेर में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के वर्षा जल संचयन के कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि राज्य में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री ने राज्य को संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना (एकीकृत ईआरसीपी) के रूप में बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि 70 हजार करोड़ रुपये लागत की इस परियोजना में राज्य सरकारों पर मात्र 10 प्रतिशत ही वित्तीय भार आएगा और 90 प्रतिशत अंशदान केन्द्र सरकार देगी। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते से शेखावाटी क्षेत्र की जल समस्या का भी स्थायी समाधान हो जाएगा।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री पाटिल ने कहा कि राजस्थान के लोगों से अधिक पानी के महत्व को कोई नहीं समझ सकता है। पहले के समय में राजस्थानी लोग जहां भी जाते थे वहां प्याऊ बनवाते थे। लेकिन अब प्याऊ की जगह धरती की प्यास बुझाने के लिए वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनवाने की जरूरत है ताकि हर गांव का पानी गांव में, हर खेत का पानी खेत में और हर घर का वर्षा जल घर में ही जमीन में उतर सके। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनूठी संकल्पना 'कैच द रेन' से प्रेरित है। इस अभियान में राजस्थान में 45 हजार रैन वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर वर्ष 2027-28 तक बनाए जाने हैं, जो वर्षा का पानी संग्रहित कर भूमिगत पानी के स्तर को बढ़ाएंगे। देशभर में 10 लाख रैन वाटर रिचार्ज बोर के लक्ष्य के साथ चलाया जा रहा यह अभियान जन भागीदारी से जन आंदोलन में परिवर्तित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थान के उद्यमी और भामाशाहों को इस अभियान में जोड़ने के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरूआत में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्षा जल संचयन के कार्यों का विधिवत् भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल मंत्री कन्हैया लाल, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव पीएचईडी एवं भू-जल भास्कर ए. सावंत सहित जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



### 'बारिश आना जल संचय कार्यों के शुभारंभ के लिए शुभ संकेत'

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जल संचय के कार्यों के शुभारंभ के लिए बारिश आने से बेहतर और कोई शुभ संकेत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जल संसाधनों की सीमितता को देखते हुए वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोकना और संरक्षित करना आवश्यक है। इसी दिशा में 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से जल संचयन के कार्यों को सशक्त बनाने के इस अभियान में प्रवासी राजस्थानियों का भी अहम सहयोग प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार और जन भागीदारी के साझा प्रयासों से सांगानेर जल संरक्षण और संवर्धन के लिए एक आदर्श बनेगा। इसी तरह प्रदेश के हर कोने में जल संचयन के कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक, गांव, पंचायत, कस्बा और शहर इस अभियान का हिस्सा बने और जल संरक्षण के इस पुनीत कार्य में योगदान दे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रवेश वर्मा के खिलाफ आयोग की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा खुलेआम सड़कों पर जूते बांट रहे। उसका फोटो और वीडियो बनवा रहे। इस मामले पर अब जिला निर्वाचन अधिकारी (नई दिल्ली) ने कार्रवाई शुरू की है। 'आप' ने प्रवेश वर्मा द्वारा जूते बांटने पर आपत्ति जताई थी और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की थी।

### परोल पर बाहर आएगा ताहिर हुसैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को कड़कड़डूमा कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अनुमति दी है। अगर 16 जनवरी को नामांकन दाखिल नहीं हो पाता, तो कोर्ट ने 17 जनवरी को भी नामांकन दाखिल कराने का आदेश दिया है। ताहिर हुसैन दिल्ली की मुस्फाबाद सीट से एआईएमआईएम का उम्मीदवार है।

### ऑटो रिक्शा बस, कार से टकराया, तीन की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में बुधवार सुबह एक ऑटो-रिक्शा ने एक बस और कुछ अन्य वाहनों को टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह एक्सीडेंट मुंबई-आगरा नेशनल हाइवे पर शाहपुर के घोटेघर गांव में खिनावली पुल के पास सुबह 4.15 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि ऑटो-रिक्शा ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया था, जिसके कारण रिक्शा डिवाइडर से टकराया, फिर लेन से बाहर निकल गया और उल्टी दिशा से आ रही एक बस, दो कारों और एक टेम्पो से टकरा गया।

### राशन घोटाला : ज्योतिप्रिय मलिक को मिली जमानत

**कोलकाता।** कोलकाता की एक कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को राशन घोटाले मामले में जमानत दे दी है। राशन घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय जांच कर रही है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट कोर्ट ने 50 लाख रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दी है। 2011 से 2021 तक खाद्य और आपूर्ति विभाग संभालने वाले मलिक को ईडी ने 27 अक्टूबर 2023 को कोलकाता की साल्ट लेक स्थित घर से गिरफ्तार किया था।

# सोनिया गांधी ने नए कांग्रेस मुख्यालय का किया इनॉगरेशन, 252 करोड़ रुपए खर्च



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी भवन 9ए, कोटला रोड, नई दिल्ली यह कांग्रेस पार्टी का नया पता है। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बुधवार को इसका उद्घाटन किया। करीब 46 साल बाद पार्टी ने अपना पता बदला है। इससे पहले पुराना ऑफिस 24, अकबर रोड था। नए ऑफिस की आधारशिला 2009 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी ने रखी थी। यह भाजपा मुख्यालय से 500 मीटर दूर है। इसे बनने में 252 करोड़ रुपए लगे। भाजपा दफ्तर डेढ़ साल में बना था। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने 2019 में कहा था कि भाजपा मुख्यालय 700 करोड़ में बना है। भाजपा देशभर में 768 ऑफिस बना रही है। इनमें से 563 ऑफिस बनकर तैयार हैं, जबकि 96 पर काम चल रहा है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पिछले साल अगस्त में इसकी जानकारी दी थी। जब यही सवाल हमने कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर अमरीश रंजन से की तो उन्होंने बताया कि दिल्ली के अलावा, हर राज्य और जिले में पार्टी दफ्तर हैं। कुछ ब्लॉक ऑफिस भी हैं। लेकिन उन्हें नंबर नहीं पता।

### भाजपा की वजह से दूसरी बार एंट्री पॉइंट बदला

कांग्रेस के नए ऑफिस का मेन एंट्रेंस बदल सामने नहीं, बल्कि पीछे के दरवाजे से है। इसकी वजह भाजपा है। दरअसल, ऑफिस का फ्रंट एंट्रेंस दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर है। ऐसे में एड्रेस पर यह नाम आता, इसलिए पार्टी ने फ्रंट एंट्रेंस के बजाय बैकडोर एंट्री यानी पिछले दरवाजे से एंट्रेंस चुना, जो कोटला रोड पर खुलता है।

### मेटा ने भारत से मांगी माफी, कहा...

## 'अनजाने में हुई गलती'

**नई दिल्ली।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के बयान पर कंपनी ने माफी मांगी है। जुकरबर्ग ने एक निजी चैनल 'द जो रोगन एक्सपीरिएंस' के साथ किए गए पॉडकास्ट में पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव के बारे में गलत जानकारी शेयर की थी। इसे लेकर भारतीय संसदीय कमिटी ने मेटा को समन करने का फैसला किया था। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। मेटा ने मार्क जुकरबर्ग के इस बयान को 'अनजाने में की गई गलती' बताते हुए माफी मांगी है।

अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर मेटा इंडिया के हेड शिवनाथ ठुकराल ने माफी मांगते हुए कहा कि मार्क जुकरबर्ग का बयान उन सभी सत्तारूढ़ पार्टियों के लिए था, जो 2024 में दोबारा सत्ता में वापस नहीं आए। यह भारत के लिए नहीं था। हम इसे अनजाने में की गई गलती का माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेटिव भविष्य के केन्द्र में रहने की कामना करते हैं।

# झंवर थानाधिकारी 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### कांस्टेबल को भेजा था रिश्वत लेने



**जोधपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने जोधपुर शहर में बड़ी कार्रवाई करते हुए झंवर थाना अधिकारी को 50000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ की अगुवाई में यह कार्रवाई जोधपुर के पाल रोड स्थित पासपोर्ट कार्यालय के पास बुधवार शाम को की गई।

राठौड़ ने बताया कि थाना अधिकारी मूलाराम चौधरी ने झंवर परिवादी के खिलाफ थाने में दर्ज एक मामले को रफा-दफा करने के लिए 50 हजार की रिश्वत की मांगने का आरोप लगाया। 17 दिसंबर को सत्यापन के बाद कई दिनों से पीछा किया जा रहा है। मंगलवार को दूसरी बार परिवादी को थाने भेजकर सत्यापन करवाया गया। इस दौरान थानाअधिकारी ने 4000 रुपए भी लिए।

बुधवार को थानाधिकारी ने परिवादी से संपर्क किया। उसके पाल रोड स्थित कार्यालय पहुंचा। परिवारी से मिलने के बाद उसे कहा कि रुपए थाने की गाड़ी में लाकर दो। परिवादी अपने ऑफिस से निकलकर 50000 रुपए का बंडल लेकर थाने की जीप में बैठे मूलाराम चौधरी के पास गया और नोट थमा दिए। इसके तुरंत बाद एसीबी की टीम ने थाना अधिकारी को दबोच लिया और परिवादी के कार्यालय में ही कार्रवाई शुरू की।

थानाधिकारी ने परिवादी से रिश्वत लेने के लिए कई बार कांस्टेबल को भेजा, लेकिन परिवादी ने देने से इनकार कर दिया। बुधवार को भी कांस्टेबल आया, लेकिन परिवादी ने फिर उसे रवाना कर दिया। जिसके बाद मूलाराम खुद परिवादी के ऑफिस पहुंचा। जैसे ही उसने रिश्वत की राशि ली, आसपास मौजूद एसीबी के जवानों ने उसे दबोच लिया।

# कश्मीर में ट्रेन चलाने की मंजूरी

### ब्रॉड गेज रेल लाइन पर चलेगी पैसेंजर ट्रेन

## उत्तरी सर्कल के रेल संरक्षा आयुक्त ने दी अनुमति



**कश्मीर।** कश्मीर में ब्रॉड गेज रेल लाइन पर पैसेंजर ट्रेन चलाने की मंजूरी मिल गई है। कश्मीर को रेल रूट से जोड़ने के प्रोजेक्ट पर काम 1997 में शुरू हुआ था। उत्तरी सर्कल के रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) दिनेश चंद देशवाल ने कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली नवनिर्मित बड़ी (ब्रॉड गेज) रेल लाइन पर यात्री रेलगाड़ियों को चलाने की मंगलवार को अनुमति दे दी। सीआरएस ने करीब एक सप्ताह पहले उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के कटरा-रियासी सेगमेंट का दो दिवसीय निरीक्षण किया था, जिसके बाद अब यह मंजूरी दी गई है। सीआरएस ने सात और आठ जनवरी को अपने विस्तृत निरीक्षण के आधार पर संबंधित मंत्रालय और मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त सहित रेलवे अधिकारियों को सात पन्नों के पत्र में मालगाड़ी और यात्री रेलगाड़ियों को चलाने की अनुमति दे दी है। यह इस बहुप्रतीक्षित महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने का संकेत है।

## शीतलहर को देखते हुए स्कूली बच्चों को राहत

### 8वीं क्लास तक के बच्चों का आज रहेगा अवकाश

**जयपुर।** जयपुर में तेज सर्दी को देखते हुए जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने छोटे बच्चों के स्कूलों की छुट्टी घोषित की है। वहीं, बड़े बच्चों के स्कूल टाइमिंग में बदलाव किया है। ये आदेश केवल 16 जनवरी के लिए लागू है। कलेक्टर से जारी निर्देश के मुताबिक शीतलहर को देखते हुए क्लास 1 से 8वीं तक के बच्चों का 16 जनवरी को अवकाश रहेगा। वहीं, कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के स्कूल का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 तक रहेगा। अभी स्कूलों में कक्षा 9 से 12वीं तक के बच्चों के लिए टाइमिंग सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक की है। ये आदेश जिले के सभी सरकारी और गैर राजकीय स्कूलों के लिए मान्य होंगे।

# सेना दिवस परेड में पहली बार शामिल हुए रोबोटिक डॉग्स



**पुणे।** भारतीय सेना ने बुधवार को महाराष्ट्र के पुणे में 77वां आर्मी डे मनाया। पुणे के बॉम्बे इंजीनियर्स ग्रुप और सेंटर परेड ग्राउंड में आर्मी डे परेड हुई। इसके साथ ही यह लगातार तीसरा साल है, जब सेना दिवस की परेड दिल्ली के बाहर हुई है। 2023 में आर्मी डे बेंगलुरु में, जबकि पिछले साल उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मनाया गया था। परेड में अलग-अलग रेजिमेंटल सेंटर्स से 8 मार्चिंग कंटिंजेंट ने मार्च पास्ट किया। इनमें बेलगावी का मराठा रेजिमेंटल सेंटर, नासिक का आर्टिलरी सेंटर, सिकंदराबाद का आर्मी ऑर्डिनेंस रेजिमेंटल सेंटर, अहिल्या नगर का मेकनाइज्ड इंफेंट्री रेजिमेंटल सेंटर, वेलिंगटन का मद्रास रेजिमेंटल सेंटर, खड़की का बीईजी सेंटर और आर्मी सर्विस कॉर्प्स हॉर्स कंटिजेंट का घुड़सवार दल शामिल था। पहली बार आर्मी डे परेड में दो विशेष कंटिंजेंट ने भाग लिया। इनमें कॉर्प्स ऑफ मिलिट्री पुलिस का महिला अग्निवीर कंटिंजेंट और महाराष्ट्र डायरेक्टोरेट का गर्ल्स एनसीसी कंटिंजेंट शामिल हुआ। इसके साथ ही पहली बार 12 रोबोटिक डॉग्स ने भी परेड में भाग लिया।

आर्मी डे सेलिब्रेशन में 52 अवॉर्ड भी दिए गए। इसमें 15 सेना मेडल (वीरता) शामिल थे, जिनमें 8 मरणोपरांत प्रदान किए गए। इसके अलावा विभिन्न कमांड के यूनिट्स के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए 37 चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ यूनिट प्रशंसा पुरस्कार दिए गए।

## दिल्ली में चुनाव प्रचार करेंगे सीएम भजनलाल शर्मा

### प्रधानमंत्री मोदी के साथ स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची में 40 नेताओं के नाम शामिल किए गए हैं। पीएम मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह स्टार प्रचारक होंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली चुनाव में स्टार प्रचारक होंगे। डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। बता दें कि आगामी दिनों में सीएम भजनलाल शर्मा के दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए जाने के कार्यक्रम तय होंगे।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com